रांची एक्सप्रेस 61 साल से लगातार... । जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-247 रांची | सोमवार 29 अप्रैल 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.

## कल्पना सोरेन गांडेय विस सीट से आज करेंगी नामांकन



**रांची ।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इससे पूर्व उन्होंने रविवार को झामुमो पार्टी प्रमुख और सांसद और ससुर शिबू सोरेन तथा सास रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए कल्पना ने लिखा कि आंदोलन, संघर्ष और शहादत से बने विशाल वृक्ष का नाम है झामुमो। झारखंडवासियों के हक-अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले संघर्ष का नाम है झामुमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने उन्हें गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। उपचुनाव के लिए झामुमो के तीर-कमान की शक्ति के साथ कल (सोमवार) नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व आज बाबा, मां और दीदी का आशीर्वाद लिया। कल्पना ने लिखा है कि वे झामुमो की सिपाही के रूप में झारखंड और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के हक-अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करेंगी। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद के साथ आने वाले वक्त में गांडेय की तस्वीर बदली जाएगी। उल्लेखनीय है कि गांडेय सीट से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक थे। ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी के दौरान सरफराज ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पिछले दिनों वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए।

# राजाओं को गालियां देते हो और सुल्तानों पर बोलती बंद

● कर्नाटक में राहुल को शहजादा बता खूब बरसे पीएम मोदी



**बेलगावी (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'राजा-महाराजा' वाले बयान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, भारत के महाराजा अत्याचारी थे। ये गरीबों की जमीन झीन लेते थे। जब मर्जी तब उसे हड़प लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति जी महाराज और रानी चिनम्मा जैसे महान व्यक्तित्व का अपमान किया है। इनका सुशासन, इनकी देशभक्ति आज भी हम सबको प्रेरित करती है। क्या शहजादे को यह पता है। पीएम मोदी ने सवाल किया कि क्या शहजादे को मैसूर राजघराने का योगदान पता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का बयान सोच-समझकर वोट बैंक की राजनीति करने के लिए दिया गया। उन्होंने कहा, शहजादे ने तो राजा-महाराजा को बुरा-भला कह दिया लेकिन भारत के इतिहास में जो अत्याचार नवाबों ने किए, निजामों ने किए, सुल्तानों ने किए... उनकी बात पर तो शहजादे के मुंह पर ताला लग जाता है। बता दें कि राहुल गांधी ने कहा था, राजाओं-महाराजाओं का राज रहा। जो भी वो चाहते, कर देते थे। किसी की जमीन चाहिए तो उसे हड़प लेते थे। कांग्रेस पार्टी और हमारे कार्यकर्ताओं ने देश की जनता के साथ मिलकर आजादी प्राप्त की, लोकतंत्र लेकर आए और संविधान दिलवाया। नरेंद्र मोदी ने गुस्से भरे लहजे में कहा कि राजा-महाराजाओं को गालियां दे रहे हो, उनको अपमानित करते हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की मानसिकता अब खुलकर देश के सामने आ रही है। उन्होंने कहा, हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार ऐक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टीकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उनके लिए नेहा जैसी बेटियों की जिंदगी की कीमत नहीं है, उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। बेंगलुरु के कैफे में बम धमाका हुआ तो भी गंभीरता नहीं आई, उन्होंने यहां तक कह दिया कि गैस का सिलेंडर फटा होगा। कांग्रेस देश की जनता के आंखों में धूल क्यों झोंक रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है लेकिन कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर उन्हें शर्म आने लगी है।

## एएपी के 'जेल का जवाब वोट से' गाने पर लगा ब्रेक

● ईसी का आदेश-कैंपेन सॉन्ग बदले, इससे न्यायपालिका की छवि खराब हो रही



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने अपने पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी (आप) के कैंपेन सॉन्ग जेल का जवाब वोट से देंगे पर रोक लगा दी है। रविवार को केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि यह पहली बार हुआ होगा कि किसी राजनीतिक पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर चुनाव आयोग ने रोक लगाई है। हमारे कैंपेन सॉन्ग में कहीं पर भी आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी को केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 और ईसी के दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित विज्ञापन कोड के अनुसार अपने चुनाव कैंपेन गीत की सामग्री को संशोधित करने और संशोधन के बाद फिर से सर्टिफिकेशन के लिए सबमिट करने के लिए कहा है। इस पर आम आदमी पार्टी ने कहा कि बीजेपी की तरफ से चुनावी आचार संहिता की रोज धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

# राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के लिए छह टीमें पहुंचीं रांची

**रांची में 30 अप्रैल से पहली महिला हॉकी लीग, आठ टीमें लेंगी हिस्सा**




**रांची ।** मोरहाबादी का मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम एक बार फिर गुलजार होने वाला है। यहां 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग होगी, जो नौ मई तक चलेगी। इस लीग में देशभर के आठ राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। मैच खेलने के लिए ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर की टीमें रविवार को रांची पहुंची हैं। बहुप्रतीक्षित देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता के प्रथम चरण के मैच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में नौ मई तक आयोजित होने हैं। इस राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के आयोजन में अंडर-21 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को उचित मंच देना है। साथ ही देश के लिए अगली पंक्ति को तैयार करना है। प्रत्येक दिन चार मैच खेले जायेंगे। पहला मैच सुबह सात बजे से जबकि दूसरा मैच शाम चार बजे से, तीसरा मैच शाम छह बजे से और चौथा मैच रात आठ बजे से खेले जायेंगे। 30 अप्रैल, एक मई, चार मई, पांच मई, सात मई और नौ मई को मैच खेले जायेंगे। तीन मई, छह मई और आठ मई को विश्राम दिवस होगा। मैचों का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जायेगा। लीग का उद्घाटन 30 अप्रैल को होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान, विशिष्ट अतिथि राज्य के खेल सचिव और खेल निदेशक होंगे। लीग में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क होगा। मैच में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीमें शामिल होंगी।

# आरक्षण का समर्थक है आरएसएस झूठे वीडियो फैलाते हैं लोग:भागवत

**लोकसभा चुनाव के बीच आरक्षण को लेकर संघ प्रमुख की दो टूक**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने लोकसभा चुनावों के बीच आरक्षण पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि संघ परिवार ने कुछ समूहों को आरक्षण देने का कभी विरोध नहीं किया है। हैदराबाद में एक शैक्षणिक संस्थान में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि आरक्षण तब तक दिया जाना चाहिए जब तक कि इसकी जरूरत है। आरक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बाद भागवत ने यह टिप्पणी की है। मोहन भागवत ने कहा कि आरक्षण और संघ को लेकर फेक वीडियो फैलाया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि इस बारे में हम बाहर नहीं बोल सकते हैं। यह सब पूरी तरह से झूठ है। आरएसएस प्रमुख भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि भेदभाव समाज में व्याप्त है, भले ही यह दिखाई नहीं देता हो। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के कई नेताओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से स्पष्ट है कि उनका मकसद संविधान बदलना है। ऐसा करके वे देश का लोकतंत्र तबाह करना और दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण छीन कर उनकी भागीदारी खत्म करना चाहते हैं।

## ओडिशा में नहीं है एकतरफा चुनाव, अबकी फंसी बीजेडी

**सम्बलपुर (एजेंसी)।** ओडिशा में पिछले लगभग ढाई दशक से निर्बाध राज कर रहे बीजद नेता मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को इस चुनाव में पहली बार कड़ी चुनौती मिल रही है। भाजपा द्वारा उठाए गए ओडिशा अस्मिता के मुद्दे की यहां पर खासी चर्चा है और लोग नवीन पटनायक के आसपास के लोगों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा को राज्य में अपनी जड़ें जमाने का मौका मिल गया है और पहले ही दूसरे नंबर की पार्टी बन चुकी भाजपा अब सत्ता के लिए भी दम ठोक रही है। यही कारण है कि राज्य में एक साथ हो रहे लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बीजद के चुनाव चिह्न शंख और पद्म (कमल को उड़िया में पद्म कहा जाता है) में जोरदार जोर आजमाइश है। ओडिशा की राजनीति अन्य राज्यों की तरह बहुत ज्यादा तोड़फोड़ और उठापटक वाली नहीं रही, लेकिन इस चुनाव में बीजद के कई प्रमुख नेताओं ने पार्टी छोड़ी और भाजपा का दामन थाम लिया।




● पांडियन को घेर सीएम पटनायक को चुनौती दे रही भाजपा

## इतनी गर्मी में लोग नहीं डाल रहे वोट, टाइमिंग बदलो

● चुनाव आयोग की शरण में पहुंची कांग्रेस, की समय बदलने की मांग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। आगामी 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होना है। लोकसभा चुनाव के लिए पहले दो चरणों में कम मतदान ने राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग को चिंता में डाल दिया है। इसके पीछे की बड़ी वजह भीषण गर्मी और लू का कहर माना जा रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी भयंकर गर्मी को देखते हुए कई राज्यों में अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग से मतदान का समय बढ़ाने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि मौसम विभाग की गाइडलाइन्स के मुताबिक, जनता से दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच घरों से बाहर न निकलने की अपील की जा रही है। तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग (ईसी) से निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान करने का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक बढ़ाने का शनिवार को अनुरोध किया है।

## जीत का 'छक्का' लगाने चुनावी पिच पर उतरे अधीर!

**बंगाल में 'दादा' का है बड़ा क्रेज, लोग बुलाते हैं-रॉबिनहुड**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 में पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट पर इस बार काफी रोचक मुकाबला है। यहां विपक्षी गठबंधन में ही कांटे का मुकाबला है।



एक तरह 'दादा' निकनेम से प्रसिद्ध कांग्रेस नेता और बहरामपुर के सिटिंग सांसद अधीर रंजन चौधरी हैं, जो कई बार सदन में बोलते हुए अपना धीरज खोते नजर आए, लेकिन पश्चिम बंगाल की बेहद कठिन राजनीतिक लड़ाई में उन्होंने कभी अपना धैर्य नहीं खोया। वो यहां से पांच बार सांसद रह चुके हैं। इस बार उनके खिलाफ टीएमसी प्रत्याशी और टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर क्षेत्र में बेताज बादशाह कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ही हैं। यहां से वह लगातार पांच चुनाव जीत चुके हैं और इस बार जीत की डबल हैट्रिक के लिए मैदान में हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी झारखंड के चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**रांची ।** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। राज्य में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू चुनाव होने हैं। एनडीए और इंडी गठबंधनों ने सभी 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। साथ ही दोनों गठबंधन ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी तीन मई कोकोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। चार मई को सुबह 9:30 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन दोपहर 12:30 से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## चुनाव के बीच दिल्ली में अरविंदर ने फोड़ा 'इस्तीफा' बम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली कांग्रेस के कैप्टन ने रिजाइन कर दिया है। लोकसभा चुनाव जैसे बड़े मैच से पहले कैप्टन के रिजाइन से पार्टी सकते में है। खबर है कैप्टन साहब टीम में अपनी अनदेखी से नाराज से थे। इसके साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी से गठबंधन के आलाकमान के निर्णय पर भी सवाल उठाए हैं।

## एनएसजी से लेकर नेवी कमांडो तक होंगे और ताकतवर!

● जर्मनी ने हटाया प्रतिबंध,अब आसानी से हथियार मंगा सकेगा भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जर्मनी ने भारत के लिए हथियारों की बिक्री से प्रतिबंध हटा लिया है। जर्मनी ने कहा है कि वह भारत को अपवाद के तौर पर मानते हुए छोटे हथियारों की बिक्री पर से प्रतिबंध हटा रहा है। यूरोपीय देश का ये कदम भारत के साथ उसके बढ़ते रणनीतिक और सैन्य संबंधों को दर्शाता है। इससे पहले जर्मनी का अपना एक नियम था। उसने गैर-नाटो देशों को छोटे हथियारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया था। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के हवाले से लिखा है कि जर्मनी से छूट मिलने के बाद भारत अब अपनी सेना और राज्य पुलिस बलों के लिए छोटे हथियारों को खरीद सकता है।

# मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए करें प्रेरित : रवि कुमार



**गिरिडीह ।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र और गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मध्य विद्यालय अहिल्यापुर स्थित मतदान केन्द्र संख्या 292, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुतरिया, गांडेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 298, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जौरासीमर, गाण्डेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 300 एवं पंचायत सचिवालय, जामजोरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 305 का निरीक्षण किया। रवि कुमार ने मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ से बातचीत कर बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी), ऐबसेंट, शिफ्टेड एवं मृत (एएसडी) सूची के अद्यतन किए जाने और वॉलेंटियर के चयन की जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्र पर उपस्थित मतदान केन्द्र जागरुकता समूह के सदस्यों, वॉलेंटियर, रसोईया से बात कर मतदान के दिन उनके दायित्वों के संबंध में पूछताछ की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि वे मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। रवि कुमार ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर सेवाकार्य में लगाये गये हैं। नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए मतदान केन्द्र जागरुकता समूह बनाया गया है। उन्होंने सभी को पूरी संवेदनशीलता के साथ सजग रहते हुए जिम्मेदारी के निर्वहन का निर्देश दिया। रवि कुमार ने मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन आकर मतदान करने में अक्षम मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली और घर से मतदान की प्रक्रिया के संबंध में पूछताछ की। इसके अलावा मतदान केन्द्र पर शौचालय, रैंप आदि न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान गिरिडीह के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते, निर्वाची पदाधिकारी 31 गांडेय गुलाम समदानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महादेव चटर्जी के कविता संग्रह का किया गया विमोचन



**कतरास***= भारतीय क्लब कतरास के सदस्य सह पूर्व शिक्षक महादेव चटर्जी द्वारा बंगला भाषा मे रचित दो कविता संग्रह पुस्तकों( काली माटिर एवं शेष प्रश्नों) का विमोचन रविवार की संध्या भारतीय क्लब कतरास में किया गया. इससे पहले क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय निमाई दा के शोक में शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. जिसमें भारतीय क्लब के उपस्थित सभी सदस्यों ने निमाई दा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया. वहीं पुस्तक विमोचन करते हुए महादेव चटर्जी ने लिखी गई पुस्तक के संदर्भ म3 विस्तार से चर्चा की. इसके पश्चात राजेन्द्र प्रसाद राजा, अधिवक्ता व धनबाद बार एशोसिएशन के पूर्व महासचिव दीपनारायण भट्टाचार्य, प्रभात मिश्रा आदि कई वक्ताओं ने भारतीय क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष स्व0 निमाई दा के समाज मे दिए गए योगदान को याद किया तथा समाज मे बंगला भाषा की महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक महादेव चटर्जी ने एवं कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र प्रसाद राजा ने की. मौके पर महादेव चटर्जी, उमेश ऋषि, सकलदेव प्रमाणिक, अनूप कुमार चक्रवर्ती, जयेश चावड़ा, सुब्रत, अमित चक्रवर्ती, कंचन चटर्जी, सोनु शर्मा, राजकुमार प्रामाणिक, पिंटू, जय मजूमदार, धीरेंद्र बर्मन, सुमित बनर्जी, नरेश दास, रामचन्द्र पासवान, राजेन्द्र प्रसाद राजा, अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य, प्रभात मिश्रा, मोहम्मद के हुसैन, मोहम्मद शौकत खान, दिलीप पंडित, त्रिवेणी रवानी आदि उपस्थित थे.

# भारतीय जनता पार्टी धनबाद सदर के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न




**धनबाद /** भारतीय जनता पार्टी धनबाद सदर के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक बैठक मंडल अध्यक्ष निर्मल प्रधान की अध्यक्षता में प्रियांशी होटल में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा की 30 अप्रैल को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी उपस्थित रहेंगे। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। नामांकन और जनसभा दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इन दोनों की सफलता के लिए आप सभी संकल्पित होकर लग जाए। आप सभी प्रयास करें की नामांकन और जनसभा में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक उपस्थित हो। शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक और सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख की उपस्थिति के लिए आप सभी संकल्पित होकर लगे।2024 का लोकसभा चुनाव सिर्फ एक सरकार नहीं, बल्कि विकसित भारत के लिए है। लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा की अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण से भाजपा 2024 में हैट्रिक लगाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विकास की किरण जन-जन तक पहुंची है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा की सफलता धनबाद लोकसभा से भाजपा के विजय की नींव रखेगी। लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के साथ-साथ पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाने का भी काम किया है। आज भारतीय जनता पार्टी के साथ पूरा देश खड़ा है। इसलिए भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतों से जिताकर संसद में भेजने का काम करिए और प्रधानमंत्री के हाथों को और अधिक मजबूत करिए।महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि 30 तारीख को होने वाले नामांकन और जनसभा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी धनबाद सदर मंडल की अधिक से अधिक उपस्थित हो इसके लिए आप सभी प्रयास करें।विधानसभा प्रभारी हरिप्रकाश लाटा जी ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे कार्यकर्ता जन-जन के कल्याण और राष्ट्रोत्थान का संकल्प लेकर आगे बढ़े और धनबाद मे भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने के लिए कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मिल्टन पार्थसारथी और उमेश सिंह ने तथा सदर महामंत्री राजाराम दता ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश राही,राजकुमार अग्रवाल,जिला महामंत्री नीतिन भट्ट जी,जिला उपाध्यक्ष संजय झा,मानस प्रसून,विकास सिंहा,आला पाल,दीपक सिंह,सत्येंद्र मिश्रा,श्रवण झा अखिलेश झा,संजय मुखर्जी,रीता प्रसाद,रमा सिंहा,पूनम अचिंत्य,बेबी राजू सिंह, बसंती देवी, रामजी मिश्र, उदय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा चास दक्षिणी मंडल की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन




**चास=** भाजपा चास दक्षिणी मंडल में मंडल अध्यक्ष टिंकू तापड़िया की अध्यक्षता में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी , धनबाद लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी ढुल्लू महतो ,बोकारो विधायक बिरंची नारायण ,धनबाद लोकसभा के सह संयोजक रोहित लाल सिंह ,बोकारो विधानसभा के प्रभारी शेखर अग्रवाल ,जिला अध्यक्ष जयदेव राय ,बोकारो विधानसभा की सह संयोजक डॉक्टर परिंदा सिंह , सहित कई अन्य गणमान्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि इस बार भाजपा का 400 सीट आएगी तथा नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। धनबाद लोकसभा सीट पर भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी तथा कांग्रेस पार्टी का जमानत जप्त होगा। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी कहीं भी टक्कर में नहीं है ।कांग्रेस पार्टी के लोग कांग्रेस को छोड़कर भाजपामें शामिल हो रहे है। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के मनोज राय , कन्हैया पांडे समेत कई लोग भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर मंतोष ठाकुर, धीरज झा, चितरंजन शर्मा,राहुल कृष्णा ,समेत भाजपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नामांकन से चुनाव समाप्ति तक एसएसटी, एफएसटी रहे अलर्ट - उपायुक्त




**धनबाद /** नामांकन से लेकर चुनाव की समाप्ति तक स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) अलर्ट रहकर अपने कर्तव्य का निर्वाहन करें। एसएसटी स्थान बदल बदल कर चेक नाका लगाए। हर वाहनों की गहराई से जांच करें। धनबाद, झरिया एवं बाघमारा में विशेष सतर्कता बरते। चुनाव के दौरान धन बल का प्रयोग नहीं हो, यह सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने रविवार की संध्या न्यू टाउन हॉल में एसएसटी एवं एफएसटी के साथ आयोजित बैठक में दिया।

उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही राजनीतिक गतिविधियां बढ़ेगी। एसएसटी टीम 50000 रुपए से अधिक नगद राशि, भारी मात्रा में शराब, ड्रग्स, हथियार, गोला बारूद सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने या डराने - धमकाने के लिए प्रयोग की जानी वाली वस्तुओं की बारीकी से जांच करेगी। जांच में ऐसी वस्तु मिलने पर उसे जब्त करेगी। वहीं 10 लख रुपए से अधिक की नगद राशि मिलने पर आयकर विभाग को सूचित करेगी।

उपायुक्त ने कहा कि ड्यूटी के दौरान टीम का कोई भी सदस्य लापरवाही नहीं बरतेंगे। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे।

बैठक के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि फ्लाइंग स्क्वायड टीम को हमेशा भ्रमणशील रहना है। जांच के दौरान प्रतिबंधित वस्तु मिलने पर उसकी पूरी वीडियोग्राफी करनी है। कोई भी ऐसी सामग्री जिससे चुनाव प्रभावित हो सकता है या मतदाताओं को प्रलोभन दिया जा सकता है उसे जब्त करना है। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन ने 63 एसएसटी का गठन किया है। जिसमें धनबाद, झरिया व बाघमारा के लिए 12 - 12 तथा टुंडी, निरसा व सिंदरी के लिए 9 - 9 टीम है। टीम तीन शिफ्ट में चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगी। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एसडीओ उदय रजक, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, डीएसपी मुख्यालय 2 संदीप कुमार गुप्ता, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# केंदुआ में मासस की बैठक सम्पन्न



**केंदुआ,** 28 अप्रैल मार्क्सवादी समन्वय समिति की एक बैठक केंदुआ, मछली पट्टी में नरेश पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई द्य बैठक में मुख्य रूप से मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे द्य बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया की मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह धनबाद लोक सभा के मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी आगामी एक मई को नामांकन दाखिल करेंगे, जिसमें केंदुआ क्षेत्र से सैकड़ों मासस कार्यकर्त्ता शामिल होंगे द्य मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा की धनबाद लोकसभा से मासस उम्मीदवार जगदीश रवानी की जीत ऐतिहासिक होगी द्य मासस जमीनी स्तर पर कार्य कर रही हैं द्य कार्यकर्ताओं का दृढ संकल्प एंव एकता का परिचय ही मासस की पहचान हैं द्य मासस नेता नरेश पासवान ने कहा की मासस गरीब,दलित, पिछड़ो की आवाज हैं मासस की जीत गरीबो की जीत हैं एंव माफियाओं की हार हैं

बैठक में मुख्य रूप से सुरेश पासवान, भोला ताम्रकार,दीपक गुप्ता, प्रकाश पासी, मोहमद रियाज अंसारी, ओरंगजेब खान, बजरंगी गोराई, अनिल साव, अजय हाड़ी, सूरज साव, अनिल बर्णवाल, रवि मालाकार, चंद्रमोली पांडेय आदि शामिल थे

## शपथ पत्र

मैं, रीता देवी (आधार संख्याः 6402 5328 2059) पति- श्री श्रवण मोदी उम्र लगभग 48 वर्ष धर्म हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय, निवासी साहू कॉलोनी, गोला रोड, चट्टी बाजार, रामगढ कैंट डाक, थाना वो जिला- रामगढ (झारखण्ड) शपथ पत्र संख्या 1836, दिनांक - 27-04-2024 के अनुसार घोषणा करती हूँ कि :-

1. यह कि, मैं ग्राम साहू कॉलोनी, गोला रोड, चट्टी बाजार, रामगढ कैंट डाक, थाना वो जिला- रामगढ (झारखण्ड) का निवासी हूँ।

2. यह कि मैंने दिनांक- 20.03.2023 को बेबी देवी पति विजेंद्र कुमार एवं स्वीटी देवी पति राजीव रंजन से जमींन खरीदी थी जिसका खाता नंबर- 129 प्लाट नंबर 369 रकवा- 1½ डिसमिल एवं रकवा- 1½ डिसमिल कुल रकवा 03 डिसमिल जो की केवाला दो डीड से हासिल है।

3. यह कि लिंक डीड ओरिजिनल (1) डीड संख्या- 156 दिनांक : 13.01.2012 रकवा- 1 1/2डिसमिल खाता नंबर- 129 प्लाट नंबर- 369 दिनांक : 20.03.2023 है एवं (2) डीड संख्या- 165 दिनांकः 13.01.2012 रकवा- 1½ डिसमिल खाता नंबर- 129 प्लाट नंबर- 369 दिनांकः 13.01.2012 है।

4. यह कि उक्त वर्णित डीड का फोटोकॉपी मेरे बेटा प्रिंस कुमार करवाने के लिए कल दिनांकः 26.04.2024 को अपने घर साहू कॉलोनी, गोला रोड, चट्टी बाजार, रामगढ कैंट से थाना चौक रामगढ जा रहा था उसी क्रम में उक्त दोनों ओरिजिनल लिंक डीड रास्ते में गिरकर कही खो गया, जिसे मेरा बेटा प्रिंस कुमार ने अपने स्तर से काफी खोज बीन किया परन्तु अभी तक नहीं मिला।

5. यह कि यह शपथ-पत्र मैं अपने उक्त दोनों ओरिजिनल लिंक डीड के खो जाने के बाबत दर्ज करवाने हेतु सम्बंधित थाना के अधिकारी / पदाधिकारी को दे रही हूँ जो सत्य एवं सही है।

# छोटी सी चूक रद्द करा सकती है प्रत्याशियों का नामांकन

**रांची, एजेंसी।** गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभानी और बंगाल की बीरभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी देबाशीष धर का नामांकन रद्द हो चुका है। ये घटनाएं देशभर में चर्चा में हैं। ऐसे में यह जान लेना जरूरी है कि किन-किन त्रुटियों को लेकर चुनाव आयोग किसी उम्मीदवार का नामांकन पत्र रद्दकर सकता है।सूरत में हस्ताक्षर गलत बताए जाने के कारण कुंभानी का नामांकन रद्द हुआ। वहीं, एनओसी नहीं देने के कारण देबाशीष धर का नामांकन रद्द हुआ। भारत निर्वाचन आयोग ने नामांकन भरने के नए नियमों में फॉर्म-26 में बड़े बदलाव किए है। नए नियमों के अनुसार अब प्रत्याशी से उसके इंटरनेट मीडिया हैंडल्स की भी जानकारी मांगी जाती है। इसके साथ ही साथ अब प्रत्याशियों से उनके नाम संपत्ति के ब्योरे समेत उनकी पत्नी और बच्चों के नाम संपत्ति का भी ब्योरा मांगा जाने लगा है। कोर्ट में चल रहे किसी केस या एफआइआर की भी जानकारी आयोग को देनी होती है। अगर, प्रत्याशी इनमे से किसी भी जानकारी में कोई तथ्य छुपाता है या जानकारी नहीं साझा करता है तो उसका नामांकन रद्द हो सकता है। चुनाव आयोग नामांकन पत्र के साथ गलत जानकारी साझा करने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर चुनाव लड़ने से भी रोक सकता है। नामांकन पत्र में फॉर्म 26 काफी अहमियत रखता है, इसके रद्द होने की कई वजहें हो सकती है। कई बार प्रत्याशी चुनाव आयोग के साथ फॉर्म-26 में आवश्यक जानकारियां नहीं साझा करते हैं। इस सूरत में भी आयोग उमीदवार का नामांकन पत्र रद्द कर सकता है। कई बार तो उम्मीदवार के पास जरूरी संख्या में प्रस्तावक भी मौजूद नहीं होतें है तो कभी आरक्षित सीट पर प्रूफ न दे पाने के अभाव में भी नामांकन रद्द हो जाता है।

# हज़ारीबाग टेबल टेनिस जून में सम्पन्न होगी



**हज़ारीबाग** - हज़ारीबाग़ जिला टेबल टेनिस संघ (एच डी टी टी) के सालाना वार्षिक आम सभा बैठक हज़ारीबाग के मिशन रोड स्थिति आवासीय कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर झारखण्ड राज्य टेबल टेनिस संघ के प्रतिनिधि के रूप में पर्यवेक्षक साकेत कुमार सिन्हा, वरीय उपाध्यक्ष झारखण्ड राज्य टेबल टेनिस संघ और अजय कु महाजन धनबाद जिला टेबल टेनिस संघ के कोषाध्यक्ष उपस्थित थे। इस बैठक में नये सदस्यों का स्वागत किया गया, पिछले सचिव रिपोर्ट को पढ़ा गया, सालाना वार्षिक बजट पर चर्चा हुई, ज़िसे सर्वसम्मती से पारित कर दिया गया। टेबल टेनिस खेल को और खिलाड़ियों के उत्थान पर चर्चा किया गया,खेल में अधिक से अधिक खिलाड़ियों को जोड़ने और विद्यालय और विश्वविद्यालय की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।ततपश्चात् नये कमिटी की चयन किया गया जिसमे अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, वरीय उपाध्यक्ष करण जायसवाल सर्वसम्मती से चयन किया गया, साथ उपाध्यक्ष रूचि कुजूर, सोमा अग्रवाल, अनुप राजेश लकड़ा, बहादुर राम, महासचिव भैया मुरारी सिन्हा,संयुक्त सचिव रविंद्र कुमार, ज्योति कुमारी, कोषाध्यक्ष अमित मल्होत्रा, कार्यकारणी समिति सदस्य बादल अग्रवाल, सत्यम हिमांशु, विकास कु दास, शत्रुजय कुमार चयन किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनुप राजेश लकड़ा ने किया।

# नगर विकास समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न




**चास=** नगर विकास समिति की मासिक समीक्षा बैठक आज धर्मशाला मोड चास में अभय कुमार मुन्ना की अध्यक्षता और गौरी शंकर सिंह के संचालन में संपन्न हुई.आज की बैठक में समिति के द्वारा बिगत दिनों किए गए कार्यों की समीक्षा की गई.

बैठक को संबोधित करते हुए नगर विकास समिति के संरक्षक सदस्य कौशल किशोर ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते आम जन त्राहिमाम कर रहा है. इसी बीच विद्युत आपूर्ति, भूगर्भ स्तर पर जल स्रोत में गिरावत इत्यादि के कारण आम जन परेशान है. साथ ही साथ लोकतंत्र का महापर्व इसी समय चल रहा है. गर्मी का प्रभाव लोकतंत्र के महापर्व भी पड़ता हुआ दिख रहा है. इसलिए हमें सामाजिक संगठन के दायित्व को निभाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए घर-घर जनसंपर्क करके मतदान करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है.

संरक्षक सदस्य बाल कृष्ण कुमार ने कहा कि मतदान के दिन जिला प्रशासन के स्तर से मतदाताओं खासकर महिला एवं बुजुर्ग मतदाताओं को प्रचंड गर्मी से बचाव हेतु मतदान केंद्र पर शीतल जल एवं लाचार लोगों को बैठने की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि लाइन में खड़े होकर होने वाली परेशानी से बचा जा सके.

बैठक को संबोधित करते हुए संरक्षक सदस्य सह चास प्रखंड बीस सूत्री समिति के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक जगनानी ने कहा कि नगर विकास समिति अपने उद्देश्यों को लेकर सदैव आम जनता के बीच काम करते रहती है. आम जनता की समस्याओं को उचित प्लेटफार्म पर उठाने का काम भी समिति के द्वारा लगातार किया जाता है. इसी क्रम में लोकतंत्र के महापर्व में हम सब की सहभागिता बढ़ चढ़कर हो, इसके लिए वार्ड समिति की टोली के माध्यम से प्रभात फेरी, जन जागरण अभियान करते हुए अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे.

नगर विकास समिति के अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना ने कहा कि चास नगर निगम क्षेत्र, बालीडीह शाखा, चास प्रखंड ग्रामीण क्षेत्र एवं बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र में नगर विकास समिति के द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. श्री मुन्ना ने कहा कि समिति के द्वारा प्रभारीगण के देखरेख में लोक जन जागरण अभियान संचालित होगा.

अतीश कुमार सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक संपन्न हुई. आज की बैठक में नगर विकास समिति के संरक्षक सदस्य कौशल किशोर, बालकृष्ण मुरारी, अशोक जगनानी, डॉ सूर्यमणि कुमार, बिक्रम महतो, सुबोध कुमार सिंह, राम भजन सिंह, सुनील सिंह, करमचंद गोप, शिवकुमार श्रीवास्तव, गौरी शंकर सिंह,दयाल बाउरी, प्रदीप सिंह, रामकिंकर माहथा,विनोद चौधरी इत्यादि शामिल हुए.

## सड़क दुर्घटना में घायल का रिम्स में मौत



**इटकी प्रतिनिधि** सड़क दुर्घटना में घायल हरि चरण साव (42 )नाम व्यक्ति का इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गयी है। मृतक हरि साव गड़गांव बस्ती का निवासी था। बताया गया कि पिछले 26 अप्रैल शुक्रवार की रात विवाह कार्यक्रम में खाना खाकर साईकिल में सवार होकर हरि साव गड़गांव लौट रहे थे इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। गंभीर रूप घायल हरि साव रिम्स में इलाजरत थे।

## रांची में आरोपित गिरफ्तार, लूट की बाइक बरामद

**रांची ।** खलारी थाना पुलिस ने एक आरोपित फैसल अंसारी उर्फ राइडर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लूट का टीवीएस राइडर बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को बताया कि अपराधियों ने खलारी के भेलवाटांड गांव के तीन मुहान मेन रोड के पास रमेश गझू और भरत कुमार की टीवीएस राइडर बाइक को लूट लिया था। इस संबंध में खलारी थाने में 21 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम ने लूटी गई बाइक को बरियातु के एदलहातु मां मृत्युंजय मंदिर के नीचे से बरामद किया। साथ ही फैसल अंसारी उर्फ राइडर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित साथियों के साथ मिलकर अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

## प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार

**रांची ।** ओरमांझी थाना पुलिस ने अपने ही पति की हत्या करने के मामले में पत्नी सहित तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सीता देवी, प्रेमी सनोज कुमार महतो और प्रेमनाथ महतो शामिल है। हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और टांगी सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बताया कि ओरमांझी क्षेत्र के अंतर्गत 23 अप्रैल को दिन के करीब 10 बजे सपाही नदी के शमशान घाट में पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। मृतक की पहचान ओरमांझी स्थित डहु निवासी अशेश्वर महतो के रूप में की गई थी। मृतक की पत्नी सीता देवी के आवेदन पर ही पुलिस ने अशेश्वर महतो की खोजबीन शुरू की थी। एसएसपी ने बताया कि ओरमांझी थाना में एक महिला ने आवेदन दिया था कि उसका पति गायब है। इसकी सूचना पर पुलिस ने जांच -पड़ताल शुरू की। तलाशी के क्रम में उक्त महिला के पति का शव शमशान घाट के पास से बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया तो पता चला कि पत्नी ही अपने पति की हत्या में शामिल थी। उन्होंने बताया कि पत्नी ने ही हथौड़े और टांगी के वार से पति की हत्या की थी। महिला ने ही अपने प्रेमी सनोज महतो और प्रेमी के बहनोई प्रेम नाथ महतो के साथ मिलकर पति के शव को ले जाकर नदी में फेंक दिया था।

## रांची डीसी ने नामांकन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की

**रांची ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को कार्मिक कोषांग के कार्यों का मॉक ड्रिल करते हुए नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से क्रमवार जानकारी ली और उनको दिए उत्तरदायित्व के बारे में पूछा। साथ ही कई दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। चुनाव के दौरान समाहरणालय परिसर में अनावश्यक रूप से भीड़ ना लगे। पार्किंग व्यवस्था और अन्य सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि समाहरणालय ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-312 से नामांकन पत्र, कमरा संख्या- 202 निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष रहेगा। रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या- 312 से कार्यालय अवधि (सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक) नामांकन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे। निर्वाचन के लिए समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है, जहां नामांकन पत्र दाखिल होगा। नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इसके बाद कमरे के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सह निर्वाची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रांची सह निर्वाची पदाधिकारी सिल्ली विधानसभा क्षेत्र राम नारायण सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक सुमन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी भी उपस्थित थे।

## श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**रांची -** श्री श्याम मण्डल , रांची के द्वारा सम्पन्न हुए तीन दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव के उपलक्ष में रविवार को मन्दिर के सभागार में समीक्षा सभा आयोजित की गई । सर्व प्रथम मण्डल के अध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश बागला ने सभी सदस्यों का स्वागत किया , तथा मण्डल के कोषाध्यक्ष ने श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव का आय - व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया । मण्डल के सदस्यों ने मण्डल की भावी प्रगति के लिए अपने सुझाव रखे , तथा मण्डल के मंत्री धीरज बंका ने मण्डल द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों का विवरण सभा को बताया । धन्यवाद ज्ञापन मण्डल के उपाध्यक्ष मनोज सिंघानिया ने दिया । आज की सभा में गोपी किशन ढांढनीयां, रमेश धरणीधरका , राज कुमार जालान , गौरव पसुरामपुरिया , अरुण धनुका , राजेश सारस्वत , अजय साबू , नितेश केजरीवाल , विकाश पाडिया, ज्ञान प्रकाश बागला , अमित जालान व अन्य उपस्थित थे ।

# सलोन मिनिस्ट्री चर्च ने यशस्विनी सहाय का किया अभिनंदन



**रांची।** शहर के कोकर स्थित सलोन मिनिस्ट्री चर्च (सैम्फर्ड हास्पिटल के निकट) की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं आईएनडीआईए गठबंधन की रांची संसदीय सीट से प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का अभिनंदन किया गया। रविवार को चर्च परिसर में आयोजित अभिनंदन समारोह में सलोन मिनिस्ट्री चर्च के संस्थापक बिशप डॉ.सुरेश सांगा एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता सांगा ने सुश्री सहाय को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। रविवारीय प्रार्थना सभा के बाद अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुश्री सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि वह महिला सशक्तिकरण, बाल श्रम उन्मूलन, महिला उत्पीड़न की रोकथाम की दिशा में कार्यरत हैं। जनप्रतिनिधि बनने के बाद इसे और गतिमान करूंगी।

वहीं, सलोन मिनिस्ट्री चर्च के बिशप, पास्टर व सेवकों ने कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री सहाय को व्यापक जन समर्थन देकर चुनाव में विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर जीवन रुंडा, फ्लोरा कॉपी, सोमा गाड़ी, बसंत टोप्पो, लुकस टोप्पो, राज किस्को, आशीष कुजूर, शशि बड़ाइक सहित काफी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग उपस्थित थे।



## इटकी के कुन्दी गांव में वार्षिक सरना प्रार्थना सभा कार्यक्रम संम्पन्न

**इटकी प्रतिनिधि**

इटकी के कुन्दी गांव स्थित सरना स्थल पर रविवार को आदिवासी सरना समाज द्वारा वार्षिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई गांव के सरना समाज के लोग शामिल हुए। पहान अजय मिंज और विकास मिंज ने संयुक्त रूप से पूजा अर्जना कर सरना झण्डा की स्थापना की। इसके बाद मांदर की थाप पर सामुहिक रूप से प्रार्थना की शुरुआत की गई, प्रार्थना दिन भर चला। वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए अपने सांस्कृतिक पहचान को बरकार रखने के लिए समाज के प्रबुद्ध लोगो को आगे आने का अहवान किया। साथ ही समाज में व्याप्त कुरितियों को दूर करने की बात कही गयी। सभा में प्रोफेसर बंदे उरांव, प्रो0 प्रेमचन्द उरांव, नारायण उरांव, प्यारी उरांव सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे।कार्यक्रम में सरना समाज के अध्यक्ष अजय मिंज, डब्बू केरकेट्टा, अमित केरकेट्टा, रतन मिंज, विकास मिंज सहित आसपास गांवों के सैकड़ों महिला पुरुष और युवा शामिल थे।

## रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक मई से लागू होगी पार्किंग की नई व्यवस्था

**रांची, 28 अप्रैल (हि.स.)।** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के वाहन पार्किंग एवं आवागमन में बढ़ती परेशानियों को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने एक मई से वाहन आवागमन एवं पार्किंग की व्यवस्था में बदलाव किया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्री टर्मिनल भवन के पास जाम को कम करने के लिए पुराने टर्मिनल बिल्डिंग के सामने 350 वाहनों के लिए अतिरिक्त पार्किंग स्थान आवंटित किया है। इस संबंध में एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि आने वाले समय में एयरपोर्ट पार्किंग शुल्क के लिए एक निर्धारित स्वचालित व्यवस्था लागू होगी। वहीं अनधिकृत वाहन पार्किंग को रोकने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित उपाय किया जायेगा। एक मई से प्रभावी होने वाले आवागमन एवं पार्किंग व्यवस्था में संशोधन किया गया है। एयरपोर्ट के अंदर जिस रास्ते से एंट्री होती है, उसका इस्तेमाल अब बाहर जाने के लिए होगा। वहीं जिस रास्ते से विमान यात्रियों के वाहन निकलते हैं, उससे अब विमान यात्रियों के वाहन प्रवेश करेंगे। एयरपोर्ट में प्रवेश से निकासी तक निजी वाहनों के लिए कुल निःशुल्क समय 10 मिनट होगा, जो पहले 8 मिनट निर्धारित था। टर्मिनल भवन के सामने पिकअप और ड्रॉप के लिए अधिकतम पांच मिनट का समय निर्धारित किया गया है तथा यह पांच मिनट भी निःशुल्क 10 मिनट का ही भाग होगा। अब चार चक्का वाहन के लिए दो घंटे से अधिक पार्किंग करने पर प्रति घंटा 10 रुपये अधिक लगेगा। वहीं टू व्हीलर के लिए पांच रुपये प्रति घंटा चार्ज लगेगा। वहीं सात घंटे से लेकर 24 घंटे तक पार्किंग करने पर 300 प्रतिशत 30 मिनट से लेकर 120 मिनट स्लैब का निर्धारित शुल्क लगेगा। एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग के सामने तीन लेन होंगे।

## महिला बधिर समाज ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित, प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

**रांची।** रांची जिला बधिर संघ के तत्वावधान में महिला बधिर समाज के सौजन्य से रविवार को राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान (एचईसी परिसर, सेक्टर 2) में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रकार की मनोरंजक व ज्ञानवर्धक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

मेंहदी सहित अन्य प्रतियोगिताओं में दर्जनाधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें मौके पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागी नीलम देवी को ब्लाइंड फोल्ड में प्रथम,बॉल एंड बासकेट प्रतियोगिता में अंजू देवी को प्रथम पुरस्कार, बबलो गेम में नीलम देवी को प्रथम पुरस्कार व मेहंदी प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी को उत्कृष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व उपहार भेंट किए। इस अवसर पर संरक्षक गोपाल कृष्ण झा, उप चेयरमैन सनत कुमार बोस, मनोज कुमार वाघेला,अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, महासचिव ज्योत्सना एम बघेला, राहुल राम, बी ठाकुर, लाडली परवीन, नेहा निधि, नजमा खातून, श्रुति कुमारी, मोहम्मद यूसुफ, प्रीति शर्मा, राकेश कुमार, संगीता टोप्पो, सुंदरलाल महतो सहित अन्य उपस्थित थे।




# वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता देवव्रत चौधरी की हृदय गति रूपकने से हुयी मौत

**अन्तिम संस्कार में शामिल हुए सांसद आदित्य प्रसाद साहू एवं अन्य गणमान्य लोग**

**अनगड़ा ।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व भाजपा नेता और आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के पूर्व अध्यक्ष तथा अनगड़ा प्रखंड

के सालहन ग्राम निवासी देवव्रत चौधरी का आज सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया । उन्हें सीना में दर्द होने पर एक सप्ताह पूर्व स्वर्णरिखा अस्पताल टाटी सिलवे मे भर्ती कराया गया था । वहां से शनिवार को छुट्टी करवाकर उसका दामाद अपना घर महिलौंग ले गए थे जहां रविवार की सुबह अखबार पढ़ने के बाद वह बाथरूम में घूसा ज्यादा देर होने पर वाथरूम का दरवाजा खोलने पर वाथरूम में वे गिरे हुए थे बाद मे तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । आज शाम उन्हें सालहन पूल के पास स्वर्ण रेखा नदी के किनारे अन्तिम संस्कार किया गया । अन्तिम संस्कार में राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू पूर्व सांसद रामटहल चौधरी पूर्व विधायक रामकुमार पहान भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो जेएलकेएम नेता देवेन्द्र महतो डॉ अमर कुमार चौधरी डॉ रिझू नायक सिकन्दर अन्सारी मानकी राजेन्द्र शाही अमरनाथ चौधरी देवनाथ महतो शिवलाल महतो शिबू मुन्डा रामपोदो महतो अजीत महतो भाई गंगाधर चौधरी दुर्गा महतो सहित गणमान्य लोगों ने भाग लिया तथा घाट पर हीं उनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारन किया गया । साथ ही उनके शोकाकूल परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट किया गया



## आदर्श नगर पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति का गठन



**रांची -** आदर्श नगर कोकर पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में आज बैठक रखी गई , बैठक में मंदिर की समस्याओं पर एवं मंदिर के निर्माण पर चर्चा की गई , चर्चा उपरांत समिति का विधिवत गठन किया गया । पुरुष वर्ग से अध्यक्ष - दिलीप वर्मा ,उपाध्यक्ष -सिकंदर कुमार , महामंत्री -छोटू वर्मा , महासचिव - अमन वर्मा, कोषाध्यक्ष- संजय सिंह/अमरेश झा महिला वर्ग से अध्यक्ष - रीना देवी,महामंत्री- उषा देवी, कोषाध्यक्ष -आरती सिंह एवं श्वेता देवी को बनाया गया । संरक्षण सूर्यदेव सिंह, कौशल शर्मा ,संजय जोशी( पप्पू ) इसके साथ ही मोहल्ले के बड़ी संख्या में लोगों ने इस बैठक में भाग लेकर अपने उत्साह का इजहार किया ।

## इंडिया गठबंधन उम्मीदवार विनोद सिंह ने इचाक और दारू प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान

**हज़ारीबाग़/इचाक** - इंडिया गठबंधन उम्मीदवार सह बगोदर विधायक विनोद सिंह शनिवार को इचाक प्रखंड के एक दर्जन से अधिक गांवों में तूफानी दौरा कर लोगों से वोट देने की अपील की। अभियान की शुरुआत दारू प्रखंड के कविलासी से करते हुए पुनाई, लुंदरू, मोकताम, मंगुरा, तेतरिया, गर्दीह, फुफुंडी, पोखरिया, बरका, इचाक बाजार, भुसाई, साडम, इचाक मोड़ समेत कई गांव जाकर लोगों से मिला और वोट मांगा। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने क्षेत्र में क्रेशर उद्योग बंद होने की वजह से उत्पन्न बेरोजगारी, कृषि से आमदनी, सड़क, महंगाई, शिक्षा और रोजगार जैसे समस्याओं से अवगत कराया। इस पर विनोद सिंह ने कहा की 2 करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार, किसानों की आय दोगुनी करने, का वादा कर आई सरकार ने पिछले 10 सालों में सिर्फ अडानी की संपत्ति को बढ़ाने का काम किया है। इचाक में सैकड़ों छोटे व्यापारियों का क्रेशर उद्योग बिना मतलब इको सेंसिटिव जोन बताकर बंद कर दिया गया। झारखंड के लोग इन्हीं वजहों से दिल्ली, मुंबई और विदेशों में प्रवासी मजदूर के तौर पर कार्य करने को मजबूर हैं। कोडरमा में पिछले 40 वर्षों से सत्ता में रही भाजपा यहां की जनता को ठगने का काम किया है। इचाक के लोगों से मेरी अपील है की इसी तरह इंडिया गठबंधन को मजबूत करें और आगामी चुनाव में तीन तारा पर वोट दें। ताकि इचाक में व्याप्त बेरोजगारी, बंद क्रेशर उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य के सवाल को मजबूती से देश के सर्वोच्च सदन में उठाया जा सके। जनसंपर्क अभियान में बीएन सिंह, कांग्रेस वरिष्ठ नेता सह इंडिया गठबंधन विधानसभा प्रभारी दिगम्बर मेहता, डॉ आरसी मेहता, जेएमएम नेता मनोहर राम, राजकुमार यादव, आदि उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी का पंचायत एव ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर संम्पन

**पार्टी के नीति और सिद्धान्तों में जन जन का सेवा भाव- डॉ देव शरण**



**अनगड़ा ।** राजाउलातू में आजसू पार्टी की पंचायत प्रभरी एवं ग्राम प्रभारीयों का रविवार को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड़ अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा ने किया।संचालन केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने किया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डा देवशरण भगत ने अपने संबोधन में कहा आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांतों मे जन जन की सेवा का भाव नजर आता है। यह सेवा भाव हमारे पंचायत एवं ग्राम प्रभारी में भी सिदत के साथ दिखना चाहिए कहा कि जिस सपना के साथ आजसू ने लड़कर अलग राज्य लिया था वह सपना पूरा नही हुवा है । इस सपना विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय उपाध्यक्ष हसन अन्सारी ने कहा हमारा पिलर मेम्बर ही पार्टी का रीढ़ है । कार्यक्रम को केन्द्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता केन्द्रीय महासचिव रामजी यादव केन्द्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह केन्द्रीय सचिव सह नामकोम प्रखण्ड प्रभारी रामदूर्भ सिंह मुण्डा एवं राँची जिला महिला मोर्चा वीणा कुमारी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर राँची जिला उपाध्यक्ष डॉ पार्थ परितोष जिला प्रवक्ता रोसनलाल मुंडा कुदरत अंसारी जगरनाथ महतो राजू उराँव गणेश महतो किरण देवी उमेश महतोबीरबल बैठा सुनीता हंस कुसुम बड़ा मंटू पाहन सोहन महतो धीरज नाग छेदी सिह बिंझिया सरस्वती देवी विवेक गोप बसन्ती देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे

## टेम्पू चालक के बेटे ने जेईई मेन की परीक्षा में पाई सफलता



**रजरप्पा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन-2024 के परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी है। जिसमें चितरपुर स्थित काली चौक के टेम्पू चालक संजय कुमार पांडेय के पुत्र उदित्य राज पांडेय ने सफलता हासिल की है। पहली ही पारी में उसने 94.33 प्रतिशत अंक लाकर सफलता हासिल की। उदित्य ने साल 2022 में आरबी प्लस टू हाई स्कूल सांडी से मैट्रिक और साइंस लेकर 12वीं की परीक्षा दी थी। फिलहाल उदित्य जेईई एडवांस की तैयारी रांची से कर रहा है। उनके पिता टेम्पू चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अब उदित्य ने जेईई मेन परीक्षा 2024 पास कर ली है। बड़ी और महत्वपूर्ण बात यह है कि उदित्य ने चितरपुर बस स्टैंड स्थित नॉलेज पॉइंट से कोचिंग कर यह सफलता हासिल की है। अब वह रांची से जेईई एडवांस के लिए तैयारी कर रहा है। उदित्य ने अपनी अथक मेहनत की बदौलत जेईई मेंस-2024 पास की। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय पिता संजय कुमार पांडेय, मां डोली पांडेय और अपने शिक्षकों को दिया है। अब उदित्य जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता हासिल करना चाहता है, जिसके लिए वह तैयारी में जुट गया है। उसका कहना है कि एनआईटी रायपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ-साथ फिजिक्स का टीचर बनना चाहते है।

# महिला चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार करना बड़ा बाबू को पड़ा महंगा, दर्ज हुई प्राथमिकी

## मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक और बड़ा बाबू के बीच हुआ था विवाद

**रामगढ़।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में महिला डेंटल सर्जन डॉ जेनी सिंह के साथ दुर्व्यवहार करना बड़ा बाबू नकी अहमद को काफी महंगा पड़ गया। नकी अहमद के खिलाफ रविवार को मांडू थाने में प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। झासा के पदाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए भी काफी मशक्कत की। मांडू थाने में डॉ जेनी सिंह के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में यह बताया गया है कि 18 अप्रैल को बड़ा बाबू नकी अहमद के द्वारा डॉक्टर का हाथ मरोड़ा गया और उनसे मोबाइल छीनने की



कोशिश की गई। इस मामले में नकी अहमद पर मांडू थाना कांड संख्या 106/24 धारा 354/ 504/ 506/ 509 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### कई चिकित्सकों के साथ बदतमीजी कर चुके थे बड़ा बाबू

डॉ जेनी सिंह ने पुलिस को दिए गए आवेदन में लिखा है कि नहीं नकी अहमद के द्वारा डॉ अनुभा कुमारी, डॉ मनीषा कुमारी के साथ भी अभद्र व्यवहार और बदतमीजी की जा चुकी है। नकी अहमद हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं और वे कई बार चिकित्सक को प्राथमिकी नहीं दर्ज करने के लिए धमकी भी दे चुके हैं। डॉ जेनी ने पुलिस को यह भी बताया है कि वह अपनी 7 साल की बेटी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रहती हैं। नकी अहमद के व्यवहार की वजह से उन्हें अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता भी अधिक है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदस्थापित अधिकतर कर्मचारी नकी अहमद के खिलाफ नहीं बोलते क्योंकि सभी उनसे डरते हैं।

### सीएस की जांच समिति की रिपोर्ट में लिपिक को दोषी पाया गया

झासा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार ने बताया कि महिला दन्त चिकित्सक डॉ जेनी सिंह के साथ अभद्र व्यवहार किया गया था। जिसको लेकर पीड़ित महिला चिकित्सक के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने तत्काल ही उस आरोपित लिपिक को निलंबित कर दिया था। सिविल सर्जन की जांच समिति की रिपोर्ट में लिपिक को दोषी पाया गया। उसके बाद उस लिपिक का प्रपत्र क के लिए फाइल रांची भेज दिया गया है।

# घाटो क्षेत्र के दो दर्जन इलाकों में पहुंचे एनडीए उम्मीदवार, जोरदार स्वागत

**संप्रदायवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेसः मनीष जायसवाल**





**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के घाटो कोलियरी क्षेत्र में सघन तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद किया। मनीष जायसवाल के तुफानी दौरे के क्रम में इस इलाके के लोगों का उन्हें भरपूर स्नेह, आशिर्वाद और समर्थन मिला। हर जगह पर तादाद में लोगों का सैलाब उमड़ा और गाजे-बाजे ढोल- तासे के साथ आरती उतारकर और तिलक चंदन लगाकर एवं नारा जयकारा बुलंद करते हुए उनका क्षेत्र में हार्दिक अभिनंदन किया। आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए एवं उनके समर्थन में मतदान करने का भरोसा जताया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा, आजसू और जदयू पार्टी के कार्यकताओं में भी उत्साह देखा गया। उन्होंने अपने-अपने पार्टी के झंडों के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर मनीष जायसवाल का इस क्षेत्र में गर्मजोशी से स्वागत किया।

### इन इलाको का किया दौरा

एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने घाटो भाजपा मंडल क्षेत्र के तापीन 23 नंबर कॉलोनी, पिंडरा 42 नंबर चौक, प्रेम नगर कॉलोनी, परेज चौक, गंझु टोला, रांग टोला, बसंतपुर अटल चौक, चोपड़ा मोड़, मैलगढ़ा, केदला कॉलोनी मोड़, इचाडीह बस्ती, 3 नंबर चौक, 15 नंबर चौक, लाइयो, दूधिबांध, लाइयो बस्ती उपरटोला, महावीर चौक, ढोडा टांड़, तितर मरवा, केदला 9 नंबर टेकर स्टैंड, मुकुंदा बेड़ा और दुनी बस्ती का तुफानी दौरा कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने और हजारीबाग से प्रचंड मतों से कमल खिलाने का आग्रह किया ।

### देश को बनाएं कांग्रेस मुक्त, भाजपा को दें बहुमत : मनीष जायसवाल

घाटो क्षेत्र के दौरे के क्रम में एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की संप्रदायवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस पार्टी है। इन्हें अंग्रेजों से फूट डालो और राज करो की नीति विरासत में मिली और उन्होंने इसी नीति के जरिए हिंदुस्तान की जनता को बरगलाकर करीब 62 सालों तक राज किया। लेकिन आपके वोट की ताकत ने साल 2014 में भाजपा की बहुमत की सरकार बनाई और नरेंद्र मोदी से देश की कमान संभाली तो देश के विकास के साथ समाज के निचले तबके के गरीबों का जीवन स्तर भी ऊंचा उठा। मनीष जायसवाल ने कहा की मतदान से पूर्व कांग्रेस के 62 साल के राज और नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल का फर्क को एहसास करके ही मतदान करें।

### रिकॉर्ड मतों से बनाएं सांसद :तिवारी महतो

आजसू के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी तिवारी महतो ने कहा की जनसेवा का जीवंत मिसाल है मनीष जायसवाल। इन्हें रिकॉर्ड मतों से जीताकर सांसद बनाएं और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर अग्रसर करें।

### ये रहे उपस्थित

मौके पर विशेष रूप से भाजपा के लोकसभा संयोजक रंजित सिन्हा, जिला महामंत्री रंजन फौजी,जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, आजसू नेता विजय साहू, तिवारी महतो, जिला परिषद सदस्य भोला तुरी, घाटो भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, भाजपा नेता खुशीलाल महतो, शंकर करमाली, पंकज साहा, शिव साहू, मुकेश साहू, संजय कुमार, आजसू नेता लालचंद महतो, गुड्डू सिंह, मदन मेहता, रंजन चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गोला में मनाया गया झारखंड कुशवाहा महासभा का 13वां स्थापना दिवस



**गोला।** झारखंड कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप के आवासीय कार्यालय गोला स्थित फौजी कॉम्प्लेक्स में रविवार को झारखंड कुशवाहा महासभा का 13वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। झारखंड कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष ने गौतम बुद्ध को याद करते हुए कहा कि आज कुशवाहा समाज को गौतम बुद्ध के नीति-सिद्धांत पर चलने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने लोगों से सामाजिक एवं राजनीतिक एकता लाने की अपील की। इस दौरान सर्वसम्मति से शादी-बाराती में शाकाहारी भोजन का प्रस्ताव लाया गया। इस अवसर पर झारखंड कुशवाहा महासभा के संरक्षक सुबोध दांगी, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष सुबोध महतो, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर कुमार महतो, युवा जिला अध्यक्ष कुंदन कुमार कुशवाहा, कुशवाहा भवन के अध्यक्ष लखिंद्र कुमार, गुलाब कुशवाहा, सुरेश महतो, जोगेंद्र महतो, प्रयाग महतो, संजय कुमार महतो, गौतम महतो, प्रकाश महतो, रंजीत महतो, उज्ज्वल कुमार, नीतीश कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, बिक्की कुशवाहा, सतलाल महतो, बजरंग दांगी, अरूण दांगी, शैलेश महतो सहित कई लोग शामिल थे।

# राज्यसभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे लोस चुनाव कार्यालय

**मनीष जायसवाल प्रचंड मतों से जीतेंगे, तीसरी बार बनेगी मोदी सरकारः दीपक प्रकाश**



**रामगढ़।** भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से जीतेंगे। जीतने के बाद नरेंद मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में हजारीबाग का यह सांसद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उक्त बातें रविवार को लोकसभा क्षेत्र के प्रधान चुनाव कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कही। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के देवतुल्य कार्यकताओं के बदौलत पार्टी सदैव चलायमान है। सच कहा जाय तो पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा हमारे बूथ के निष्ठावान कार्यकर्ता ही होते हैं। नीव हमारी कार्यकताओं के बदौलत ही खड़ी है। जो विशाल बटवृक्ष का रूप ले लिया है। दीपक प्रकाश ने कहा कि एक मई को प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन के अवसर पर ऐतिहासिक भीड़ होगी। मौके पर पार्टी के पार्टी के कई बड़े चहरे उपस्थित होकर आयोजित संकल्प सभा मे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों व कार्यप्रणाली को जनता के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षो के शासनकाल की प्रसंशा चारो दिशा में हो रही है। देश की जनता ने ठान लिया है कि इसबार भी मोदी को ही बागडोर सौपना है। मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा सीट से जीतकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। एक सवाल के जवाब में राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि दीपक और मनीष दो तन एक जान हैं। कोडरमा जाने के क्रम में यहां पहुंचे दीपक प्रकाश का भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने स्वागत किया। तत्पश्चात वे कई महत्वपूर्ण बैठकों में भी शामिल हुए।

# नल-जल योजना के अंतर्गत जलापूर्ति एक सप्ताह से बंद, आमजन परेशान : रामबिनय महतो

**गोला।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल-जल योजना के अंतर्गत घरों में पानी की आपूर्ति कर स्वच्छ जल उपलब्ध कराना उद्देश्य है। परंतु लगभग एक सप्ताह से गोला प्रखंड क्षेत्र के गोला, हुप्पू, तोयर, केनके, सिरका, खोखा, बेयांग, कुसुमडीह, कल्याणपुर, बनतारा, पूरबडीह, तिरला मठवाटांड़ सहित कई गांवों में इस भीषण गर्मी में जलापूर्ति बंद है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और इस भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। इस संबंध में गोला प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष रामबिनय महतो ने रामगढ़ जिले के उपायुक्त एवं गोला के प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर जनहित में यथाशीघ्र जलापूर्ति के लिए ठोस कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि लोगों को जल्द पानी उपलब्ध हो सके।



# भुरकुंडा परियोजना में मना विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस



**भुरकुंडा।** सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के भुरकुंडा परियोजना में रविवार को विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत खान प्रबंधक अविनाश चंद्रा द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के मापदंडों के साथ उत्पादन करने का सामुहिक संकल्प लिया। मौके पर खान प्रबंधक अविनाश चंद्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर संगठन (आईएलओ) द्वारा इस दिवस की घोषणा की गयी। इसका उद्देश्य कार्यस्थल पर कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आईएलओ द्वारा यह अभियान दुनिया भर में मजदूरों की परेशानियों एवं उनकी सुरक्षा के लिए बेहतर उपायों एवं सुविधा हेतु सरकारों को जागरूक करना है। सीनियर ओवरमैन सह कोफीमयू भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने कहा कि काम के दौरान होने वाले हादसों और बीमारियों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रत्येक वर्ष कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। मौके पर बबलू कुमार, अंकुर विश्वनाथ, रिशु कुमार सिंह, शशिभूषण सिंह, राजकुमार, मनोज राम, ओमप्रकाश, बसंत, रामदेव महतो, अरविंद सहाय, उपेंद्र कुमार, बुधनी देवी, शुलेन्दर, शिवकुमार, पंकज सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद थे।

# हेलो किड्स के बच्चों ने किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम, जीते 6 गोल्ड और 4 सिल्वर मेडल

**बच्चों ने चुनौती को जीत में बदलाः वर्षा अग्रवाल**





**रामगढ़।** रामगढ़ के नन्हे खिलाड़ियों ने किक-बॉक्सिंग में ऐसा कमाल दिखाया कि 10 मेडल अपनी झोली में डाल लिए। रविवार को रांची के खेलगांव में ताना भगत इनडोर स्टेडियम में झारखंड एमेटर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित फोर्थ झारखंड स्टेट किक-बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रामगढ़ के खिलाड़ियों का जलवा रहा। हेलो किड्स रॉबिन हुड स्कूल के बच्चों ने मेडल जीतकर जिले का नाम रौशन किया। यहां के 6 प्रतिभागियों ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि चार प्रतिभागियों ने सिल्वर मेडल जीता है।

**इन बच्चों ने जीते 6 गोल्ड और 4 सिल्वर मेडल :** गोल्ड मेडल जीतने वालों में दृष्टि कुमारी, ईशान सिंह, युवराज बरेलिया, अवनी चौधरी, आर्या भारती और शिवाय सरावगी शामिल हैं । सिल्वर मेडल जीतने वालों में कुंज गुप्ता, अथर्व जैन, अयांश अग्रवाल और निवान कुमार शामिल हैं। इस चैंपियनशिप में राज्य भर के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें हेलो किड्स रॉबिन हुड स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। झारखंड एमेटर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ने स्कूल की डायरेक्टर को भी सम्मानित किया है।

**बच्चों ने चुनौती को जीत में बदलाःवर्षा अग्रवाल :** हेलो किड्स रॉबिन हुड स्कूल की डायरेक्टर वर्षा अग्रवाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि जीत और हार मायने नहीं रखता। सबसे अधिक मायने रखता है, किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेना। बच्चों को स्कूल ने एक अवसर दिया था, जिसे बच्चों ने चुनौती के साथ स्वीकार किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने मेहनत और लगन से जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऐसे और कई अवसर लेकर बच्चों की झोली में डालेगा, ताकि वे दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर सकें। वही, स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों द्वारा किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

# भाजपा जिला कोर कमिटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक संपन्न







**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला कि कोर कमेटी, जिला पदाधिकारी, मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों की एक बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास चाराड़ीह में हुई। बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय,कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव उपस्थित हुए। दीपक प्रकाश ने सभी मंडल अध्यक्षों से सभी बुथो का वृत लिया और निर्देश दिया कि आप अपने बुथो पर पन्ना प्रमुख बनाए। सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं को भी कहा कि अपने-अपने बुथो पर पन्ना प्रमुख की भूमिका निभाएंगे। सभी नेता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों को घर घर जाकर बताने का कार्य करें। और आप अपने प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनावे।बालमुकुंद सहाय ने कहा कि मंडल अध्यक्ष अपनी कोर कमिटी बनाएं और उन्हें कार्यभार दें की संयोजक ,सह संयोजक बूथ अध्यक्षों के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान करें और मोदी जी के जनहित कार्यों को घर-घर पहुंचाएं और मोदी जी का प्रणाम का संदेश दें। हर बूथ पर 10त्न वोट बढ़ाने का सफल प्रयास करें। कोडरमा की विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा मोदी जी की लाभार्थी योजनाओं से सभी लोगों को लाभ मिला है, केवल आप लोग जनसंपर्क करके लोगों को बताएं जनता के हित के लिए क्या कार्य किया और आगे आने वाली सरकार में जिनका आवास नहीं है पूरे देश में 3 करोड़ नया आवास बना कर दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा 76 वर्ष की आजादी के बाद जो मूलभूत सुविधाएं जनता को मिलनी चाहिए थे वह आज तक नहीं मिली 60 वर्षों के कांग्रेस के कार्यकाल में केवल जनता को ठगने का कार्य हुआ। विकास तो स्व. अटल बिहारी वाजपेई की सरकार और मोदी जी की सरकार में ही नजर आए, अंतिम पायदान तक बैठे आदमी को सरकार ने मूलभूत सुविधाएं दिलाने का सफल प्रयास किया। रोटी कपड़ा और मकान और स्वास्थ्य शिक्षा यह जनता का मूलभूत अधिकार है जो केवल भारतीय जनता पार्टी ही दे सकती है। 70 वर्ष से अधिक के आयु के सभी वर्गों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिले यह भारतीय जनता पार्टी हमारी सरकार ही कर सकती हैं ।सभी कार्यकर्ताओं से 2 मई को गिरिडीह चलने का आह्वान किया कि हमारी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के नामांकन के दिन हजारों की संख्या में कार्यकर्ता गिरिडीह पहुंचे। कार्यक्रम में उपस्थित कोडरमा लोकसभा सह संयोजक प्रणव वर्मा, कोडरमा जिला प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद, विधानसभा प्रभारी विनय सिंह, विधानसभा सह संयोजक रामनाथ सिंह ,नितेश चन्द्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, रवि मोदी, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश 9राम,सुरेश यादव, बिरेंद्र सिंह,जिला महामंत्री राजकुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी, शिवलाल सिंह,जुहीदास गुप्ता, राजेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, सुभाष मोदी, बालमुकुंद सिंह, कान्ति देवी, बैजनाथ यादव, शशिभूषण प्रसाद,डॉ नरेश पंडित, विरेन्द्र मेहता, देवेन्द्र कुमार,प्रवीण पाण्डेय,सुरज मेहता, कामिनी देवी,अरशद खान, कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, विजय यादव, मुकेश राम, महेश वर्मा, राजेश सिन्हा, सुरेन्द्र यादव, धीरज जोशी, जगदीश सलुजा, रमेश घटक, सुदर्शन यादव,सबीता देवी, रीता लोहानी, सुनिती सेठ, रेखा भदानी, संजीव यादव, सुधीर यादव, संजय शर्मा, राजकिशोर प्रसाद, राजेन्द्र सिंह, सुनील बड़गवे, दिनेश्वर प्रसाद, विजय राम, पंकज मोदी, परमेश्वर यादव, अनिल यादव, पारीजात सिंह, ईश्वर मोदी, राजेश सिंह, चन्दन मोदी, सुदेश मोदी, राजु भैया, सागर खान, राम बालक चौधरी,विकास कुमार, कृष्णा ब्रहपुरिया, राजकुमार यादव, बब्लु सिंह, सुनील मंडल, महादेव दास, सुनील मेहता, लक्ष्मण रजक, आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## घर में लगी आग 3 घंटे मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर।** थाना क्षेत्र के दलदलीया में सुखदेव यादव पिता साहब यादव के पक्का मकान में अचानक से आग लग गई। ग्रामीणों के काफी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू नहीं पाया गया। आनन-फानन में दमकल विभाग को दूरभाष के माध्यम से जानकारी दिए जाने के बाद तत्परता दिखाते हुए दमकल विभाग कोडरमा से आकर लगभग 3 घंटे भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई थी। घर में रखे सारे खाद्य सामग्री कपड़ा सहित अन्य कई सामान जलकर राख हो गए। सुखदेव यादव ने बताया कि लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारण का स्पष्ट पता नहीं चल पाया। स्थानीय रामेश्वर यादव, विजय यादव, प्रभु यादव, उमेश यादव, पवन यादव, रामू यादव, पप्पू यादव, अनिल यादव ,सुनील यादव ,सहित अन्य कई लोगों ने विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग किया है।

## बिहार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार का कोडरमा में हुआ भव्य स्वागत





**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा।** बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार का नगरखारा स्थित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओबीसी मोर्चा बिनोद कुमार मुन्ना के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके कोडरमा नगर पंचायत चंद्रवंशी समाज के गन्यमन लोगों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव भी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। जहां लोग सभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर जिसमें बिनोद कुमार मुन्ना, उमेश राम, रामेश्वर रवानी, प्रवीण चंद्रा, चंद्रवंशी दीपक नवीन, देवेंद्र कुमार, संतोष चंद्रवंशी, सीताराम चंद्रवंशी ( भगत जी ), राहुल वर्मा, अभिषेक कुमार, सोनू चंद्रवंशी, टीपू सिंह चंद्रवंशी व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कार दुर्घटना में पाँच सवार हुए चोटिल





**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** सतगावां-नवादा मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत के सिहास पुलिया के पास रविवार शाम पांच बजे असंतुलित होकर एक कार पुलिया के नीचे 15फीट जा गिरी। इस हादसे में सवार पांच लोग थोड़ी बहुत चोट लगी । सवार व्यक्तियों की पहचान प्रतीक कुमार 23वर्ष पिता विनोद प्रसाद ग्राम मथुरिया बिहार शरीफ, रौशन कुमार 17वर्ष लीबू चौधरी ग्राम बिहारशरीफ, शिवम कुमार 16 वर्ष विनोद प्रसाद, राहुल कुमार 26 वर्ष पिता अर्जून चौधरी,राहुल कुमार 21 वर्ष पिता विजय प्रसाद तीनों रामचंद्रपुर बिहार शरीफ़ जिला ललंदा का निवासी है। वापसी के क्रम में जैसे ही कार ( बीआर 01एच आर 2360 ) पुल के पास पहुंची कि कार चालक ने अपना संतुलन खो दिया और कार सीधे पुल से नीचे जा गिरी। जिसमें कार की प्रखच्चे उड़ गए। वहीं सूचना पर थाना प्रभारी सतगावां विजय गुप्ता अपने दल बाल के साथ घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां भेज कर प्राथमिक उपचार के उपरांत थाना लाया गया। वहीं छतिग्रस्त गाड़ी को जेसीबी से टोचन कर थाना लाया गया।समाचार लिखे जाने तक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## अखिल भारतीय संत समिति झारखंड प्रांतीय बैठक में योगी सुषमा सुमन हुई सम्मानित



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** योगी सुषमा सुमन को 28 अप्रैल 2024 दिन रविवार स्थान धनबाद में अखिल भारतीय संत समिति झारखंड प्रांतीय बैठक में योगाचार्य सुषमा सुमन को आयरन लेडीज उपाधि देकर सम्मानित किया गया यह सम्मान स्वामी जितेंद्रनंद सरस्वती राष्टीय महामंत्री के द्वारा यह सम्मान दिया गया और एक माला देकर सुषमा सुमन को सम्मानित किये और झारखंड प्रांत के महा मंत्री स्वामी हसानंद गिरी अंग वस्त्र देखकर सुषमा सुमन को सम्मानित किये सुषमा सुमन ने दोनों को कोटि-कोटि धन्यवाद की साथ में स्वामी रामदेव को भी धन्यवाद की आज उनके मार्गदर्शन से इतना बड़ा सम्मान मिला है और झुमरी तिलिया कोडरमा जिला वासियों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद खास करके मातृशक्ति से लेकर भाइयों को जो मेरे कार्य जहां-जहां हुई सभी लोग ने मदद किये, योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया लगातार जो मेहनत हो रही थी वह सफल हुई है, और यह सम्मान पूरे कोडरमा जिला वासियों के लिए है भारत माता की जय।

## चंदवारा प्रखण्ड में जेपी पटेल का चला जनसंपर्क अभियान



**हज़ारीबाग़** - हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने रविवार को बरही विधानसभा अंतर्गत चंदवारा प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने आरागारो, खांडी, पिपराही, मदलगुंडी, चंदवारा, पथलगड्डा, पितिरचांच, उरमा आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने डोर टू डोर कैंपेन चलाकर जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा द्वारा संविधान पर किये जा रहे हमलों और आरक्षण को समाप्त करने के षड्यंत्र को लोगों के सामने रखा। देश को बचाने के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि भाजपा चार सौ पार का नारा इसलिए दे रही है ताकि संविधान को बदला जा सके। कहा, सभी के मोबाइल में अब अमित शाह का वो वीडियो पहुंच चुका है जिसमे वो आरक्षण को खत्म करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को समझाया कि अब भी वो लोग नहीं जागे तो आने वाले वक्त में आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा साथ ही संविधान में अन्य फेर बदल किया जाएगा। जो गरीबों और पिछड़ों के लिए दमनकारी नीति अपनाएगा। जनसंपर्क में जेपी भाई पटेल को बरही विधायक उमा शंकर अकेला का साथ मिला।

## यज्ञ भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुई कोडरमा विधायक नीरा यादव एवं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव







**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

जयनगर प्रखंड अंतर्गत तेतरौन परसाबाद मुख्य मार्ग के बीच अंबाडीह भदानी पेट्रोल पंप के बगल सर्विस सेंटर जनता गैरेज त्री दिवसीय यज्ञ एवं भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ । इससे भव्य भंडारे कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कोडरमा विधायक नीरा यादव ने कहा कि भंडारे का प्रसाद खाने से आत्मा तृप्ति होती है । बहुत ही सौभाग्य से यज्ञ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उपस्थित पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि क्षेत्र में यज्ञ होने से आपसी भाईचारा प्रेम एवं एक साथ भंडारे का प्रसाद लोगों के बीच जमीन पर बैठकर प्रसाद खाने से आपसी भाईचारे के साथ-साथ लोगों में प्रेम की जागृति आती है। भंडारे कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित जिला परिषद केदारनाथ यादव उप मुखिया चंदन वर्णवाल, स्थानीय मुखिया आशा देवी मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र दास सर्विस सेंटर के प्रोपराइटर कार्तिक यादव, वरिष्ठ नेता महावीर यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रकाश पंडित, सतीश यादव, केदार यादव, बाबूलाल यादव, बसंत यादव, शमशेर अंसारी, जीवलाल यादव, रामदेव यादव शंकर यादव सावित्री देवी सुमन देवी संगीता देवी सोनाली कुमारी उमा कुमारी, सीता देवी सचिन यादव सहदेव यादव अर्चित सोनू शिवम मन यू केशवआदि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में संकुल स्तरीय शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला सम्पन्न




**हज़ारीबाग़** – सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हार टोली, हजारीबाग में संकुल स्तरीय शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आरंभ अतिथिगण सरिता कुमारी, प्रांतीय सह प्रमुख, वाटिका शिक्षा, संकुल संयोजक, डॉक्टर बी के विश्वकर्मा, रश्मि कुमारी, विभाग प्रमुख , संगीता कुमारी, संकुल प्रमुख चतरा, विद्यालय के सदस्य, संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, डॉक्टर राजीव रंजन के द्वारा मां भारती, माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यशाला में सरिता कुमारी,प्रांतीय सह प्रमुख ने बताया कि चित्र के द्वारा शिशु वाटिका के बच्चों को हम धार्मिक बातों की जानकारी के साथ- सर्वांगीण विकास कैसे कर सकते हैंद्य मौके पर संकुल संयोजक,डॉक्टर बी के विश्वकर्मा ने कहा- शिशु वाटिका के बच्चों को क्ले एवं मिट्टी के माध्यम से कलाकृति बनाकर उन्हें शिक्षा प्रदान करें द्य वही रश्मि कुमारी, विभाग प्रमुख ने विभिन्न प्रकार के क्रिया आधारित शिक्षण के द्वारा बहनों के योग्यता विकास की बात कही। उन्होंने आनंदमय शिक्षा, चित्र पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, वस्तु प्रदर्श, शिशु वाटिका शिक्षा की बारह व्यवस्थाएं, साधन सामग्री, प्रयोग एवं खेल- खेल में शिक्षा आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन ने कहा शिशुओं के सीखाने की 12 व्यवस्थाओं के माध्यम से शिशुओं को हम शिक्षा प्रदान करें । इससे शिशुओं का ज्ञानेंद्रियों के साथ उनके कर्मइंद्रियों का विकास होता है। उन्होंने शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला के महत्व और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला और कहा कि आप सभी यहां जो प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं उसका उपयोग शिशुओं में दिखना चाहिए। कार्यशाला में विद्यालय के सदस्य संजय उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा - इस कार्यशाला में आप सभी ने जो सीखा उसका विद्यालय में प्रयोग करेंद्य जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा । कार्यक्रम में कोर्रा विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार सिंह ने शिशु वाटिका के विकास हेतु 12 आयाम का अनुपालन करना अति आवश्यक है द्य तभी भैया- बहनों का सर्वांगीण विकास संभव होगा द्य कार्यशाला में विभिन्न संकुल के विभिन्न विद्यालयों से आई हुई दीदी जी ने शिशु वाटिका से संबंधित विभिन्न प्रकार के क्रिया आधारित शिक्षण एवं प्रयोग की जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में संगीता कुमारी,संकुल प्रमुख चतरा, रामनगर,हजारीबाग के प्राचार्य राजकुमार जी एवं कुम्हारटोली संकुल के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय आचार्य अनिल कुमार ने करवाया द्य

## मनोज यादव के अगुवाई में बीजेपी प्रत्याशी मनीष जयसवाल का चौपारण दौरा आज

**चौपारण** - लोकसभा चुनाव के शंखनाद के बाद जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आते जा रहा है हज़ारीबाग़ में भी चुनावी रंग चढ़ने लगा है। हजारीबाग लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार मनीष जयसवाल क्षेत्र भ्रमण में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

लोकसभा प्रत्याशी बनने के बाद मनीष जयसवाल अब तक चार से पांच बार पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के अगुवाई में चौपारण प्रखण्ड के विभिन्न गांवो में चुनावी दौरा कर चुके हैं,और राष्टहित में फिर से एक बार मोदी सरकार को बनाने के लिए 4 सौ से पार के लक्ष्य को पाने के लिए भाजपा के उम्मीदवार को समर्थन करने की अपील कर चुके हैं। 29 अप्रैल को भी मनीष जयसवाल चौपारण प्रखण्ड के पूर्वी मण्डल के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे। इस सम्बंध में सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी और चौपारण मुखीया संघ के अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी सोमवार को प्रखण्ड के पूर्वी मण्डल के क्रमशः सिंघरावाँ मोड़, मलिकाना, लराही, भटबिगहा, डेबो, करमा, वृन्दा, रामपुर, बेलाही, बसरीया, पडरिया, ब्रह्ममोरिया, सेलहारा, पांडेयबारा, केन्दुवा, सिंघरावॉ का दौरा करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सिंघरावा मोड़ से प्रातः 9 बजे होगी और समापन रात आठ बजे सिंघरावा में होगा। इस दौरान इन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व आम लोगों से भी बढ़चढ़कर हिस्सा लेने व भाजपा के कमल को मजबूत बनाने की अपील भी की है।

## हेल्पिंग हैंड्स' के द्वारा घर में आने वाली उपयोगी सामान मात्र 10 में उपलब्ध, एक व्यक्ति सिर्फ 5 सामान ले पायेंगे



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

झुमरी तिलैया, श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में÷ हेल्पिंग हैंड्स÷ के द्वारा जरूरतमंदों को घर में आने वाली उपयोगी सामान मात्र ?10 में दिए जाएंगे। 30 अप्रैल मंगलवार को यह कार्यक्रम जैन भवन राजगढ़िया रोड में प्रातः 10ः00 बजे से होगा। जैन समाज के द्वारा सेवा के इस कार्यक्रम में प्रत्येक सामान का ?10 देकर एक व्यक्ति पांच सामान तक ले सकता है, इस अनूठे सेल कार्यक्रम में नए एवं पुराने सामानों का मिश्रण होगा । पुराने सामान भी काम में आने लायक होंगे साड़ी लेडीज कुर्ती सूट जींस टी-शर्ट कपड़ा जूता चप्पल कुर्सी टेबल साइकिल बर्तन आदि घर के दैनिक जीवन में काम आने वाले समान होंगे। एक बार ले जाने के बाद सामान की वापसी या अदला बदली नहीं होगी । जरूरतमंद व्यक्ति को 15 मिनट का समय रहेगा वहां पर हजारों सामान रहेंगे आप एक समान का मात्र ?10 देकर अपनी मर्जी से अपने पसंद का अधिकतम पांच सामान तक ले सकते हैं। जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी एवं पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है, जैन समाज हमेशा जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे बढ़कर कार्य करता है । समाज के युवा बच्चों के द्वारा हेल्पिंग हैंड्स के तहत इस तरह की सेवा का कार्य पहली बार किया जा रहा है। जिसमें हजारों समान मात्रा ?10 में दिए जाएंगे , हम सभी को विश्वास है शहर के सैकड़ो जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिलेगा इस कार्यक्रम के परियोजना निदेशक प्रियंका जैन छाबड़ा, अभिषेक जैन गंगवाल, अमित जैन सेठी, इसान जैन कासलीवाल, शिखा जैन गंगवाल, खुशबू जैन सेठी, हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि सेवा का यह कार्य फ्री में भी किया जा सकता था परंतु प्रति समान ?10 रखने का उद्देश्य यह है कि सामान लेने वाले अपने आप को कमजोर ना समझे उनमें किसी प्रकार की झिझक ना हो प्रत्येक व्यक्ति का अपना सम्मान होता है।

## संपादकीय

# महंगाई की फिक्र

ऐसे वक्त में जब केंद्रीय बैंक खुदरा मुद्रास्फीति को काबू पाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ता नजर आ रहा था, प्रतिकूल मौसमी हालात तथा बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों ने चिंता बढ़ायी है। यही वजह है कि निर्धारित चार फीसदी तक मुद्रास्फीति नियंत्रण के लक्ष्य को लेकर अनिश्चितता पैदा हुई है। दरअसल, बीते माह में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 4.9 फीसदी रहने पर केंद्रीय बैंक समेत आर्थिक विशेषज्ञ उत्साहित थे कि अब चार फीसदी के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। दरअसल, इसी मकसद से केंद्रीय बैंक ने अप्रैल 2023 के बाद से रेपो दरों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया। केंद्रीय बैंक को आशंका थी कि रेपो दरों में बदलाव से महंगाई बढ़ सकती है। ऐसे में आरबीआई मुद्रा स्फीति की मौजूदा स्थिति को लेकर आशावान है। लेकिन साथ ही चिंतित है कि मौसम के मिजाज में लगातार आ रहे बदलाव तथा दो साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध व हालिया गाजा संकट से वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ सकती है। जिसका असर भारत पर पड़ना लाजिमी है। इन्हीं आशंकाओं के चलते केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति को नहीं बदला है। वहीं दूसरी ओर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पैनी निगाह रखने वाली सीएमआईई की रिपोर्ट में विश्वास जताया गया है कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक खुदरा मुद्रास्फीति पांच साल के न्यूनतम स्तर तक पहुंच सकती है। लेकिन मौसमी अस्थिरता इस मार्ग में बाधक बन सकती है। दरअसल, वैश्विक मौसम संगठन के संकेत हैं कि विपरीत मौसमी स्थितियां हमारी कृषि अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। जिसका सीधा असर खाद्यान्न महंगाई पर पड़ सकता है। हालांकि, भारत की सकल घरेलू उत्पाद दर के फिलहाल सात फीसदी रहने के अनुमान तमाम देशी-विदेशी आर्थिक संगठन लगा रहे हैं, लेकिन अचानक पैदा हुई प्रतिकूल परिस्थितियों के बाबत भविष्यवाणी करना आसान नहीं है। लेकिन इसके बावजूद जरूरी है कि महंगाई पर नियंत्रण के प्रयासों के प्रति हम गंभीर रहें। जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी हमारी युवा आबादी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बहरहाल, हमें यह स्वीकार करना होगा कि जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया को गहरे तक प्रभावित करने लगा है। खासकर कृषि क्षेत्र के प्रभावित होने से महंगाई बढ़ने का खतरा लगातार बना हुआ है। अतिवृष्टि-अनावृष्टि और अचानक आने वाली बाढ़ दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं। जिससे सारी दुनिया में खाद्यान्नों की कीमतों में तेजी आ रही है। हमने पिछले दिनों भारत में भी देखा कि जब गेहूं की फसल तैयार होकर खलिहानों तथा मंडियों तक पहुंचने लगी तो पश्चिमी विक्षोभ के चलते हुई बारिश ने काफी नुकसान किया। निश्चित रूप से गोदाम पहुंचने से पहले अनाज का भीग जाना किसान के लिये संकट का सबब बन जाता है। यह घटनाक्रम अब हर साल का हिस्सा है। हजारों टन अनाज बेमौसमी बारिश की भेंट चढ़ जाता है। जिससे अनाजों, फलों व सब्जियों की फसल खराब होने से खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं। पर्याप्त भंडारण की व्यवस्था न होने के कारण बिचौलिये जमाखोरी के जरिये वस्तुओं के दामों में कृत्रिम उछाल पैदा कर देते हैं। जो कालांतर खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ने का कारण बन जाता है। जिसका सीधा असर आम आदमी की थाली पर पड़ता है। वहीं दूसरी ओर रूस-यूक्रेन युद्ध, हालिया गाजा संकट एवं समुद्री जहाजों पर हूती विद्रोहियों के हमलों ने भी कच्चे तेल के दामों में तेजी पैदा की है। इस तरह पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में उछाल से ढुलाई का खर्च बढ़ जाता है।

## आज का राशिफल

**मेष** — पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। मादक वस्तुओं का प्रयोग न करें। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा।

**वृषभ** — व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। रचनात्मक प्रयास लाभप्रद होंगे। घर के मुखिया या संबंधित अधिकारी का सहयोग मिलेगा। फिजूल खर्च पर नियंत्रण रखें। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन** — दाम्पत्य जीवन में तनाव आ सकते हैं। कुछ व्यावसायिक समस्याएं आ सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। निजी संबंधों के मामले में अतृप्त महसूस करेंगे।

**कर्क** — बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। स्थानान्तरण व परिवर्तन की दिशा में सफलता मिलेगी। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**सिंह** — जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या** — सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। व्यावसायिक योजनाओं में कठिनता का अनुभव कर सकते हैं। विरोधी परास्त होंगे।

**तुला** — पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। जारी प्रयास सफल होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**वृश्चिक** — शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें, इससे विवाद की स्थिति को टाला जा सकता है। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**धनु** — आर्थिक योजना सफल होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। भाई या पड़ोसी का सहयोग मिलेगा। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**मकर** — जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भाग्य वश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**कुम्भ** — दाम्पत्य जीवन में व्यर्थ के तनाव आ सकते हैं। किसी रिश्तेदार के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। क्रोध में वृद्धि होगी। रिश्तों में सुधार हो सकता है। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे।

**मीन** — पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें, चोरी या खोने की आशंका है। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

# अब मालदीव से सतर्क रहने का वक्त

**पुष्परंजन**



मोहम्मद मुइज्जू ने चुनाव परिणाम को 'सुपर मेजोरिटी' कहा है। दो लाख 84 हज़ार 887 मालदीवियन वोटरों में से 84.14 फीसद ने संसदीय चुनाव में हिस्सा लिया था। मुइज़्ज़ू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने संसद की 93 सीटों में से 71 पर फतह की है। पीएनसी के पास अपने गठबंधन दलों के साथ कुल मिलाकर 75 सीटें हैं, जबकि मुख्य विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) पहले की 65 सीटों से घटकर केवल 12 सीटों पर रह गई है। पीएनसी ने 90 प्रत्याशी उतारे थे, जबकि एमडीपी ने 89 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव लड़ा। 130 स्वतंत्र उम्मीदवारों से अलहदा जम्हूरी पार्टी (जेपी) के 10 और डेमोक्रेट्स के 39 कैंडिडेट्स थे। जीत-हार का फ़ासला सुनकर हैरान होइएगा। पचास-सौ वोट से भारत के किसी गली-मोहल्ले और हाउसिंग सोसायटी चुनाव में लोग हारते-जीतते हैं। दुनिया मॉमून मालदीव की विदेशमंत्री रह चुकी हैं। अहमद फारिस मॉमून उनके भाई हैं, जो कभी अर्थ मंत्रालय संभालते थे। पूर्व राष्ट्रपति मॉमून अब्दुल गयूम की दोनों संतानें इस बार चुनाव हार चुकी हैं। 1978 से 2008 तीस साल तक अखंड राज किया था मॉमून अब्दुल गयूम ने। उस कालखंड में इनकी संतानों के जलवे थे। जनमत की ताक़त ने चमकते चांद को टूटा हुआ तारा बना डाला। यह बात सफलता के नशे में चूर राष्ट्रपति मुइज्जू की समझ में शायद देर से आये। अभी सबको यही लग रहा है कि मुइज्जू ने 'इंडिया आउट' का जो नारा दिया था, उसका असर संसदीय चुनाव पर भी पड़ा है। बेशक पड़ा होगा। लेकिन अमेरिकी फैक्टर सबकी आंखों से ओझल है। इस परिणाम से अमेरिका को भी झटका लगा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि हमने चुनाव परिणामों पर बारीकी से नजर रखी है। हमें यह सुनकर खुशी हुई कि पर्यवेक्षकों ने कोई बड़ा मुद्दा या अनियमितता नहीं बताई है और नतीजे लोगों की इच्छा के अनुरूप हैं। हिंद-प्रशांत में क्षेत्रीय प्रभाव को विस्तार देने और चीन को बेअसर करने के लिए अमेरिका ने 2023 में माले में दूतावास खोला था। यों, अमेरिका ने मालदीव की स्वतंत्रता के बाद 1966 में उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक साझेदारी को विस्तार देने के मकसद से अमेरिका ने सितंबर, 2020 में मालदीव से सुरक्षा सहयोग पर हस्ताक्षर किए थे। तो क्या मालदीव में अमेरिकी रणनीति विफल हो गई? दिल्ली पर सवाल दरपेश करने से पहले इस पर भी विचार करने की आवश्यकता है। मालदीव ने 1965 में इस्राइल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। उस समय इस्राइल, मालदीव को मान्यता देने वाला तीसरा देश था, और इस्राइली राजदूत मालदीव के राष्ट्रपति को अपना प्रत्यय पत्र प्रस्तुत करने वाले पहले कूटनीतिक थे। 2009 में राष्ट्रपति मोहम्मद नाशीद के नेतृत्व में मालदीव ने इस्राइल के साथ पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। मालदीव इस्राइली पर्यटकों के बीच लोकप्रिय डेस्टिनेशन रहा है। लेकिन गाज़ा युद्ध के बाद सब कुछ बदल गया। वर्ष 2023 में फलस्तीन के साथ एकजुटता दिखाने के लिए मालदीव में 'इस्राइल आउट' जैसे प्रदर्शन आयोजित किये गये। मालदीव के सांसद सऊद हुसैन ने इस्राइली पासपोर्ट धारकों को देश में आने पर प्रतिबंध लगाने के लिए संसद में एक प्रस्ताव पेश किया था। साथ में इस्राइली युद्ध का समर्थन करने वाली कंपनियों के बहिष्कार का आह्वान किया था। इन सबका फायदा मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) को इस बार के संसदीय चुनाव में मिला है। भारत ने जिस तरह नेतन्याहू के प्रति सहानुभूति दिखाई, उसने भी चुनाव प्रचार के समय पीपुल्स नेशनल कांग्रेस के लिए ईंधन का काम किया था। पीएनसी की विजय और मुख्य विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) की पराजय के पीछे पंचतंत्र की तरह कहानी के पीछे कहानियों के जाल बिछे हैं। इस समय सबसे गद्गद चीन है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम सफल संसदीय चुनावों के लिए मालदीव को बधाई देते हैं, और मालदीव के लोगों की पसंद का पूरा सम्मान करते हैं। हमें साझा भविष्य तय करना है। मालदीव के साथ काम करने को हम तैयार हैं।' अब जिस तरह मालदीवियन संसद 'मजलिस' में सुपर मेजोरिटी मुइज्जू की पार्टी को हासिल हुई है, चीन के सोये अरमान जग चुके हैं। शिन्हुआ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय रणनीति अनुसंधान विभाग के निदेशक कियान फेंग ने कहा, 'चुनाव से पहले, विपक्षी दल ने संसद को नियंत्रित किया था, इसलिए मुइज़्ज़ू के राष्ट्रपति पद को काफी दबाव और चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। अब हासिल चुनावी जीत मुइज्जू को काफी मजबूत करती है, जो उनकी वर्तमान घरेलू और विदेशी नीतियों के सुचारु कार्यान्वयन के लिए फायदेमंद है।' थिएनक्वांगछिंग चाइनिज अकादमी ऑफ सोशल साइंस में सीनियर रिसर्च फेलो हैं। उनके बयान पर ग़ौर करें, तो चीनी मंशा साफ हो जाती है। थिएनक्वांगछिंग ने कहा, 'आकार और जनसंख्या के मामले में एक छोटे राष्ट्र के रूप में मालदीव की प्राथमिक चिंताएं स्वतंत्रता बनाए रखना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। मालदीव में भारत की सैन्य उपस्थिति देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता के लिए ख़तरा है। मुइज्जू का अभियान आर्थिक विकास पर काफी हद तक केंद्रित है। यह चुनाव राष्ट्रपति के विकास एजेंडे के लिए जनता के समर्थन को दर्शाता है।' मतलब साफ़ है कि चीनी बंदूक प्रेसिडेंट मुइज़्ज़ू के कंधे पर है। वो संसद में मालदीव के आर्थिक विकास के नाम पर 'वन बेल्ट रोड इनीशिएटिव' की कई सारी लंबित योजनाएं पास कराएंगे। संसद से रक्षा समझौतों की पुष्टि कराएंगे। इस इलाके में भारत के रणनीतिक असर को कैसे कम करना है, उसकी कवायद शुरू हो जाएगी। इसे काउंटर करने के लिए भारत को क्या करना चाहिए? यह सबसे बड़ा सवाल है। मालदीव भौगोलिक रूप से एक ओर अदन की खाड़ी और पश्चिमी हिंद महासागर के होर्मुज जलडमरूमध्य के चोकप्वाइंट पर टिका है, दूसरी ओर पूर्वी हिंद महासागर के मलक्का जलडमरूमध्य के चोकप्वाइंट के बीच एक 'टोल गेट' की तरह अवस्थित है। ऐसे सामरिक महत्व के मुल्क की हम उपेक्षा भी नहीं कर सकते। भारत और मालदीव के बीच 545 नॉटिकल माइल्स वाली समुद्री सीमा को एक द्विपक्षीय समझौते के माध्यम से सीमांकित किया गया था, जिस पर 28 दिसंबर, 1976 को हस्ताक्षर किए गए थे, और 8 जून, 1978 को लागू हुआ था। हमारी प्राथमिकता 'सतर्कता गई, दुर्घटना हुई' वाली स्थिति से बचने की होनी चाहिए। यों, भारत ने अपनी सैन्य क्षमता को उन्नत करने के लिए लक्षद्वीप द्वीप समूह में एक नया नौसैनिक अड्डा 'आईएनएस जटायु' स्थापित किया है। यह बेस मालदीव का निकटतम नौसैनिक अड्डा होगा। लेकिन, इसे काफ़ी मत मानिये। लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# कांग्रेस नेताओं के बयानों के निहितार्थ

**(लेखक- सुरेश हिंदुस्तानी)**

वर्तमान में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस की ओर से एक बार फिर से वैसी ही गलती दोहराई गई है, जो पिछले दो लोकसभा चुनाव के दौरान की गई। हो सकता है कि इसे कांग्रेस अपनी गलती नहीं माने, लेकिन ऐसी गलतियों को भाजपा ने सत्ता के शिखर पर पहुँचने के एक ऐसा सुगम रास्ता बनाया, जो उसकी जीत को आसान कर गया। हालांकि इस बार के चुनाव के लिए कांग्रेस ने भरपूर प्रयास किया है। राहुल गांधी द्वारा निकाली गई दो यात्राओं के माध्यम से सीधे जनता से जुड़ने का साहसिक प्रयास किया, इससे निश्चित ही कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के मन में उत्साह का संचार हुआ, लेकिन कांग्रेस नेताओं के मनमाने बयान इस उत्साह पर पानी फेरते दिखाई दिए। ऐसे बयानों के चलते ही कांग्रेस को अपने कदम पीछे खींचने पड़े। आज कांग्रेस के समक्ष कठिन सवाल यह भी है कि वह देश के मानस को समझ नहीं पा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान वातावरण में हिंदुत्व का उभार राजनीति का केंद्र बिंदु बना हुआ है और विपक्षी दल कभी हिंदुत्व पर तो कभी भगवान् राम के बारे में ऐसा वक्तव्य दे देते हैं, जो उनको पीछे की ले जाते हैं।

पिछले दो लोकसभा चुनाव और अब 2024 के चुनाव के दौरान विपक्ष की ओर से जिस प्रकार से बयानबाजी की गई या की जा रही है, उसे भारतीय जनता पार्टी ने अपनी जीत सुनिश्चित का मार्ग बनाने में देर नहीं की। हम जानते हैं कि 2014 के चुनाव में कांग्रेस की ओर से नरेन्द्र मोदी को चाय वाले के रूप में प्रचारित किया। भाजपा ने इसे ही अपना चुनावी मुद्दा बना लिया। इसके बाद जो दृश्य दिखा, उसमें देश का हर चाय वाला यानी देश का गरीब मतदाता स्वाभाविक रूप से मोदी के साथ जुड़ता चला गया। यहां तक कि कई स्थानों पर मोदी के नाम से चाय बेचने का अभियान जैसा चलता दिखाई दिया। इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी को चौक़ीदार बताकर 'चौकीदार चोर है' कहकर विवादित बयान दिया, जिसके बाद एक बहुत बड़ा वर्ग यह कहने में गौरव का अनुभव करने लगा कि 'मैं भी चौक़ीदार' हूँ। हालांकि इस मामले में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी झूठे साबित हुए और इस बारे में कोई प्रमाण प्रस्तुत न कर सके। उन्हें न्यायालय में लिखित में माफी मांगनी पड़ी। इसके बाद कांग्रेस के प्रति देश में अविश्वास का भाव बनता गया और उसे लोकसभा के चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा। इस सबके बाद भी कांग्रेस ने कोई सबक नहीं लिया और इस बार भी कांग्रेस की ओर से ऐसी बातें बोली जा रहीं हैं, जिसे कांग्रेस की राजनीतिक कार्यप्रणाली भी माना जा सकता है। इस चुनाव में कांग्रेस ने जनसंख्या के आधार पर जाति को संपत्ति वितरित करने का नारा दिया है, इस नारे को भी भाजपा ने लपक लिया और कांग्रेस के लिए कैच आउट की अपील कर दी। इसमें तीसरे अम्पायर की भूमिका निभाने वाली जनता का निर्णय जानने के कुछ दिन की प्रतीक्षा करनी होगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा ने यह खुले रूप में कहा है कि वह जातिगत जनगणना कराकार आर्थिक सर्वे भी कराएगी, इसके बाद उसे संपत्ति दी जाएगी। उधर ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने यह कहकर कांग्रेस के लिए आत्मघाती मार्ग तैयार किया कि अमेरिका की तर्ज पर भारत में भी व्यक्ति के स्वर्गवास होने के बाद आधी से अधिक संपत्ति सरकारी खजाने में जानी चाहिए, लेकिन विदेश में कांग्रेस का कार्य देख रहे इस नेता को शायद यह नहीं मालूम कि अमेरिका का विकास और भारत का विकास एक जैसा नहीं हो सकता। भारत के संस्कारों की महक को आज अमेरिका भी अनुभूत कर रहा है, जबकि अमेरिकी संस्कृति से वहां के नागरिक दूर होते जा रहे हैं। ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के इस बयान ने लोकसभा चुनाव के दौरान आग में घी डालने जैसा ही कृत्य किया है। इसे कांग्रेस के लिए विनाश काले विपरीत बुद्धि जैसा ही माना जा रहा है। सैम पित्रोदा के इस बयान के निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। इस बयान को विवादित कहा जाए या नहीं, यह परीक्षण का विषय हो सकता है, लेकिन आम जनता इसका क्या मतलब निकलेगी, यह चुनाव परिणाम ही बता पाएगा। फिलहाल तो यही माना जा रहा है कि सैम पित्रोदा ने अपने बयान के माध्यम से कांग्रेस के मंसूबों को एक बार फिर से स्पष्ट कर दिया है। सैम पित्रोदा ने पहले भी ऐसा ही एक विवादित बयान दिया, जिसमें उन्होंने सिख दंगों के बारे में कहा था कि जो हुआ सो हुआज इसका तात्पर्य यही था कि काँग्रेस को सिखों के मारे जाने का कोई अफसोस नहीं हुआ। अब एक और बयान देकर कांग्रेस की मेहनत पर पानी फेरने का काम किया है। जहां तक जातिगत जनगणना की बात है कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दलों ने सदैव से ही मुसलमानों को केवल वोट मानकर राजनीति की। जिसके कारण मुसलमानों का समुचित विकास नहीं हो सका, लेकिन आज की केंद्र सरकार ने सबका साथ सबका विकास वाली अवधारणा को अपनाते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ देश के सभी गरीबों को दिया। जबकि कांग्रेस की योजनाएं तुष्टिकरण वाली रहती हैं। कांग्रेस के इस बार के घोषणा पत्र के बारे में भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि उस पर मुस्लिम लीग की छाप है। अगर ऐसा सही है तो इस प्रकार की मानसिकता देश के घातक ही होगी। मुसलमानों के बारे में सभी दलों को सोचना ही चाहिए, लेकिन केवल इन्हीं के बारे में सोचना चाहिए, यह ठीक नहीं। राजनीतिक दलों को सबके बारे में सोचना चाहिए।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस सहित अन्य विपक्ष के राजनेताओं के भाषण के केंद्र में केवल भाजपा और नरेन्द्र मोदी ही हैं। यही हाल भाजपा का भी है, उसके नेताओं के भाषण भी बिना मोदी के अधूरे हैं। यह अलग बात है भाजपा उनके व्यक्तित्व और काम के आधार पर वोट मांग रही है और विपक्ष के राजनीतिक दल उनका विरोध करके वोट मांग रहे हैं। आज कांग्रेस और उसके सहयोगी दल भले ही मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन यह सभी दल यही चाहते हैं उनके दल को अच्छी संख्या में सांसद मिल जाएं। इसका तात्पर्य यही है कि सारे दल मिलकर भी एक नहीं हो पा रहे हैं। चुनाव के बाद कैसा राजनीतिक परिदृश्य होगा, यह अभी से कहना जल्दबाजी ही होगा, लेकिन कांग्रेस नेताओं के बयान एक बार फिर एक ऐसे विवाद को जन्म देते दिखाई दे रहे हैं, जो जनमानस को विचार करने के लिए प्रेरित करेंगे। कांग्रेस नेताओं के यह बयान लोकसभा चुनाव में क्या खेल दिखाएंगे, यह कांग्रेस के नेता अवश्य ही जानते होंगे, लेकिन देश में अब तुष्टिकरण की राजनीति नहीं होना चाहिए। इससे देश का भी नुकसान होगा और समाज का भी भला नहीं होगा।

## विचार मंथन

# साल गुजरा पर शांत नहीं हुआ मणिपुर

**(लेखक- सनत जैन)**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान हिंसा हुई। मतदान के बाद भी हिंसा जारी है। मतदान खत्म होने के 6 घंटे बाद ही कुकी उग्रवादियों ने रात करीब 12 बजे मोइरंग थाने के नारायण सेना गांव में सीआरपीएफ की 128 बटालियन के शिविर पर हमला कर दिया। ढाई घंटे तक आमने-सामने की मुठभेड़ होती रही। सीआरपीएफ के चार जवान घायल हुए। दो जवानों की अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। दो जवान घायल अवस्था में अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। इस मुठभेड़ में तीन उग्रवादी भी घायल हुए। मणिपुर में अभी तक सुरक्षा बलों के 12 से अधिक जवान शहीद हो चुके हैं। दोनों ही पक्षों के उग्रवादियों ने दर्जनों थाने के हथियार लूट लिए। केंद्र राज्य सरकार के प्रयास के बाद भी अभी तक यहां पर शांति स्थापित नहीं हो पाई। पिछले चार दशक में मणिपुर राष्ट्रीय विचारधारा से पूरी तरह जुड़ चुका था। राजनीति के चलते कुकी और मैतई समुदाय के बीच में आरक्षण को लेकर सुनियोजित ढंग से अलगाववाद को बढ़ाया गया। राज्य सरकार और हाईकोर्ट के एक आदेश से सीमावर्ती राज्य मणिपुर पूरी तरह से न केवल अशांत हुआ, वरन प्रशासनिक संरक्षण के चलते कुकी समुदाय के सैकड़ों चर्च तोड़ दिए गए। महिलाओं की नंगी परेड निकाली गई। ईसाई और हिंदू धार्मिक ध्रुवीकरण का मणिपुर में जो खेल शुरू हुआ, वह तमाम कोशिशों के बाद भी शांत नहीं हो पा रहा है। कुकी और मैतई समुदाय के सेकड़ों लोगों की मौत हिंसक वारदातों में हो चुकी है। हजारों लोग शरणार्थी शिविरों में पिछले कई महीनों से रह रहे हैं। मणिपुर दो भागों में बट चुका है। कुकी और मेतई एक दूसरे के इलाकों में नहीं जा पा रहे हैं। वर्तमान मुख्यमंत्री वीरेन सिंह की अगुवाई में अलगाववाद का जो खेल खेला गया था, वह और मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह दोनों ही बने हुए हैं। मुख्यमंत्री को लेकर दोनों पक्षों में नाराजगी है। दोनों पक्षों में शासन और प्रशासन का विश्वास पूरी तरह से खत्म हो चुका है। मेतई समुदाय मुख्यमंत्री वीरेन सिंह से नाराज है। उन्होंने जो वायदे मैतई समुदाय से किए थे, वह उन्होंने पूरे नहीं किये। कुकी समुदाय और मेतई समुदाय के बीच हिंसा का वातावरण बनने से, दोनों ही समुदायों के लोग आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से परेशान हैं। इसका हल केंद्र सरकार नहीं निकाल पाई है। राज्य सरकार पर दोनों ही समुदायों को भरोसा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जरूर कुछ निर्देश दिए थे, लेकिन उनका पालन भी मणिपुर की सरकार नहीं कर रही है। इस कारण मणिपुर की अशांति खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। दोनों ही समुदायों का वर्तमान मुख्यमंत्री और प्रशासनिक मशीनरी पर भरोसा नहीं रहा। प्रशासन नाम की कोई चीज मणिपुर में देखने को नहीं मिल रही है। मेतई समुदाय के इलाके में कुकी समुदाय के सरकारी कर्मचारी और अधिकारी नौकरी करने के लिए नहीं जा पा रहे हैं। इसी तरीके से मेतई समुदाय के सरकारी कर्मचारी और अधिकारी कुकी इलाकों में नहीं जा पा रहे हैं। इतने समय के बाद भी दोनों ही समुदाय के हजारों, शरणार्थी शिवरों में रहने के लिए बाध्य हैं। छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं शरणार्थी शिविरों में नारकीय जीवन जीने के लिए विवश हैं। स्कूल बंद है, कारोबार बंद है। पहली बार किसी राज्य में इस तरह की अशांत स्थिति इतने लंबे समय तक बनी रही है। लोग अपने ही राज्य में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप करने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। सीमावर्ती राज्यों को लेकर जिस तरीके की उपेक्षा केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है। यह चिंता की बात है। जल्द से जल्द और समय रहते मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए सुनियोजित और समग्र प्रयास नहीं किए गए, तो पूर्वोत्तर राज्यों में भारत सरकार को लेकर जो विश्वास पिछले 50 सालों में बना था, वह विश्वास टूटते देर नहीं लगेगी। भारत सरकार और भारत की न्यायपालिका को स्वयं संज्ञान लेकर मणिपुर के दोनों वर्गों के नागरिकों के बीच विश्वास कायम करने के लिए आगे आना होगा। यह विश्वास तभी कायम होगा जब वर्तमान मुख्यमंत्री वीरेन सिंह को मुख्यमंत्री के पद से हटाकर केंद्र सरकार मणिपुर को अपने नियंत्रण में ले। दोनों ही समुदाय का भरोसा शासन और प्रशासन पर बनाना होगा। बिना किसी राजनीति के कुकी और मेतई के बीच में समन्वय बनाने का प्रयास किए जाने पर ही मणिपुर शांत होगा। इसमें अब और विलंब किया गया तो इसके परिणाम बड़े घातक साबित हो सकते हैं।

# कामडारा में जंगली हाथी ने भारी उत्पात मचाते हुए दो घरों को किया ध्वस्त





**गुमला** : जिले के कामडारा प्रखंड के सरिता गड़हा टोली गांव में बीती रात करीब 3 बजे एक जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए सुरजू कोंगाड़ी व मगदली कोंगाड़ी के मकान को पुरी तरह से ध्वस्त कर दिया । हाथी के अचानक हमले से घर में सो रहे परिजन बौखला उठे। वे किसी तरह बाहर भाग कर जान बचाने में कामयाब रहें। सड़क के दुसरे भाग में अवस्थित यहां मात्र दो ही कच्चा खपड़ैल मकान अवस्थित है । दोनों मकानों को हाथी ने पुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया । जिसके कारण घरों के अंदर रखे सभी घरेलू सामान व अनाज बर्बाद हो गया । अब दोनों पीड़ित परिवार वालों के समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है । सरिता पंचायत में कुल 18 टोली है । सरिता व गोहराम के बीहड़ जंगल सारंडा को जोड़ता है और सरिता पंचायत के करीब सभी गांव - टोली जंगल से घिरे हैं । जिसके कारण सालो भर इस इलाके में जंगली हाथियों का आना-जाना लगा रहता है । मकानों को क्षतिग्रस्त वाला हाथी अभी गोहराम जंगल में शरण ले रखा है । जानकार बताते हैं कि झुंड की अपेक्षा अकेला हाथी ज्यादा आक्रमक होता है। जिसके कारण जंगल से सटे गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है । घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र सुरीन ने हरसंभव मदद का भरोसा देते हुए पुरे मामले से वन विभाग बसिया को अवगत कराया है।

## फोरी पंचायत की ग्रामीण महिलाओं ने बैठक कर लिया भाजपा को समर्थन देने का निर्णय



**गुमला** : रविवार को गुमला जिला के फोरी पंचायत में गांव की महिलाओं के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गुमला नगर अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह, भाजपा नेत्री रामेश्वरी उरांव व महिला मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी गुड्डी नंदा ( रोमा ) विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने गांव के विकास एवं उत्थान के लिए भारतीय जनता पार्टी की नीति एवं कार्य शैली से प्रभावित होकर भाजपा का समर्थन करने का अपना मन सुनिश्चित किया। क्योंकि मोदी ही वह विकास पुरुष हैं जो गांव के अंतिम पायदान में रहने वाले लोगों की चिंता करते हुए हर तरह का कार्य गारंटी के साथ पूरा किया है । इसीलिए गांव की सभी महिलाओँ ने सामुहि रूप से फैसला लेते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का फैसला किया । बैठक में मुख्य रूप से गांव के पहान भी उपस्थित थे। इस मौके पर अनीता कुमारी, प्रभा मिंज, रेशनी कुमारी, करीना कुमारी, खुशबू कुमारी, रेशमा कुमारी, मानती कुमारी, सुमन उरांव, ललिता कुमारी, संगीता कुमारी, नंदनी कुमारी, जानकी देवी, मनी देवी, बोलो देवी, करिया देवी, यशोदा देवी, व्रतमनी देवी, फुलमनी देवी, फागुनी देवी, बासी देवी, अनीता देवी, फूलन देवी, बुधमनिया देवी, वाकलो देवी, बुधाईन देवी, पुनीता उरांव. तीतरी उरांव, घुराईन उरांव, सोमरो उरांव, मदिया उरांव, प्रिया उरांव, रीना कुमारी, बुधनी उरांव, रोपनी उरांव, सोमारी उरांव आदि महिलाएं व बच्चियां उपस्थित थी।

## लापता बच्चे को पुलिस ने 24 घंटे अंदर बरामद कर मां के हवाले किया



**गुमला** : शहर के बड़ाइक मोहल्ला से शनिवार को गायब हुए बच्चे को पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया। बच्चे को उसकी मां को सौंप दिया। गुमला थाना के एएसआई सगीर आलम ने बताया कि शनिवार को बच्चा गायब होने की जानकारी के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई। इसके बाद कबाड़ी रिक्सा वाले व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ किया गया। पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि मैंने सोचा यह बच्चा मेरे घर के समीप एक व्यक्ति का है । यही सोंच कर वह उसे अपने साथ ले जा रहा थे। इसी दौरान जशपुर रोड स्थित टेंपो स्टैंड के समीप हेसाग चेरो टोली गांव की कुछ महिलाएं खड़ी थी। जिसमें से एक महिला बच्चे को पहचान लिया और उसे टेंपो में बैठाकर अपने साथ हेसाग चेरोटोली गांव ले गई। महिला ने सोचा कि बच्चा भटक गया होगा और उसे उसकी मां को सौंप दिया जाएगा। काफी रात हो जाने के कारण महिला बच्चे को अपने ही घर में रखी हुई थी। इधर पुलिस शहर के सीसीटीवी कैमरा को खंगालने में जुटी रही। वही कैमरा में महिला की तस्वीर आई जो बच्चे को ऑटो में बैठकर ले जा रही थी। छानबीन के बाद पता चला कि वह महिला हेसाग चेरो टोली गांव की ही है। जहां बच्चे का नानी घर है। इसके बाद पुलिस रविवार की सुबह हेसाग चेरो टोली गांव पहुंची और बच्चे को सही सलामत बरामद किया। इसके बाद उसे थाना लाया गया । वहीं उसकी मां को भी थाना बुलाया गया। जहां बच्चे को उसकी मां को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस की तत्परता और अथक प्रयास से बच्चा अपनी मां से मिल गया।

# कांग्रेस की सरकार ने कभी गांव के गरीब लोगों की जरूरत को नहीं जाना: बाबूलाल मरांडी



**भंडरा-लोहरदगा**: भारतीय जनता पार्टी भंडरा मंडल कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को भंडरा स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित की गई। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। मौके पर लोकसभा प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व विधायक सह मंत्री सधनु भगत, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, पूर्व विधायक सह विधानसभा प्रभारी कमलेश उराँव, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ब्रजबिहारी प्रसाद, ओमप्रकाश सिंह, बिदेश्वर उराँव आदि उपस्थित रहे। बाबूलाल मरांडी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने गरीब किसान और गांवों में इतनी कम समय में जितना काम किए, वह किसी दूसरे के नेतृत्व में नहीं हो पाया। कांग्रेस की सरकार ने कभी गांव के गरीब लोगों की जरूरत को नहीं जाना, वहीं हमारे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सड़क, बिजली स्वास्थ्य, शिक्षा, गरीब, आदिवासी जनजाति के उत्थान के लिए कई प्रकार की योजनाओं को बनाया और उसे धरातल पर उतरने का कार्य किया। आज इंडिया एलाइंस सरकार झारखंड में जहां मोदी जी पूरे देश की समृद्धि एवं विकसित झारखंड बनाने की बात करते हैं जब भाजपा की सरकार बनी अटल बिहारी वाजपेई जी ने अपने नेतृत्व में झारखंड का स्थापना किया और झारखंडियों को सम्मान दिया। कांग्रेस लंबे समय से सत्ता पर ही परन्तु आदिवासी गरीब क्षेत्र में कभी सड़क स्वास्थ्य बिजली की व्यवस्था प्राथमिकता में नहीं रही वह केवल बड़ी शहरों तक सिमटी हुई थी। सधनु भगत ने कहा कि विपक्ष सीएए को लेकर केवल गुमराह कर रही है। उसे गलत परिभाषा गढ रही है, जबकि हम सभी को डरने की जरूरत नहीं है। डरने की जरूरत बांग्लादेशी घुसपैठियों को है। यह कांग्रेस को स्वीकार नहीं क्योंकि घुसपैठिये कांग्रेस को निमंत्रित करती है और वोटबैंक के रूप में समझती है।प्रवीण सिंह ने कहा कि केन्द्र की योजनाओं से लोग सशक्त हो रहे हैं। सुनीता सिंह ने कहा कि जो देश को टुकड़े टुकड़े क्षेत्र में बांट दिया, जो देश को लूटा और केवल परिवार को बढ़ाने का कार्य वह इंडिया गठबंधन है। मौके पर मंडल अध्यक्ष विवेक सोनी, ईश्वरी मोहन शर्मा, राजकिशोर साहू, कैलाश साहू, लखन उरांव, सूरज दसोंधी, ओम गुप्ता, मीना देवी, पंकज साहू, आकाश यादव धनजंय तिवारी, मुन्ना चौहान, केदार प्रसाद, रामकुमार साहू, विशेश्वर महतो, गुलाम अंसारी, उमेश साहू, पदाधिकारी सहित अन्य हजारों लोग उपस्थित रहे।

# एबीवीपी कार्यकर्त्ता ग्राम एवं पंचायत स्तर पर छात्रों और ग्रामीणों के बीच चलाएंगे जागरुकता अभियान



**गुमला** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुमला की जिला बैठक रविवार को संपन्न हुई । बैठक में मुख्य रूप से देशभर में लोकतंत्र के महापर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा गुमला में ग्राम व पंचायत स्तर पर जाकर नव मतदाताओं एवं ग्रामीणों के बीच नागरिकों को मिले उनके एक वोट के महत्व को बता कर मतदान हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा । बैठक में विभाग प्रमुख प्रो हरि किशोर साही एवं जिला प्रमुख डॉ आशुतोष कुमार ने बताया कि एबीवीपी के कार्यकर्ता देश में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों में मतदान हेतु उन्हे जागरुक कर रहें हैं और वोटिंग के दिन शत प्रतिशत मतदान हो ,इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। एबीवीपी गुमला के कार्यकर्ताओ के द्वारा लोकतंत्र में सहभागिता और मतदान के विषय पर छात्रों और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रो. जीभवानी ,प्रदेश सह मंत्री डब्लू भगत, सिसई कॉलेज के संयुक्त सचिव रॉकी राज, उप सचिव पृथ्वी राज, जीवन साहु, राघवेंद्र कुमार, बादल नायक, चमर उरांव, बंटी भगत, सिसई कॉलेज मंत्री सुखु साहु , बाबू लाल साहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सक्षम संवाद कार्यक्रम में 200 दिव्यांगों को दी गई लाभकारी योजनाओं की जानकारी



**गुमला** : सक्षम झारखंड प्रांत के द्वारा आज दिव्यांग जनों के बीच जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत सरस्वती विद्या मंदिर के प्रशाल में सक्षम संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में जिले के करीब 200 दिव्यांग उपस्थित हुए। इस संवाद कार्यक्रम में दिव्यांगों के लिए केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और सरकार की उस कार्यक्रमों का लाभ हुए कैसे उठाएं या उनका लाभ दिलाने में कौन और कहां से मदद कर सकता है के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकांश महिला व युवा लाभुकों ने भाग लिया । सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव ने दी । इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सक्षम बिहार के सचिव बबन मिश्रा ने कहा कि झारखंड जैसे सुदूरवर्ती इलाकों के लाभुकों को सरकार की योजनाओं का लाभ वह कैसे उठा सके इस संबंध में सक्षम संवाद हुआ । लाभुक विवेक मिश्रा ने कहा कि यहां आने से मुझे आज सरकार की योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी मिली और वह जान पाए कि उन योजनाओं का लाभ कैसे उठा सकते हैं। बैंकों से कैसे ऋण प्राप्त कर सकें और अपना रोजगार शुरू कर सके। इस बैठक में बिहार झारखंड के भारतीय पुनर्वास परिषद सदस्य राकेश कुमार तिवारी, सचिव अजीत कुमार, पैरालंपिक बैडमिंटन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, सक्षम गुमला के जिला संयोजक ममोनु मुक्ता कुमारी, निमरोदय के विश्वनाथ कुमार और जितेंद्र लोहरा सहित अनेक लोग उपस्थित थे ।

# भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव रौतिया समाज के सामाजिक कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल

### *देश की आजादी की लड़ाई में रौतिया समाज की रही है अहम भागीदारी : समीर उरांव



**रायडीह (गुमला)** : रायडीह मंडल के हरिणाछापर (कुकूरसेपटा) में रौतिया सामाजिक कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव भी शामिल हुए। समाज के महिलाओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री उरांव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रौतिया समाज शुरू से ही देशप्रेमी रहें हैं। इनका इतिहास बलिदानों का है। समाज के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद बख्तर साय उर्फ वैधनाथ शाही व मुंडल सिंह ने ईस्ट इंडिया कंपनी से लोहा लेते हुए भारत के आजादी के इतिहास में पहली बार अंग्रेजों को पराजित किया। बाद में इन्होंने हंसते हंसते अपने देश के लिए फांसी का फंदा चुम लिया। ऐसे बलिदानियों पर पुरा देश गर्व करता है। श्री उरांव ने कहा कि आज कई देशी-विदेशी शक्तियां सरना-सनातन एकता को तोड़ने के लिए जी जान से जुटी हुई है। तरह तरह के अफवाहें फैला कर सरना-सनातन समाज बरगलाने का प्रयास हो रहा है। जब से केंद्र में मा.नरेंद्र मोदी की सरकार आई है, तबसे इनकी नींद उड़ी हुई है। वे लोकसभा चुनाव में कोशिश कर रहें हैं कि किसी तरह इस बार मोदी जी सता में नहीं आये। इसलिए समाज को एकजूट होकर अपनी चट्टानी एकता का परिचय देना है। शत प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए समीर उरांव ने कहा कि मोदी जी ने समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति के लिए भी विकास की रोशनी पहुंचाई है। उन्होंने 400 पार का संकल्प को पुरा करने में रौतिया समाज की भी महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए। इस मौके पर संरक्षक बहादुर सिंह, लखन प्रसाद सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रोहित सिंह व हरिनाथ सिंह ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हीरा प्रसाद सिंह,, स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष बुधनाथ सिंह ने किया।

## ट्रैक्टर के चपेट में आने से मोअजिम सौकत अंसारी की मौत



**मांडर।** मुड़मा चौक ईदगाह मस्जिद के मोअजिम सौकत अंसारी की मौत ट्रैक्टर के चपेट में आने से हो गई। घटना रविवार सुबह सवा चार बजे की है। सौकत अंसारी ईदगाह मस्जिद में मोआज्जिन थे। वह फज्र की अजान देने जा रहे थे। मस्जिद की गेट में घुसने ही वाले थे की मांडर की ओर से जानेवाले ट्रैक्टर ने उसे अपने चपेट में ले लिया। ईलाज के लिए मंडार स्थित अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे रांची ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में मौत हो गई। पोस्टमार्टम करने के बाद उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मांडर थाना में केस दर्ज किया गया है। पुलिस अपराधी की खोज कर रही है। जनाजे और मिट्टी में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हर सुख दुःख में साथ देने का भरोसा दिलाया। मौके पर मौलाना रफीक साहब, समाजसेवी शमीम अख्तर आजाद, हाजी शाकिर इस्लाही, समीम अख्तर, आबिद अंसारी, फिरोज अंसारी अमानत अंसारी एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## दिमागी रूप से बीमार अपने लापता पुत्र को खोजने के लिए मां ने लगाई गुहार



**कामडारा (गुमला)** :प्रखंड के सालेगुटू गोंगरा टोली गांव निवासी हेमनारायण साहु ( पिता माडु साहु ) उम्र 29 वर्ष जिसका दिमागी हालत करीब 9 वर्षों से खराब है । वह पिछले 07 अप्रैल से अपने घर से निकल कर लापता हो गया है । जिससे परिजन काफी परेशान हैं । काफी खोजबीन के बाद भी अब तक लापता हेमनारायण के बारे कुछ भी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है । अपने पुत्र के गुमशुदगी के मामले को लेकर मां सुकरमनी देवी ने बीते 19 अप्रैल को कामडारा थाना में लिखित आवेदन सौंप अपने पुत्र को खोजने की पुलिस से गुहार लगाई है । लापता हेमनारायण साहु के बारे किसी भी सज्जन को सुचना प्राप्त होने पर मोबाईल न0 9955229184 पर जानकारी देने की अपील की गई है।

## शांतनु सिंह ने ब्लड डोनेट कर किया जरूरतमंद बच्चे की मदद



**गुमला** : बहुत ही गंभीर स्थिति में मानवता का परिचय देते हुए लाइफलाईन संस्थान के सदस्य शांतनु सिंह ने बी पॉजिटिव ब्लड डोनेशन करके सदर अस्पताल में इलाजरत एक बच्चे की सहायता की। लाइफ लाइन संस्थान के रोहित खंडेलवाल ने बताया कि ब्लड बैंक में बी पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध नहीं था और बच्चे को बी पॉजिटिव ब्लड की अति आवश्यकता थी । स्थिति की गंभीरता को समझते हुए शांतु सिंह ने तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। इनका कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार संगीता कुजूर व रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

## ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे की भुगतान को लेकर लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी पार्टियों को घेरा जाएगा

**गुमला** : झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के माध्यम से विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के अरबो रुपए जमा पैसे की जल्द भुगतान के लिए सत्ताधारी पार्टियों को चुनाव में घेरने की तैयारी की जा रही है। 3 मई 2024 को गुमला में होनेवाली महाबैठक में विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जमा झारखंड के लाखों लोगों का खून पसीने की जमा करोड़ों रुपए की भुगतान के मामले को प्रमुखता से उठाई जाएगी। सहारा इंडिया, बेड़ो बैंक, बेसिल कंपनी, एपीलाइन, विश्वामित्र इत्यादि दर्जनों विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में गुमला सहित झारखंड के गांव से लेकर शहर तक के लोग अपने बेटी व बेटा के शादी के लिए तथा बुढ़ापे की सहारे के लिए अपनी गाढ़ी कमाई मेहनत का पैसा को जमा किए थे। लेकिन मैच्योरिटी के बाद भी पैसा नहीं मिलने से राज्य के लाखों जमाकर्ता ठगा महसूस कर रहे हैं । जिसको लेकर झारखंड नवनिर्माण दल के नेतृत्व में ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा राज्य में आंदोलन खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। सत्ताधारी पार्टी को जमा पैसे की भुगतान के बाबत वक्तव्य देना होगा नहीं तो चुनाव में जमाकर्ता किस की ओर जाएंगे इस बात का निर्णय लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लिए 3 मई 2024 को गुमला में होनेवाली महाबैठक में लिया जाएगा। यह जानकारी झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन, जिला- गुमला, झारखंड के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी।

## मृतक के शव के साथ परिजनों ने किया टावर चौक जाम, आश्वासन के बाद हटाया जाम

### -11 हजार वोल्ट करंट प्रवाहित तार के चपेट में आने से हुई थी मौत

**गुमला** :शुक्रवार की सुबह हुसैन नगर में 11000 वोल्ट करंट प्रवाहित बिजली तार के चपेट में आने से खड़ियापाड़ा निवासी 28 वर्षीय प्रदीप खलखो की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई । शनिवार को परिजन शव लेकर गुमला आए और बिजली विभाग पहुंचे। जहां बिजली विभाग का घेराव किया गया। लोगों की भीड़ देखकर बिजली विभाग के कर्मी ताला बंद कर चुपके से खिसक लिए। जिसके बाद परिजन शव को लेकर शहर के टावर चौक पहुंचे। जहां सड़क पर शव को रखकर टावर चौक को जाम कर दिया। जाम लगने से सड़क में वाहनों की लंबी कतार लग गई। यहां तक की बाइक चालकों को भी इस पार से उस पार नहीं होने दिया जा रहा था। जाम की सूचना पर गुमला थाना के थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, एसडीपीओ सुरेश यादव और अंचल अधिकारी हरीश कुमार टावर चौक पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर उन्हें समझाया। लेकिन जाम करने वाले पदाधिकारियों की बात सुनने के लिए भी तैयार नहीं थे। ये लोग मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, आश्रितों को 20 लाख मुआवजा, मृतक के बच्चे को मुक्त शिक्षा और दोषियों को बर्खास्त करने की मांग रखी। देर शाम तक वार्ता विफल रही। वही अंचल अधिकारी के द्वारा दाह संस्कार के लिए 50 हजार का सहयोग दिया गया। शाम 7:00 बजे पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम हटा लिया गया।

# राज्यसभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे हजारीबाग लोस चुनाव कार्यालय, कई बैठकों में हुए शामिल

**हज़ारीबाग़** – भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से जीतेंगे । जीतने के बाद नरेंद मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में हजारीबाग का यह सांसद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उक्त बातें रविवार को हजारीबाग के झंडा चौक स्थित भाजपा के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रधान चुना कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बदौलत पार्टी सदैव चलायमान है। सच कहा जाय तो पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा हमारे बूथ के निष्ठावान कार्यकर्ता ही होते हैं। नीव हमारी कार्यकर्ताओं के बदौलत ही खड़ी है जो विशाल बटवृक्ष का रूप ले लिया है। दीपक प्रकाश ने कहा कि एक मई को प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन के सुअवसर पर ऐतिहासिक भीड़ होगी।




इस मौके पर पार्टी के पार्टी के कई बड़े चहरे उपस्थित होकर आयोजित संकल्प सभा मे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों व कार्यप्रणाली को जनता के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के शासनकाल की प्रसंशा चारो दिशा में हो रही है। देश की जनता ने ठान लिया है कि इसबार भी मोदी को ही बागडोर सौपना है। अतः मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा सीट से जीतकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। एक सवाल के जवाब में राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि दीपक और मनीष दो तन एक जान हैं। कोडरमा जाने के क्रम में यहां पहुंचे दीपक प्रकाश का भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने स्वागत किया। तत्पश्चात वे कई महत्वपूर्ण बैठकों में भी शामिल हुए ।

## अंबिका भवानी सुरक्षा एजेंसी के गार्ड ने रोड पर गिरा हुआ 20 हजार का मोबाइल पुलिस को सौंपा



**हज़ारीबाग़** – अंबिका भवानी सुरक्षा एजेंसी के सुरक्षाकर्मी ने ईमानदारी का मिशाल पेश करते हुआ रोड मे गिरा हुआ 20 हजार का मोबाइल की सूचना कंपनी को दी 7 गुरुवार देर रात्री हजारीबाग नमस्ते रेस्टोरेंट से ड्यूटी ऑफ करके घर जाते समय चानो पुल के समीप ओप्पो कंपनी का मोबाइल जो की ऑफ था, सुरक्षाकर्मी रुद्रेश कुमार को मिला जिसने उठा कर अपने पास रख लिया और घर ले आया। अगले दिन रुद्रेश कुमार ने इस बात की सूचना कंपनी को दी, जिसमे इन्होंने बताया की मुझे मोबाइल मिला है किसी का गिरा हुआ था , कंपनी उनकी बात को सुनते हुए और उनके द्वारा नेक कार्य के लिए इनको इनाम दिया साथ मे उनकी सैलरी मे इजाफत किया गया , कंपनी ने मोबाइल को सुरक्षाकर्मी से लेते हुए मुफफसिल थाना के थाना प्रभारी को पूरी बात की जानकारी देते हुए मोबाईल जमा करवा दिया गया और कहा कि जिसका भी मोबाइल होगा उसको दे दीजिए। कंपनी के संचालक सचिन खंडेलवाल ने कहा की इस कार्य के लिए सुरक्षाकर्मी को पहले से ही ट्रेनिंग दी जाती है, जिसमे उनको बताया जाता है की ईमानदारी ओर जिम्मेदारी के साथ काम करना है , आज इस बात पर चलते हुए मेरे कंपनी मे 80 से ऊपर सुरक्षकर्मी कार्य कर रहे है , इस बात को पूरा ध्यान रखते है ओर कार्य कर रहे है। रात हो दिन मै खुद सभी साइड पर विजिट करता हूँ।

## संजीव बेदिया ने पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिंहा से की मुलाकात, चुनाव पर किया चर्चा



**बड़कागांव** – इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जे पी पटेल जीत सुनिश्चित करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया सह बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष संजय सिंह ने पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा से मुलाकात की और उन्हें बुके देकर अभिनंदन किया। यशवंत सिन्हा ने कहा इडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल चुनाव निश्चित तौर पर जीत रहे हैं। इसमें किसी प्रकार का कोई शक नहीं है। वहीं विचार विमर्श के दौरान संजीव बेदिया ने कहा हमारे तरफ से जितना भी प्रयास है हम पूरा कर रहे हैं। हमको विश्वास है कि इस बार हजारीबाग लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन के खाते में निश्चित जाएगा। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ,नयूम राही,झामुमो नेता सह प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ,जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुइयां ,पीयूष बेदिया,सफीउल्लाह अंसारी, राकेश मिश्रा ,प्रखंड सचिव सरोज मेहता गुलाब राम, बाबर कुरैशी ,विनोद यादव इत्यादि लोग उपस्थित हैं।

## डूमर के बेडम निवासी मजदुर का जम्मु - कश्मीर में हुई मौत, परिवार का रो- रोकर बुरा हाल



**टाटीझरिया** – प्रखंड क्षेत्र के बेड़म (डूमर) निवासी मजदूर नारायण गंझु की जम्मू -कश्मीर में मौत हो गई। जिसका शव रविवार को गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही उनकी पत्नी,बच्चे और रिश्तेदारों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। उनकी पत्नी की भी स्थिति काफी खराब हो रही थी। उसके 4 बेटों में अजय गंझू की शादी हुई है,शेष तीन अविवाहित हैं।जिनमें कुलदीप गंझु,विक्की गंझू और रवि गंझू हैं। मृतक ,अपने परिवार के भरण -पोषण के लिए जम्मू कश्मीर के सांभा काम करने गया था।जहां काम के दौरान घटना घटी और उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जम्मू कश्मीर के सांबा में अधेड़ नारायण किसी निजी कंपनी में बिजली मिस्त्री का काम करता था। घटना के दिन भी एक उत्तर प्रदेश के मजदूर के साथ यह भी 11000 वोल्ट के तार को ठीक करने के लिए कनेक्सन कटाने के बाद पोल पर चढ़ा था। अचानक तार में करंट प्रवाहित होने लगा और दोनो मजदूर झुलसकर नीचे गिर गए। आनन फानन में इन्हे अस्पताल ले जाया गया। जहां इनकी मौत हो गई। शव आने के बाद रविवार को सुबह ही उनका अंत्येष्टि कर दिया गया है।

## तीन दिवसीय उर्स मेला शांतिपूर्ण समपन्न, अंतिम दिन इंडिया गठबंधन का रहा जमावड़ा



**चौपारण** – प्रखण्ड के चयकला में सालाना तीन दिवसीय उर्स मेला रविवार सुबह क्वाली के समापन के साथ ही समपन्न हो गया। कव्वाली के अंतिम दिन यूपी बिजनौर के टीवी सिंगर इंतजार साबरी और मुंबई के टीवी सिंगर आरिफ नाजां के बीच शानदार मुकाबला हुआ। मुकाबले को सुनने के लिए रात भर दर्शक डटे रहे और नाल के ताल पर तालियों बजाते रहे। उर्स मेले के अंतिम दिन इंडिया गठबंधन के नेताओं का जमावड़ा लगा रहा। इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल,बरही विधायक उमाशंकर अकेला के अलावा टीएसएस प्रमुख अरुण साहू सहित कई नेताओ ने दूल्हा शाह बाबा के दरबार में हाजिरी लगाया और बाबा पर चादरपोशी की। और अमन चैन की कामना की। ततपश्चात उर्स कमिटी ने सभी इंडिया गठबन्धन के नेताओ को फूल व पगड़ी पहनाकर स्वागत की। मौके पर लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल व विधायक श्री अकेला ने उर्स कमिटी का आभार ब्यक्त किया। कहा कि वर्षों से यहां हिन्दू मुस्लिम मिलजुलकर हर वर्ष उर्स मनाते आ रहे हैं,ये हमारी भाईचारगी और एक दूसरे के प्रति प्रेम को दिखाता है। वहीं उर्स के सफल आयोजन के लिए कमिटी के सभी सदस्यों को धन्यवाद भी कहा। मौके पर चौपारण -2 जिप सदस्य रवि शंकर अकेला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, प्रखंड कार्यालय विधायक प्रतिनिधि नवीन यादव, सुखदेव दांगी सहित कई कांग्रेस के कार्यकता साथ में मौजूद थे। वहीं चयकला के मुखीया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर व पंसस प्रतिनिधि फैजान अजमेरी ने उर्स के शांतिपूर्ण समपन्न होने पर उर्स कमिटी के तमाम सदस्यों व युवाओं का आभार ब्यक्त किया।

## सेवा सहयोग समिति ने झारदाग गांव में चापाकल का कराया मरम्मत



**हजारीबाग** – बढ़ती गर्मी में खराब पड़े हुए चपकालो की समस्या से सेवा सहयोग समिति के सदस्य लगातार जूझ रहे हैं , पिछले दिनों कटकमसांडी कटकमदाग प्रखंड कई गांव में दसों चपकालों की मरम्मत सेवा सहयोग समिति ने अपने स्तर से कराई है। इसी क्रम में 28 अप्रैल दिन रविवार को कटकमसांडी के झारदाग गांव में काफी दिनों से बेकार पड़े चापाकल की मरम्मत कराई गई। अब ग्रामीण पानी की कीलत से राहत पा रहे हैं। इस बाबत संस्था के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा है कि चापाकलो की मरम्मत का कार्य लगातार चल रहा है, सूचना मिलते ही हमलोग हर समस्या में ग्रामीणों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा की न सिर्फ पेयजल बल्कि अन्य तरह की भी सेवायें हमारी संस्था कटकमसांडी, कटकमदाग, सदर , शहर ,और दारू के लोगों लिये दे रहे है। हम सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, उन्होंने बताया कि भविष्य में कार्यक्षेत्र के विस्तार की भी योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## सेवा सहयोग समिति के द्वारा शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाया गया प्याऊ

**हजारीबाग** – शहर में बढ़ते गर्मी को देखते हुए हर तरफ गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार की इंतजाम किए जा रहे हैं, स्कूल के बच्चों का टाइमिंग में बदलाव किया गया है। गर्मी आते ही लोगों को ठंडी पानी की ललक लगने लगती है। और ऐसी स्थिति में शहर तथा ग्रामीण इलाकों में लोगों को उनकी प्यास बुझाने के लिए सेवा सहयोग समिति सहारा बन रहा है। शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड चौक स्थित आरोग्यम अस्पताल के समीप सेवा सहयोग समिति के द्वारा रविवार को सुबह प्याऊ की व्यवस्था की गई। जिसका शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा सहित शहर के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया गया। वही ग्रामीण इलाकों में भी प्याऊ लगाया गया। ग्रामीण वासियों ने इसका शुभारंभ किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि प्याऊ सेवा से राहगीरों एवं आम लोगों को गर्मी में पीने के लिए शुद्ध पानी




मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। जहां पानी होता है वही जीवन होता है जल बिना मनुष्य का जीवन असंभव है, पानी का एक-एक बूंद बहुत कीमती होता है पानी का सम्मान करना चाहिए ना कि इसका व्यर्थ करना चाहिए। तथा जरूरत के अनुसार पानी का उपयोग करना चाहिए। साथ ही कहा की सेवा सहयोग समिति शहर तथा ग्रामीण वासियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

मौके पर पहुंचे लोगो ने कहा कि युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा को बधाई देते है इस नेक कार्य के लिए, साथ ही खा की आपके नेतृत्व में शहर तथा ग्रामीण वासियों के लिए किए जा रहे अनेकों सामाजिक और धार्मिक कार्य प्रशंसा के काबिल है। प्याऊ के माध्यम से भीषण गर्मी में राहगीरों, रिक्शा चालकों तथा आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा और वो इस भीषण गर्मी से राहत की सांस ले सकेंगे।

## संपूर्ण भारत में दो तिहाई मतों से इंडिया गठबंधन जीतेगी – डॉ0 आरसी मेहता

**हजारीबाग** – हजारीबाग सहित झारखंड के सभी सीटों पर 2024 के चुनाव में मजबूत स्थिति में है। हजारीबाग लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार जेपी भाई पटेल निश्चित जीतेंगे। यह आकलन समीकरण सामर्थ्य आचरण के आधार पर किया जा रहा है, हजारीबाग लोकसभा में पांच विधानसभा है, जिसमें पांच में चार विधानसभा गठबंधन के पाले में जीता हुआ है एक विधानसभा हजारीबाग में मैं उप विजेता हूं, यह बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेता हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने हजारीबाग कांग्रेस के कार्यकारिणी के सभा में कहा। मेहता ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में कांग्रेस का जीत निश्चित है बाकी 13 झारखंड




के लोकसभा में इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। इस लोकसभा में पिछले लोकसभा के तुलना में तिन गुना मत कांग्रेस को मिलेगा। संपूर्ण भारत में दो तिहाई मतों से इंडिया गठबंधन जीतेगी और भारत के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी होंगे। सभा में मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी अजय सिंह लोकसभा जीतने के लिए अनेकों सुझाव दिए मंच का संचालन हजारीबाग के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने किया। अध्यक्ष ने निष्पक्ष पूर्वक संगठन के सदस्यों को मान सम्मान देते हुए एक सूत्र में पिरोने का काम करते हुए भूत जीतने का सुझाव दिए। धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विधानसभा प्रभारी कमल ठाकुर, महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह , अनुसूचित प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, महासचिव विनद कुशवाहा, अल्पसंख्यक अध्यक्ष साजिद अली खान , प्रो बीके मेहता, मनोज नारायण भगत, एडवोकेट इजहार अंसारी , विधि प्रकाश जिला अध्यक्ष संजय दास, राजकुमार मेहता, बाबर अंसारी, मासूक अंसारी, डॉ निजाम अंसारी इत्यादि दर्जनों लोगों ने चुनाव जीतने का सुझाव दिये। सैकडो कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपना बूथ जीतने का संकल्प लिया।

## केंद्र में होगी गरीबों की सरकार, मोदी उसके खेवनहार - शशिभूषण भगत



**टाटीझरिया** – केंद्र में फिर से गरीबों की सरकार, बनने जा रही है और उसके खेवनहार नरेंद्र मोदी ही होंगे।उक्त बातें टाटीझरिया में प्रेस वार्ता के दौरान हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के प्रभारी शशिभूषण भगत ने कही। कहा कि देश की जनता केंद्र में मोदी जी को ही देखना चाहती है। उनपर इतना भरोसा उनके किए गए कार्यों के कारण है। महिलाओं के लिए उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन,सिलेंडर और चूल्हा देकर उन्हें बीमारियों से बचाया,पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को आश्रय दिया,आयुष्मान कार्ड देकर गरीबों के ईलाज का जिम्मा उन्होंने उठाया।हर घर नल योजना के तहत उन्होंने फंड दिया,ताकि उनके घरों तक शुद्ध पानी पहुंचे। देश ही नहीं पूरी दुनिया मोदी जी की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। हमें गर्व है की हम जैसे कार्यकर्ता और यहां के मतदाता के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हैं। कहा कि इन्होंने देश को नई दिशा दिया,देश में डिजिटल क्रांति लाया,डिबिटी के मध्यम से हर लाभार्थी के खाते में सीधे भुगतान किया जा रहा है। इन्ही वजहों से तीसरी बार केंद्र में मोदी की सरकार बनेगी और आंकड़ा 400 पार होगा। प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,संयोजक टुन्नू गोप,जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, केपी ओझा,मंत्री अरविंद पप्पू, मिथलेश पाठक,महेश अग्रवाल,राजू यादव समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ कि बैठक संपन्न धूमधाम से परशुराम जन्मोत्सव मनाने का लिया गया निर्णय



**हज़ारीबाग़** – अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक बड़ा अखाड़ा परिसर में प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य महंत विजयानंद दास की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया व मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय रहे । सर्वप्रथम स्वस्तिवाचन व शांति पाठ के साथ सभा को प्रारंभ किया गया । आगामी 10 मई को बड़ा अखाड़ा परिसर में धूमधाम से परशुराम जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया । जिस में पूजा अर्चना के बाद महत्वपूर्ण विषयों पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा । इस कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के सभी प्रखण्ड से संगठन के विप्र बन्धु भाग लेंगे साथ ही प्रदेश के भी कई पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय के द्वारा हजारीबाग निवासी अनुज तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष का दाईत्व सौंपा गया । जिला अध्यक्ष प्रवेश पाण्डेय जी ने भी अपनी कमिटी का विस्तार किया जिस में सिधेश्वर पाण्डेय व नीरज त्रिपाठी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया । मौके पर प्रेमचंद पाण्डेय ,आशीष कुमार ओझा , शिवदत्त पाण्डेय ,शैलेश पाण्डेय ,रौशन पाण्डेय ,नीलकमल पाण्डेय , कन्हैया पाण्डेय , आनंद पाण्डेय ,धनंजय पाण्डेय ,सत्यम पाण्डेय ,पवन जिगर पाण्डेय आदि विप्र बंधु उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद कॉलेज टाटीझरिया का नए भवन में शुभारंभ

### कैरियर गाइडेंस सह टॉपर्स सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**टाटीझरिया** – स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट के द्वारा स्वामी विवेकानंद कॉलेज परिसर में नए भवन का शुभारंभ के अवसर पर कैरियर गाइडेंस सह टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर अरुण मिश्र व्याख्याता विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग उपस्थित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक रूप से अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन में मुख्य अतिथि के अलावा सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक,महेश अग्रवाल, युवा राजू यादव, मध्य विद्यालय खंभवा के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार साव, चंदन ठाकुर,बबलू प्रजापति, सेवानिवृत्ति अंचल निरीक्षक दिलीप चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव उपस्थित हुआ। अतिथियों द्वारा इस



प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन की भरपूर सराहना की गई साथ ही एक वर्ष में महाविद्यालय का अपना भवन परिसर की व्यवस्था हो जाने पर प्रशंसा व्यक्त किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कैरियर निर्माण करने का उचित सलाह दिया। शिक्षक गुलाब महतो ने कहा लक्ष्य का निर्धारण कर नियमित रूप से ईमानदारी के साथ अध्ययन किया जाए तो सफलता निश्चित मिलती है।मिथलेश पाठक ने कहा हम जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उसकी जानकारी प्राप्त कर मेहनत करके सफलता पा सकते हैं। राजु यादव ने कहा विद्यार्थी कैरियर गाइडेंस का लाभ उठाएं और अपनी रुचि के अनुसार अध्ययन कर अपनी सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम में कवि सुशांत पाठक के द्वारा कविता प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर अरुण मिश्र ने कहा विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार को भी आत्मसात कर अपना लक्ष्य प्राप्त करें। आप जिस क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं अपने पूरी मेहनत के साथ, संपूर्ण ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे और एक विशेष पहचान बनाएंगे वही सफलता है। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के वर्ग दशम के टॉप 5 विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें प्रखंड टॉपर्स पंकज कुमार -उत्क्रमित उच्च विद्यालय धरमपुर रिया कुमारी- उत्क्रमित उच्च विद्यालय झरपो प्रिंस कुमार -उत्क्रमित उच्च विद्यालय झरपो समेत अन्य विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावक को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के तीन टोपर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने अहम भुमिका निभाया।

# जदयू ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी को जिताने का लिया दृढ़ संकल्प

**कतरास,** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू बाघमारा विधानसभा के पंचायत प्रभारी, सह प्रभारी और प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एनडीए प्रत्याशी सह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी एवं जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में जदयू कार्यकर्ताओं ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को जिताने की रणनीति बनाई। बैठक में प्रत्येक बुथ पर जदयू का कार्यकर्ता हो, इस पर रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी सह सांसद श्री चौधरी ने कहा कि मैं विस्थापितों के हक में लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ेंगें । जदयू पार्टी आज एनडीए फोल्डर में सबसे बड़ा और मजबूत पार्टी है । जदयू के बिना एनडीए अधुरा है। जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार




के निर्देश पर जदयू के कार्यकर्ताओं ने पुरे प्रदेश में 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए कमर कस ली है। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को भारी बहुमत से जदयू कार्यकर्ता विजय बनाएंगे और फिर से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। बैठक में जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी,जिला महासचिव दीपक महतो,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विद्यानंद पासवान,पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ,जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू नेता फुलचंद दास, जदयू टुंडी प्रखंड यूवा अध्यक्ष गौतम पाण्डेय, जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, महेंद्र चौहान, किशुन महतो, कैलाश सिंह, विद्यानंद चौहान, मुकेश स्वर्णकार, टिंकू सिंह, प्रदीप सिंह,सोनु भुईयां, सुशील सिंह, मुखिया निरंजन गोप, तुलसी ठाकुर, मुकेश ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि पंचानंद रजवार, बब्लू सिंह, प्रभास कुमार, वकील राय, श्याम महतो,छोटु सिंह, सुर्यदेव मिश्रा,राजु रवानी, राजेश सिंह,उप मुखिया टिंकू सिंह, बालमुकुंद सिंह, नितिन पांडेय, कृष्ण कांत पांडे,राजा प्रमाणिक,शलीम खान, जमशेद अंसारी, अशोक गोप, आनंद गोप,भुच्चु भैया,अहमद रजा, तारा बाबू, गुड्डू सिंह, गोतम पांडेय, सीता देवी, बिनती देवी,बिनोद सिंह दिनेश राय, संजय दे, गौतम कुमार, गोलु कुमार, पंकज कुमार, गुड़िया देवी, जिलानी अंसारी,छोटु साह, प्रकाश यादव,आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। मंच का संचालन सुरज कुमार और धन्यवाद ज्ञापन फूलचंद दास ने किया।

## महुदा महाविद्यालय के इग्नू स्टडी सेंटर मे इंडक्सन मिटिंग संपन्न




**महुदा –** इग्नू स्टडी सेंटर (महुदा इंटर महाविद्यालय) मे इंडक्सन मिटिंग संपन्न हुआ! नये सत्र के नामांकित छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति में संपन्न बैठक के दौरान अध्यक्ष दीप नारायण शर्मा समेत इग्नू सेंटर के प्राध्यापकों ने पठन-पाठन की विस्तृत जानकारी दिये! बैठक के दौरान सेंटर कॉ-ऑर्डिनेटर प्रो0 गंगेश झा ने छात्रों को इग्नू मे नामांकण से लेकर पठन-पाठन एवं तैयारियों की तकनीकी जानकारी देते स्वतंत्र रूप से शिक्षा प्राप्त करने का एक सुगम माध्यम कहा जबकि प्रो दीप नारायण शर्मा ने इस शिक्षा को वर्तमान समय के लिये बेहद जनोपयोगी कहते हर प्रकार के जीवन जीने बालों के लिये शिक्षा ग्रहण करने का एक सुगम साधन बताया! उन्होंने कहा इग्नू अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वांग शिक्षा का माध्यम है जिसे प्राप्त कर चाहे युवा हो यो काम काजी व्यक्ति, अपने जीवन को नये आयाम दिलाने मे सक्षम है! इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के प्रो श्याम लाल महतो प्रो0 संगीता सिंह, प्रो0 टी पी महतो, प्रो0 डी के तिवारी आदि ने भी इग्नू शिक्षा के संदर्भ बहुमूल्य ज्ञान दिये! बैठक का संचालन बाघमारा कॉलेज के प्रो0 बी बी सिंह ने किया जबकि हसीबूद्दीन अंसारी ने सबों को धन्यवाद ज्ञापित किये!

## पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को किया जब्त,ट्रैक्टर मालिक पर मामला हुआ दर्ज

**गोमिया।** बोकारो जिले के रहावन ओपी थाना क्षेत्र के पचमो स्थित अलकुशिया जंगल मे शनिवार की देर रात पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर एक अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही झाड़ियों में छिपाकर रखा गया लगभग दस टन अवैध कोयले को भी जब्त किया है। इस दौरान पुलिस ने ट्रैक्टर के मालिक रघुनाथ महतो को भी मौके से गिरफ्तार किया है। छापेमारी अभियान का नेतृत्व गोमिया के सर्किल इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह ने किया है। मौके पर उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रहावन ओपी थाना क्षेत्र के पचमो स्थित अलकुशिया जंगल के समीप अवैध कोयला लदा हुआ ट्रैक्टर आ रहा है। अभियान में शामिल पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर के अलावा झाड़ियों में छिपाकर रखा हुआ लगभग दस टन अवैध कोयला को भी जब्त कर थाना ले आई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ट्रैक्टर मालिक के ऊपर मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में उनके साथ रहावन ओपी प्रभारी जयप्रकाश एक्का,गोमिया थाना के सअनि बिरसा बारा, पेटरबार एवं जरीडीह थाना के पुलिस अधिकारी सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## बूथ संख्या 124, 125 व 126 के पास से हटाया अतिक्रमण



**धनबाद /** स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने तथा बूथ के आसपास सुरक्षा के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदान केंद्रों के पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में रविवार को बरमसिया पुल के पास बूथ संख्या 124, 125 और 126 के आसपास अस्थाई अतिक्रमण को अंचल अधिकारी धनबाद सह एईआरओ शशिकांत सिंकर की देखरेख में हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान दंडाधिकारी और धनबाद थाना की पुलिस मौजूद थी। इस संबंध में सिंकर ने बताया कि मतदान केंद्र संख्या 124, 125 और 126 के आसपास अस्थाई संरचना बनाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसे हटाया गया है। लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के उद्देश्य से मतदान केंद्रों के आसपास किसी तरह का अस्थाई निर्माण वर्जित है।

## शोषित वंचित मज़दूर के लिए तीसरे विकल्प के रूप में उभर के आयेगी आजाद समाज पार्टीः डॉ परवेज



**बोकारो।** शोषित वंचित मज़दूर और मज़लूम के लिए तीसरे विकल्प के रूप में उभर के आयेगी आजाद समाज पार्टी (का)। क्योंकि झारखंड में दोनों राष्टीय पार्टी ने एक भी अल्पसंख्यकों को टिकट नहीं देकर छलने का काम किया है। जिसे यहां के मजदूर, विस्थापित,दलित, अल्पसंख्यकों में नाराजगी व्याप्त है। जिसका परिणाम धनबाद लोकसभा में देखने को मिलेगा। उपरोक्त कहना है आसपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी डॉ परवेज़ नैय्यर का । वे टिकट मिलने के उपरांत पहली बार पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने जो उन पर विश्वास जताया है, वह उनके विश्वास पर खडा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पार्टी संविधान पर चलती है और संविधान के लिए लड़ती है। वही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने कहा कि झारखंड में पार्टी के प्रति लोगों का रुझान देखते हुए पहले दो लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार की घोषणा की गई थी। परंतु पार्टी और लोगों का समर्थन को देखते हुए कुछ और सीटों पर प्रत्याशी उतारने का निर्णय किया जा रहा है। इस मौके पर भीम आर्मी प्रदेश्य अध्यक्ष संजय रविराज, वरीय महासचिव मदुसुदन कुमार, प्रदेश से संगठन सचिव नागमणि रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष राम कुमार रवि, प्रदेश महासचिव आकाश मुखी, प्रदेश सचिव नईम खान, प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता प्रभारी विकास कुमार यादव, प्रदेश प्रवक्ता प्रभुनाथ बौद्ध, प्रदेश सचिव अयाजुद्दीन और प्रदेश सचिव प्रोफेसर शकील अहमद और कई जिलों के जिला अध्यक्ष सह ज़िला के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला कर ली समाप्त



**पेटरवार –** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़वा टाँड़ स्थित आंख अस्पताल के समीप कलश कुमार, ने अपने घर के भेंटीलेटर से गमछा के सहारे फाँसी फंदा लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली । मृतक की बहन ने बताया की घर पर कोई नहीं है सभी लोग शादी समारोह में स्वांग गए हुए हैं । बहन ने बताया की मृतक घटना से पूर्व अपनी भगनी को कुरकुरे, माजा पिला कर उसके साथ खेलने के बाद घर के कमरे में चला गया और घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। इसी बीच मैं बेटी को लेकर घूमने चली गई जब घूम कर आयी और दरवाजा को काफी देर तक ठक ठकाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला तब घर के पीछे से दीवार फांद कर अंदर गई तो घटना कि जानकारी हुई। जिसकी जानकारी पेटरवार पुलिस को दी गई। पेटरवार पुलिस को जानकारी मिलते ही दल बल के साथ पहुंची एवं शव को भेंटिलेटर से उतारा एवं शव को अपने कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि पिता संतोष गंजू का पुत्र कलश कुमार 13 वर्ष तीन भाई बहन में सबसे छोटा था। कलश कुमार मध्य विद्यालय पेटरवार का कक्षा सातवीं का छात्र था। पेटरवार पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लगता है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दोनों चचेरे भाई की हुई दर्दनाक मौत

पेटरवार –पेटरवार एन एच 23 पेटरवार - रामगढ़ पथ पर पेटरवार थाना क्षेत्र के चरगी घाटी रजरप्पा रोड के पास रविवार को दिन के करीब 10–30 बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया जिसके कारण बाइक सवार दोनों युवाकों की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गई। मृत दोनों युवक रामगढ़ जिला के गोला थाना क्षेत्र के सुतरी पंचायत के अंबा टोला गांव निवासी दोनों चचेरे भाई राहुल शर्मा (22 वर्ष) ओर सुनील ठाकुर (18 वर्ष) शामिल है। इस घटना में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक का एक - एक कल पूजा इधर उधर बिखरा पड़ा था। दोनों युवक पेटरवार से आंख की जांच कराकर वापस अपने घर लौट रहे थे कि घाटी के पास विपरित दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को बुरी तरह कुचल दिया। पुलिस ने दोनों युवकों को एक निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार ले गए जहां डॉ संजय कुमार ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी पाकर पहुंचे मृतक के परिजन अस्पताल में विलाप करने लगे जिसके कारण अस्पताल का माहौल काफी गमगीन हो गया था और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया था। दोनों के माताओं का विलाप करने के कारण बार बार बेहोश हो जा रही थी। मृतक युवक राहुल का शादी आगामी 10 जुलाई को पेटरवार के ठाकुर टोला में होना था जिसकी तैयारी भी की जा रही थी।पेटरवार पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया है।

## चिरकुंडा के पत्रकार भगवान किंकर मालविया के 85 वर्षीय माता श्यामा देवी की निधन



**एग्यारकुंड।** चिरकुंडा के पत्रकार भगवान किंकर मालविया के 85 वर्ष की माता श्यामा देवी की निधन रविवार की सुबह चार बजे हो गयी उनके छ पुत्र व नाती पोते से भरा पुरा परिवार है उनका अंतिम संस्कार बराकर नदी तट पर संध्या पांच बजे रेलवे ओवर ब्रिज स्मशान घाट पर छोटे पुत्र नटवरलाल मालविय द्वारा की गयी प्रमोद मालविय,बिनोद मालविय,मुन्ना मालविय,मनोज मालविय,भगवान किंकर मालविय,नटवरलाल मालविया आदी पुत्र सभी साथ थे। मौके पर शिक्षाविद प्रो अरुण साव,प्रो सुबिर चट्रजी सहित पत्रकार संघ निरसा चिरकुंडा अंचल के अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद,पत्रकार आशुतोष मिश्रा,प्रविण चौधरी,पिन्टु चौबे,बिटु सिंह,कृष्णा सिह,प्रिंस राय आदी पहुंच कर दुख व्यक्त करते हुए मृत श्यामा देवी को श्रद्धांजली दी तथा परिवार को सांत्वना दी।

## बोकारो जिला हज कमेटी की ओर हज जाने वाले को दिया गया ट्रेनिंग



**बोकारो–** बोकारो के सेक्टर 9 हटिया मैदान के सामने गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में बोकारो जिला हज कमिटी की ओर से हज जाने वाले को ट्रेनिंग दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से झारखंड के हज कमेटी के पूर्व सदस्य एवं चास नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष अब्दुल वाहिद खान मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौके पर अब्दुल वाहिद खान ने कहा कि आज हज कमिटी की ओर से हज जाने वालों का ट्रेनिंग दिया गया ।बोकारो से 148 हज यात्री जाएंगे ।जिसमें 84 पुरुष एवं 64 महिला है। अब्दुल वाहिद खान ने कहा कि यहां से हज यात्रा के लिए हर साल हज यात्री जाते हैं ।अब्दुल वाहिद खान ने कहा की अल्लाह से यही दुआ है की हज यात्रा कर सकुशल वापस लौटे तथा देश की तरक्की की दुआ मांगे। इस मौके पर हज ट्रेनर हाजी मुफ्ती ताहीर हुसैन, हाजी शमसुद्दीन साहव,हाजी मंजूर आलम, हाजी अब्दुल सत्तार अंसारी,हाजी इमरान हैनर,हाजी हारून रसीद,सिकन्दर अन्सारी थे। इस मौके पर मुख्य रूप से जनाव सैनुल हक ,जनाव अदुल गफ्फार मो0 आलम अन्सारी, अन्दुल राशीद खान समेत कई लोग मौजूद थे।

## गोमिया पुलिस को होटलों में तलाशी के दौरान मिली शक्तिवर्धक दवाई




**बोकारो।** गोमिया मोड़ स्थित होटल व्हाइट स्टार में पुलिस इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में तलाशी अभियान चलाया गया. होटल के कमरे एवं होटल के पिछ्वाड़े बने कमरे की तलाशी ली गई. वहीं होटल के रजिस्टर एवं सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला गया. इस दौरान होटल के पिछ्वाड़े बने कमरे में कई शक्तिवर्धक दवा बरामद किया गया है. इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र के होटलों, लॉज एवं अन्य जगहों में पुलिस द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में गोमिया मोड़ स्थित होटल व्हाइट स्टार के कमरों की तलाशी ली गई है. बताया कि होटल के पिछ्वाड़े बने कमरों की भी तलाशी ली गई और कमरा से कई शक्तिवर्धक दवाएं मिली है. दवाओं को जांच के लिए भेजा जाएगा. इस संबंध में होटल के संचालक से भी पूछताछ की गई है. गलत पाए जाने पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इधर होटल संचालक सुनील शर्मा ने बताया कि होटल में सरकारी गाइड लाइन का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है.

## प्रयास इंडिया के वार्षिक उत्सव खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन, दौड़, जलेबी दौड़ खेलों का आयोजन किया



**सिन्दरी –** बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित संस्था प्रयास इंडिया के वार्षिक उत्सव Rainbo 2 24 का आगाज रविवार को सुबह 5–30 बजे डीयूसी ग्राउंड में ' खेलो इंडिया खेलों ' के साथ हुआ, जिसका उद्घाटन डॉ घनश्याम सर ने किया। प्रतिस्पर्धा में खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन, दौड़, जलेबी दौड़ जैसे कई खेलों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डॉ घनश्याम सर ने खेल के महत्त्व के बारे में बताए,ओर ध्यानचंद का उदाहरण देते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाया और सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा की बच्चों में खेल भावना का विकास करना उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रयास इंडिया के स्वयंसेवकों,बच्चों , प्रयास इंडिया के पूर्व छात्र रवि सर , अभिषेक सर ने अपना योगदान दिया।

# निर्दोष मुख्य मंत्री को जेल मे डालने बाली सरकार को उखाड़ कर जनता तमाम सीट महा गठबंधन को सौपेगी- मथुरा प्रसाद

**महुदा–** बाघमारा विधान सभा महुदा – गिरिडीह लोकसभा चुनाव से महागठबंधन के प्रत्यासी मथूरा प्रसाद महतो के समर्थन मे बाघमारा विधान सभा क्षेत्र के तमाम घटक दल के कार्यकर्ताओं की एक विराट् बैठक रवि महतो स्मारक- बी एड कॉलेज महुदा मे संपन्न हुई! बैठक के दौरान तमाम दल के पंचायत एवं प्रखंड से लेकर जिला तक के सैकड़ो अधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए! पुर्व मंत्री जलेश्वर महतो की अगुवाई मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मथूरा प्रसाद महतो केन्द्र की भाजपा सरकार एवं प्रत्यासी सी पी चौधरी पर हमलावर हुए! उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एक तानाशाह शासक के रूप मे है जिन्होंने पुरे देश मे आपातकाल जैसी स्थिती उत्पन्न कर बेकुसूर विपक्षों जैसे सी एम हेमंत सोरेन एवं केजरीवाल समेत अन्य को जेल मे डालने का काम किया है! श्री महतो ने कहा कि राज्य



मे भाजपा जे वी एम की गोद मे बैठकर जनता से झूठ-फरेब कर उन्हे बरगला रही है जिसे महगठबंधन इस बार विफल कर तमाम चौदहो सीटो पर कब्जा करेगी! श्री महतो ने इस दौरान मंत्री जलेश्वर महतो को चुनावी नेतृत्व का कमान सौंपते आगामी रणनीति तैयार करने का ऐलान किया! संबोधन के दौरान आगामी 6मई को नमांकण करने की बात कही जिस दौरान राज्य के मुख्य मंत्री तेजस्वी यादव एवं कल्पणा सोरेन के सम्मिलित होने का संभावना जताया है! प्रमुख वक्ता- लखी सोरेन अजमूल अंसारी प्रो टी पी पांडेय समद अंसारी अशोक महतो रंजीत महतो राम-रहीम गजाधर महतो राजेन्द्र प्रसाद राजा तारापद धीवर मन्नू आलम सुखदेव विद्रोही हलधर महतो दयाल महतो निर्मल रवानी हातिम अंसारी आजाद मुखिया रविंद्र पांडेय सहित अन्य शामिल थे! कार्यक्रम के दौरान महा गठबंधन के प्रवल कार्यकर्ताओ मे से सुमित कुमार महतो प्रदीप पांडेय छोटेलाल महतो चक्रधारी महतो शिवाकर महतो अनूज कुमार महतो दिनेश महतो राहूल महतो दीनानाथ केवट मानिक पाठक समेत सैकड़ो शामिल थे! कार्यक्रम की संचालन पूर्व मंत्री जलेश्वर ने की! कार्यक्रम के इस दौरान निर्वाचन आयोग के अधिकारी पुरी मुस्तैदी के साथ निगरानी करते देखे गये!

# पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मराण्डी नही पहुँचे कार्यक्रम में कार्यक्रम हुआ स्थगित



**मेदिनीनगर** पाटन प्रखण्ड के किशुनपुर गाँव में भाजपा पार्टी की जनसभा कार्यक्रम हुआ आयोजित । पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मराण्डी नही पहुँचे कार्यक्रम में उनका होने वाला कार्यक्रम हुआ स्थगित। जनसभा के दौरान भाजपा के प्रत्याशी विष्णुदयाल राम , छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार,पूर्व सांसद घूरन राम,जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता हुए शामिल ।

# पलामू एसपी ने मतदाताओं को किया मतदान के प्रति जागरूक

**मेदिनीनगर** पलामू के पुलिस कप्तान रिष्मा रमेशन नौडीहा बाजार और छतरपुर थाना क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों से वोट देने की अपील की है। उन्होंने ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव को लेकर जागरूक की। रक्षा अधीक्षक ने कहा कि सभी से 13 मई को वोट देने की अपील करती हुं । एसपी ने खास कर महिलाओं से मुलाकात कर उन्हें वोट देने को लेकर प्रोत्साहित किया। छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, छतरपुर थाना प्रभारी समेत कई अधिकारी भी रहे मौजूद।

# मारवाड़ी युवा मंच ने किया चार पनशाला का शुभारंभ

**मेदिनीनगर** मारवाड़ी युवा मंच के सचिव सज्जन शंघाई उर्फ टिंकू ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच का यह राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा है जिसके तहत हम अस्थाई और स्थाई पनशाला चलाते हैं, डालटनगंज शहर में हमारे दो स्थाई पंशाला अमृतधारा एक शहर थाना और एक अग्रसेन भवन के पास चालू है जिसमें शीतल पेय जल की व्यवस्था है तथा एक और रेलवे स्टेशन पर हमारी मशीन लगी हुई है जिसमें अभी मरम्मत की आवश्यकता है इसके अलावा हम अस्थाई पनशाला संचालित करने की ओर अग्रसर हैं जो 2 महीने के लिए संचालित होगा।

# भाजपा के कोई भी नेता झामुमो में नहीं हुए हैं शामिलः सोमेश सिंह

**मेदिनीनगर** भाजपा सोशल मीडिया के संयोजक सोमेश सिंह ने बयान जारी कर कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सुनील कुमार एवं लव कुश कुमार के नेतृत्व में कई भाजपा नेताओं की झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने की बात कही है। जो की बिल्कुल गलत है सुनील कुमार एवं लवकुश कुमार भाजपा के सदस्य नहीं हैं। मैं इस बात का पूरी तरह से खंडन करता हूं कि सुनील कुमार एवं लवकुश कुमार का भारतीय जनता पार्टी से किसी तरह का कोई संबंध नहीं है झारखंड मुक्ति मोर्चा को सदस्य नहीं मिल रहे हैं तो किसी भी लोग को पड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल करवा रहे हैं और बयान जारी कर रहे हैं कि यह बीजेपी छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में आए हैं नरेंद्र मोदी जी के प्रति लोगों का विश्वास और भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता देखकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता लोग घबरा गए है और हताश एवं निराश होकर इस तरह का अनर्गल कार्य कर रहा है।

# नाली विवाद को लेकर मारपीट थाना में दिया आवेदन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के जिलंगा ग्राम में नाली विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई । जिसको लेकर मो.अजहर अंसारी पिता अख्तर अंसारी ग्राम जिलंगा,मरंगलोईया थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि गांव के रहने वालों के साथ नाली विवाद को बहस हुआ था ।जिसके बाद उनलोग घर मे चाकू लेकर घुस गए और मेरी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए जान लेने का कोशिश किया ।जिसमें मो0 जफरुद्दीन अंसारी,मो0तसद्दुल अंसारी पिता मो0 रफीक अंसारी,मो.तस्लीम अंसारी पिता मो.आशिक,मो रफीक अंसारी,मो.आशिक मियां पिता स्व. कलीम एवं वहीं रफीक अंसारी की बीवी नजमा खातून एवं बहू शबाना परवीन ने मारपीट किया ।अजहर ने दिए आवेदन में कहा है मि मारपीट के दौरान वे लोग इतने उतारू हो गए थे कि वे लोग मेरे परिवार की हत्या कर देना चाहते थे ।मौके पर बीच बचाव करते हुए मो.इस्माइल मियां,मो.इम्तियाज मियां मो. सरफुद्दीन मियां और सरफराज अंसारी मामले को शांत कराया।

# दहेज प्रथा और बाल विवाह बहिष्कार के लिए जागरुकता अभियान सह सामान समारोह का आयोजन

**हरिहरगंज** हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी के बैनर तले दहेज प्रथा व बाल विवाह बहिष्कार के लिए जागरूकता अभियान सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के सचिव विकास कुमार माली व संचालन डॉ नरेंद्र कुमार प्रियदर्शी ने की। मौके पर सोसाइटी के सचिव विकास ने उपस्थित लोगों से कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा,भ्रूण हत्या पर रोक लगाना व सामूहिक विवाह का प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा संस्था महिला सशक्तिकरण को लेकर दृढ़ संकलिप्त हैं। वही कार्यक्रम में मौजूद भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि समाज में जो बेटियों को बोझ समझते हैं वे अपनी बेटियों को बोझ नहीं समझें।शिविर में मुख्य अतिथियों के द्वारा दर्जनाधिक किशोरियों व महिलाओं तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं को उपहार देकर समानित किया गया। मौके पर समाजसेवी राजीव रंजन, पूर्व जिला परिषद आशा कुमारी, अरविंद पासवान, डॉ. संजय कुमार सर्वेयर कृष्ण कुमार, संस्था के जिला महासचिव नगीना बौद्ध, कोषाध्यक्ष अंजू कुमारी, मुखिया संघ अध्यक्ष संदीप यादव, आकाश भारती, टिंकू तिवारी, अभिषेक सजन, फंटूश गुप्ता, मुरारी यादव, पवन यादव, रंजीत कुमार, संजय जायसवाल, संतोष गुप्ता, विनोद पासवान, राजकुमार रविदास टंटू मिश्रा, ज्योति कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पर्यावरण धर्म के प्रभाव से ही धुलेगा अर्थ के लिए प्रकृति पर हो रहे अनर्थ का पाप : कौशल

**मेदिनीनगर** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट कामेश्वरपुर थाना अंतर्गत शुक्रवार को तिब्बत वासियों के गांव स्थित भगवान बुद्ध के विशाल मंदिर में आयोजित नवाह पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधा दान कर किया। उन्होंने उक्त मौके पर बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना व उसके आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दान किया। मौके पर पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तेजी से लोग अनाधिकृत रूप से आर्थिक लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का शोषण व दोहन कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि पृथ्वी का तापमान बेतहासा



बढ़ता चला जा रहा है। फलतः ग्लेशियर पिघल रहे हैं व समुद्र से वाष्प बनकर आसमान में जा रहा है। जिसके कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी जलवायु परिवर्तन के कारण ही 15 दिनों के अंदर गर्मी के मौसम होने के बाद भी चीन, दुबई, ओमान, व इंग्लैंड में हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई गांव व शहर जलमग्न हो गए हैं।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि यदि जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो दुनिया के तमाम उम्र के लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करना होगा । कौशल ने कहा कि जबतक वन्य एवं उसके अलावे रैयति भूमि पर 33त्न सघन वन तैयार ना हो जाय तबतक जलवायु परिवर्तन कोई रोक नहीं सकेगा। इसके सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं है । पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा है कि 34 वर्षों के बाद उस क्षेत्र के लोग उन्हें बुलाया है। उन्होंने पर्यावरण धर्म के तहत आम का पौधा देकर कार्यक्रम में शामिल लोगों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुत्र साथ छोड़ सकता है परंतु पेड़ नहीं।

उक्त मौके पर तिब्बत से आए बौद्ध भिक्षु धर्मगुरु दोरजें तेनज़िंग और सीतापुर गुतुरमा निवासी क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी भोला प्रसाद गुप्ता ने अपने संबोधन में पर्यावरण के क्षेत्र में एक लंबे अरसे से पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों की काफी सराहना की। कार्यक्रम में दोजेंतेनजिम,पेमादोरजें ,तशीवागंडू ,करसाडावममो, ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी,दिनेश प्रसाद गुप्ता, रुपेश प्रसाद, मुकेश प्रसाद, दोवेश प्रसाद राकेश प्रसाद यादव के साथ कई प्रमुख लोग व बौद्ध भिक्षु शामिल थे।

# समय को व्यर्थ गंवाने के बजाय सेवा में समर्पित करे जीवन -सुरेंद्र सिंह

**मेदिनीनगर** विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला इकाई की बैठक बैरिया स्थित बनारसी प्रसाद यादव के आवास पर हुआ।मुख्य अतिथि संस्थान के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एवं अन्य सेवा प्रभारियों ने सदगुरुदेव के तस्वीर पर माल्यार्पण किया।बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक गिरजा प्रसाद सिंह ने की।बैठक में ब्रह्मविद्या के प्रचार प्रसार की स्थिति,पत्रिका सदस्यता अभियान सहित आश्रम से जुड़े अन्य सेवा कार्यों की समीक्षा किया गया।इस दौरान सेवा प्रभारियों को ससमय सेवा कार्यों का निष्पादन करने एवं नियमित रूप से सत्संग गोष्ठी संचालित करने के लिए प्रेरित किया गया।मुख्य अतिथि श्री सिंह ने सदगुरु सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला और भक्तजनों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की



असीम कृपा से दुर्लभ मानव जीवन मिला है।जीवन समय को व्यर्थ गंवाने के बजाय समरथ सदगुरु की शरण में रहकर पुरुषार्थ करना चाहिए। विहंगम योग की साधना एवं सदगुरु की कृपा से ही जीवन का कल्याण होगा।सदगुरु शरणागत होकर नियमित सेवा,साधना एवं सत्संग करना चाहिए। मौके पर जिला सह संयोजक बनारसी प्रसाद यादव, रामपति राम, ओमकार नाथ पाठक, सुरेंद सिंह,रामगोविंद यादव, अमलेश सिंह, कुबेर गुप्ता, चंदन सिंह, अजय यादव,महेंद्र यादव, दशरथ पासवान, सौगंध मेहता, अमरेंद्र, मनोज,संजय,शंभू कुमार सहित सेवा प्रभारी, प्रचारक, उपदेष्टा मौजूद थे।

# पलामू भाजयुमो ने युवा चौपाल का किया आयोजन

**मेदिनीनगर पलामू** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के द्वारा कोयल रिवर फ्रंट, मरीन ड्राइव पर युवा चौपाल का आयोजन किया गया। युवा चौपाल में विषय प्रवेश कराते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय भारत दुनिया का युवा राष्ट्र है।आज देश भर में हो रहे आम चुनाव में युवाओं को बढ़ चढ़ कर भाग लेते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदान राष्ट्रहित में करने की जरुरत है।

युवा चौपाल में मुख्य अतिथि झारखंड बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी ने कहा कि आज देश हर क्षेत्र में प्रगति करते हुए नई ऊंचाइयों को छू रहा है।आज के भारत में युवाओं के अंदर नए-नए प्रयोग करने का आत्मविश्वास बढ़ा है।भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार युवाओं को प्रोत्साहित भी कर रही है।केंद्र की मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं के साथ ही भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचेंगे।नरेंद्र मोदी ने सबका साथ ङ्क सबका विकास ङ्क सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम किया।जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना , धारा 370 खत्म करना,500 वर्ष की प्रतीक्षा को खत्म कर राम मंदिर निर्माण ,कोराना काल में पालक की तरह देश की जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करना जैसी तमाम योजनाएं मूलतः प्रमुख है।विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 से ज़्यादा सीट प्राप्त करेगी और पलामू लोकसभा में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी।आज मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल पर ला दिया है वो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क में रहते हुए और जिन-जिन को सरकारी योजनाओं व पारदर्शी नीतियों का लाभ मिला है, उनको पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाएं और अन्य योजनाओं की जानकारी देकर उनको और भी लाभान्वित करने का प्रयास करें। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अधिक से अधिक युवाओं से संपर्क कर मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देने का कार्य करें।

# शिक्षक ने छात्र की जमकर किया पिटाई,चोटिल



**बालूमाथ ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय के छठी क्लास के छात्र दीपक कुमार पिता साहेब राम की एक शिक्षक ने बेहरमी पिटाई कर दिया ।जिससे उसके शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आई है।छात्र दीपक कुमार ने बताया की शनिवार को स्कूल के शिक्षक जयश्याम गंझु ने बेरहमी से यह कहकर पिटाई कर दिया कि तुम क्लास में गाली-गलौज करते हो ।और लगभग 20 मिनट तक बांस के डंडे से मेरे साथ मारपीट किया ।जिससे पीठ, गर्दन,हांथ समेत शरीर में कई जगह चोट आई है ।घटना के बाद परिजनों द्वारा छात्र को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां सीएचओ डॉक्टर दीपक कुमार सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया । वही इस संबंध में शिक्षक जयश्याम गंझु का उनका पक्ष जानने के लिए उन्हें फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया ।वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य सरयू प्रसाद का मोबाइल स्विच ऑफ मिला ।

## मोटरसाइकिल से गिरकर महिला घायल

**बालूमाथ ।** बालूभांग-हेरहंज मुख्य पथ पर रविवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चिंता देवी 50 वर्ष प्रति प्रेम यादव ग्राम चाया थाना हेरहंज निवासी बालूभांग ग्राम से अपने जीजा नंदलाल यादव के साथ शादी समारोह से अपने घर वापस मोटरसाइकिल से लौट रही थी ।इसी दौरान चाया ग्राम के पास एक तीखे मोड़ में बाइक अनियंत्रित होने के कारण वह मोटरसाइकिल से गिर गई ।और गंभीर रूप से घायल हो गई ।घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल अवस्था में महिला को बालूमाथ बसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।

# स्वीप कार्यक्रमों को लेकर नोडल पदाधिकारी ने की वर्चुअल बैठक

**कार्यक्रमों की रूप रेखा पर विभिन्न पदाधिकारी संग की चर्चा**

**मेदिनीनगर** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान करवाने को लेकर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने रविवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से जिला कृषि पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बैठक कर आने वाले दिनों में स्वीप कार्यक्रम की रूप रेखा पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में स्वीप के नोडल पदाधिकारी श्री हुसैन ने सभी पदाधिकारीयों को उनके अधीनस्थ कार्यरत मैनपॉवर को एक्टिव करते हुए अधिकाधिक लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने पर बल दिया।उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम शांति मार्डी से कहा कि जेएसएलपीएस के लोग प्रखंड से लेकर पंचायत तक हैं इसके अलावे जिले में पंद्रह हजार से अधिक एसएचजी महिलाओं का संगठन सक्रिय है उन सभी का बेहतर उपयोग करते हुए उन्हें गांव-गांव जाकर लोगों से कनेक्टिविटी बढ़ाने व सभी से अपने स्तर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम करवाने की बात कही।उन्होंने जेएसएलपीएस के सभी विंग को मतदाता जागरूकता में लगाने हुए आकर्षक कार्यक्रम के जरिए लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने की बात कही।इसी तरह उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को कृषक मित्रों,एटीएम,बीटीएम,भीएलडब्लू के माध्यम से भी अलग-अलग स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रम या अन्य माध्यम से या सीधे कृषकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें 13 और 20 मई को बूथ पर आने के लिए प्रेरित करने की बात कही।इसी तरह समाज कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू को सीडीपीओ,एलएस,व आंगनबाड़ी सेविकाओं के जरिये अधिकाधिक महिलाओं तक पहुंचने व जितने भी समाज कल्याण विभाग के तहत लाभार्थी हैं उन सभी से मतदान करने को लेकर जागरूक करने की बात कही।इसी तरह श्रम अधीक्षक इतवारी महतो को प्रवासी श्रमिकों व अन्य श्रमिकों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए उन सभी से 13 वे 20 मई को बूथ कर आने व मतदान करने हेतु प्रेरित करने पर बल दिया।

# इंडिया गठबंधन के चुनाव समिति के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की

**सतबरवा-** पलामू दोनों लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को बबलू होटल सतबरवा में हुई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि इंडिया गठबंधन के झारखंड प्रदेश संयोजक गौतम सागर राणा उपस्थित थे।

इंडिया गठबंधन के चुनाव संचालन समिति के प्रदेश संयोजक गौतम सागर राणा ने जीत का टीप्स देते हुए कहा कि आज देश के हालात अच्छे नहीं है। दस साल के मोदी शासन काल में बेरोजगारी बढी, महंगाई बढी,रोजी रोटी के साधन छिन लिए गए। आज यह चुनाव देश भक्त व अंध भक्त तथा गांधी व गोडसे के विचार धारा के बीच है। मोदी ने प्रधानमंत्री की गरिमा गिरा दी है, मोदी एक निम्न स्तरीय भाषा का इस्तेमाल अपने भाषणों में कर रहे हैं। पूरे भारत में भाजपा द्वारा गलत बयानी कर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है, इससे सावधान रहें।

इन्होंने कहा कि आज मोदी के कारण 70 प्रतिशत आबादी का पैसा मात्र 25 लोगों के पास जमा हो गया है। यह सरकार पुंजीपतियों की है। भाजपा चार सौ पार का नारा दे रही है,वह भारतवासियों के लिए एक चेतावनी है,चार सौ का मतलब संविधान में संशोधन,आरक्षण समाप्त करने का छुपा एजेंडा है। राणा ने कहा कि आप सभी इंडिया गठबंधन के सिपाही हैं पूरे तन मन धन से इंडिया गठबंधन के चतरा से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी व पलामू से राजद प्रत्याशी ममता भुईयां को भारी बहुमत से जीताएं और अपने संविधान की रक्षा करें। इस मौके पर राजद युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हाजी संजर नवाज,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव,राजद प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद हदीस अंसारी, झामुमो प्रखंड सचिव श्रीनिवास चौधरी, दयानंद चौधरी, मनोज भुईयां ,उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, मुखिया संघ के सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम अनवर खान,जमील खान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# झामुमो की लोकप्रियता पलामू में लगातार बढ़ ही रही है : राजेन्द्र सिन्हा

**मेदिनीनगर** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज होते ही दर्जनों भाजपा के नेता झामुमो में शामिल हुए। झामुमो पलामू के कार्यालय में हुए मिलन समारोह में झामुमो अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में सुनील कुमार और लव कुश कुमार के नेतृत्व में सबों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम का संचालन झामुमो सचिव सन्नू सिद्दिकी ने किया। झामुमो की लोकप्रियता पलामू में लगातार बढ़ ही रही है साथ ही इससे इंडिया गठबंधन को भी इस चुनाव में मजबूती मिलेगी। साथ ही ये भाजपा के प्रत्याशी के लिए सुखद संकेत नहीं है। झामुमो अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा ÷सुनील कुमार एवं लव कुश कुमार जी और उनके साथ आए सभी नेताओं का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत है। आज भाजपा से सभी वर्ग निराश और हताश है, भाजपा की नकारात्मक राजनीति से आम आवाम परेशान है। भाजपा के राज में महंगाई आसमान में पहुंच चुकी है, दवाई, पढ़ाई से ले कर राशन




तक सबके बढ़ते दाम से आम जनता त्रस्त है। आज हम सब लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, पलामू में भी भाजपा के सांसद दस सालों से सत्ता में हैं। उन्होंने वादा कर चुनाव तो जीत लिया था, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। एक भी विकास का ऐसा कार्य नहीं किया है जिसे वो जनता के बीच बता पाएं। मंडल डैम एवं राजहरा कोलियरी का शिलान्यास भी हो गया लेकिन आज तक एक ईंट भी नहीं जुड़ पाया और न कोलियरी खोला गया ।पलामू में इंडिया गठबंधन की राजद प्रत्याशी श्रीमती ममता भुइयां जी चुनाव लड़ रही है, और इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चुनाव जीत रहा है।÷ झामुमो में शामिल होने पर सुनील कुमार और लव कुश कुमार ने खुशी जताते हुए कहा ÷झारखंड के माटी की पार्टी झामुमो में शामिल होने पर हमें काफी खुशी मिली है, भाजपा में हम सब ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। भाजपा के सांसद विधायक दस साल से सत्ता में हैं लेकिन जनता का कार्य करने में विफल हैं। झारखंड की सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। भाजपा ने झारखंड के नायक श्री हेमंत सोरेन जी के खिलाफ जिस तरह से षड्यंत्र रच कर उन्हें जेल भेजा उससे हम सबों में बहुत निराशा हुई है।÷ साथ में राजकुमार, सोहन कुमार, अरुण कुमार, अभिषेक कुमार, रामप्रवेश,छोटू सुनील कुमार, संजय राम, शुभम कुमार। राहुल कुमार, बलराम राम, सन्नी कुमार ,कुमार शुभम ,सुधाकर राज भी झामुमो में शामिल हुए।




इटली में कोनेजिलियानो टीम के सदस्य सीरीज 1 महिला वालीबाल लीग में जीत के बाद ट्रॉफी के साथ नजर आये।

# टी20 विश्वकप में रोहित, विराट के पास रहेगा नये रिकार्ड बनाने का अवसर

**मुम्बई ।**

टी20 विश्वकप में कई रिकार्ड अब भी कायम हैं। ऐसे में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के पास इनको तोड़ने का अच्छा अवसर है। टी20 विश्व कप जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। ऐसे में विराट कोहली और रोहित शर्मा पर सभी की नजरें होंगी। टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है। कोहली ने 27 मैचों में सबसे ज्यादा 1141 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने 1016 दूसरे वहीं क्रिस गेल 965 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं। इसमें रोहित ओर विराट के बीच मुकाबला है। रोहित ने 39 मैचों में 963 रन बनाए हैं। वह इस प्रकार सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे नंबर पर हैं। टी20 वर्ल्ड कप में अभी तक 10 बल्लेबाजों ने शतक लगाये हैं। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम 2 शतक हैं। आगामी विश्व कप में कौन खिलाड़ी शतक जड़ता है या गेल को रिकॉर्ड कौन तोड़ता है, इसपर सबकी नजरें रहेंगी। विराट कोहली के नाम टी20 विश्व कप में सर्वाधिक बार 50 रन से ज्यादा का रिकॉर्ड है। कोहली ने 14 सबसे अधिक 14 अर्धशतक लगोय हैं जबकि रोहित शर्मा 9 अर्धशतक के साथ इस सूची में दूसरे नंबर पर हैं। गेल 7 अर्धशतक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। विराट टी20 विश्व कप के एक सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने बांग्लादेश में आयोजित 2013-14 टी20 विश्व कप में 6 मैचों में 319 रन बनाए जो किसी एक सत्र का सर्वाधिक स्कोर है. तिलकरत्ने दिलशान 317 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दिलशान ने 2009 टी20 विश्व कप में 7 मैचों में ये आंकड़ा हासिल किया था। बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में टॉप पर हैं। शाकिब ने 36 मैचों में 47 विकेट अपने नाम किए हैं। शाहिद अफरीदी 39 विकेट और लसिथ मलिंगा 38 विकेट के साथ दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। भारत के आर अश्विन 24 मैचों में 32 विकेट लेकर सातवें नंबर पर हैं। टी20 विश्व कप में सर्वाधिक छक्के जड़ने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है। गेल ने 33 मैचों में 63 छक्के लगाये हैं जबकि 39 मैचों में 35 छक्कों के साथ रोहित दूसरे जबकि 27 मैचों में 33 छक्कों के साथ जोस बटलर तीसरे नंबर पर कायम हैं।



# आईपीएल में आज होगा दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर में मुकाबला




**कोलकाता ।**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम यहां सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगी। दोनो ही टीमों के बीच ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। केकेआर की टीम का प्रदर्शन इस आईपीएल सत्र में शानदार रहा है और वह 8 मैच में से 5 मैच जीतकर 10 अंकों के साथ ही तालिका में दूसरे नंबर पर है। वहीं दिल्ली की टीम ने शुरुआती हार के बाद 10 में से अपने पांच मैच जीतकर 10 अंक हासिल किये हैं और वह तालिका में पांचवे नंबर पर हैं। पिछले पांच में से चार मैच जीतकर दिल्ली के हौंसले बुलंद हो गये हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो ही टीम के बीच अब तक आईपीएल में कुल 33 आईपीएल मुकाबले खेले गए हैं जिसमें से दिल्ली ने 15 और कोलकाता ने 17 मुकाबले जीते हैं। वहीं एक मैच का परिणाम नहीं निकला। इससे साफ है कि दोनों टीमों तकरीबन बराबरी पर हैं। केकेआर ने इस सत्र में एक मैच में दिल्ली का 106 रनों से हराया था। ऐसे में दिल्ली का लक्ष्य इस मैच को जीतकर हिसाब बराबर करना रहेगा। दिल्ली के लिए सकारात्मक बात ये है कि उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अब लय में आ गये हैं। उसके कप्तान ऋषभ पंत अपने पुराने अंदाज में खेल रहे हैं जबकि युवा जेक फ्रेसर-मैकगुर्क जबरदस्त फार्म में हैं। फ्रेसर ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ तेजी से अर्धशतक लगाकर मैच में अंतर पैदा किया। वहीं केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर के लय में नहीं होने से टीम की परेशानी बढ़ गयी है। केकेआर के पास सुनील नरेन और अंगकृष रघुवंशी जैसे सलामी बल्लेबाज हैं जिनपर दिल्ली को अंकुश लगाना होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में बल्लेबाजों को सहायता मिलती है पर स्पिनर को खेलना यहां आसान नहीं होता। ऐसे में केकेकार के बल्लेबाजों को दिल्ली के स्पिनर कुलदीप यादव से सतर्क रहना होगा। वहीं दिल्ली के बल्लेबाजों को केकेआर के स्पिनर सुनील नरेन से सावधान रहना होगा। आईपीएल के इतिहास में अब तक कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कुल 91 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 37 तो दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 54 मुकाबले जीते हैं। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 167 रन है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में इस बार जमकर रन बने हैं। यहां इस सत्र में हर मैच में 200 से ज्यादा रन बने हैं और लक्ष्य हासिल भी हो रहा है। यहां पिछले मैच में पंजाब ने 262 रन का लक्ष्य हासिल कर केकेआर को हराया था। ऐसे में इस मैच में भी बड़े स्कोर देखने को मिलेंगे।

## गेंद और बल्ले में संतुलन लाने की जरुरत : गांगुली



**मुम्बई ।**

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी गेंदबाजों की कमजोर हालत पर चिन्ता जतायी है। गांगुली कहा है कि इस आईपीएल सत्र में जिस प्रकार का खेल देखने को मिला है। उससे साफ पता चलता है कि बल्लेबाज हावी हैं और उन्हें रोकना गेंदबाजों के लिए असंभव होता जा रहा है। गांगुली ने कहा कि इसका कारण सपाट पिच होने के साथ ही 'इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाज का नियम भी है। इसलिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को कोई ऐसा कोई तरीका खोजना होगा जिससे गेंद और बल्ले में संतुलन बनाया जा सके। गांगुली ने कहा कहा कि जिस प्रकार सभी टीमें आसानी से 200 रन से अधिक बना रही हैं। उससे साफ है कि गेंदबाजों का अब कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। गांगुली ने कहा कि गेंदबाजों के लिए इस प्रकार के हालात ठीक नहीं कहे जा सकते हैं। उनके खिलाफ हर जगह रन बनाए जा रहे हैं। इसलिए भविष्य में इस ओर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि खेल में रोमांच के लिए बल्ले और गेंद के बीच संतुलन रहना चाहिए। वहीं इस सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बराबरी लाने के लिए गेंदबाजों को एक से बढ़ाकर दो बाउंसर डालने की भी अनुमति दी गयी थी पर इसका भी कोई लाभ होता नजर नहीं आ रहा। वहीं कई दिग्गजों का मानना है कि 'इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम से ये असंतुलन आया है।

## खराब शुरुआत और करीब 20 रन कम बनाने के कारण हारे : राहुल

**लखनऊ।**


लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने कहा है कि खराब शुरुआत व करीब 20 रन कम बनाने के कारण उनकी टीम इस मैच में हारी। लखनऊ को राजस्थान ने इस मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। राहुल ने कहा कि उनकी टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए करीब 20 से 25 रन कम बनाए जिससे अंतर आया।

लखनऊ ने राहुल के 76 रनों की सहायता से पांच विकेट पर 196 रन बनाए और राजस्थान को जीत के लिए 197 रनों का लक्ष्य दिया जो राजस्थान ने 19 ओवरों में ही हासिल कर लिया। इस मैच में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने 33 गेंद में 71 रन बनाये। सैमसन की ध्रुव जुरेल के साथ 121 रन की साझेदारी हुई। जुरेल ने भी नाबाद 52 रन बनाये। इस मैच में राहुल ने तेजी से खेलते हुए 48 गेंदों में 76 रन बनाये थे। राहुल ने कहा कि कमें करीब 20 रन और बनाने चाहिये थे पर खराब शुरुआत के कारण ऐसा हो नहीं पाया।

लखनऊ ने इस मैच में 11 रनों पर ही दो विकेट खो दिये थे। इसके बाद राहुल ने तीसरे विकेट के लिए दीपक हुड्डा 50 के साथ मिलकर 115 रन बनाये पर टीम अंतिम ओवरों में तेजी से रन नहीं बना पायी। वहीं रवि बिश्नोई को देर से गेंदबाजी दिये जाने को लेकर राहुल ने कहा कि हमने सोचा था कि बिश्नोई का उपयोग अंतिम ओवर में करेंगे पर विरोध टीम ने अपने आक्रामक खेल से हमपर दबाद बना दिया। इसी लिए उसे गेंदबाज देने में देर करनी पड़ी। हम रोवमैन पोवेल और शिमरोन हेटमायर के खिलाफ उनका इस्तेमाल करना चाहते थे।

इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम पहले की तरह ही अंक तालिका में पहले स्थान पर बनी हुई है उसने 9 में से 8 मुकाबले जीते हैं जिससे उसके 16 अंक हैं, इस प्रकार उसकी प्लेऑफ के लिए दावेदारी पक्की है।

## जहीर ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी पसंदीदा टीम में ऋषभ, यश दयाल को शामिल किया



**मुम्बई ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी पसंदीदी टीम बनायी है। जहीर ने अपनी इस टीम में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को एकमात्र विकेटकीपर के रुप में शामिल किया है। वहीं उनकी इस टीम में युवा तेज गेंदबाज यश दयाल को भी शामिल किया गया है। यश दयाल घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश जबकि आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेलते हैं। जहीर ने कहा, 'यश दयाल का स्थान 'अस्थायी होगा क्योंकि मोहम्मद शमी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने कहा, 'यश एक ऐसा गेंदबाज है कि जिसे आप कभी भी किसी भी गेंदबाज के विकल्प के तौर पर जिम्मेदारी दे सकते है। जहीर ने अपनी इस टीम में संजू सैमसन, केएल राहुल और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह नहीं दी है जिससे सभी हैरान हैं। जहीर ने कहा, 'ऋषभ मेरे एकमात्र विकेटकीपर हैं। मैंने चार तेज गेंदबाज लाने को प्राथमिकता दी है।

आप दूसरे विकेटकीपर के लिए एक तेज गेंदबाज को कम नहीं कर सकते। आपके पास केएल राहुल, संजू सैमसन जैसे विकल्प हैं और कई लोग अनुभवी दिनेश कार्तिक को देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'कार्तिक की बात करें तो इस समय हम महेंद्र सिंह धोनी के स्ट्राइक रेट के कारण उन पर भी विचार कर सकते हैं। अगर आप एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए एक टीम बना रहे हैं तो ही 'रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर आपका विकेटकीपर हो सकता है। जहीर ने अपनी टीम में 16 खिलाड़ियों को जगह दी है। उन्होंने कहा कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के बीच केवल एक खिलाड़ी को रोहित शर्मा के सलामी जोड़ीदार के तौर पर चुना जायेगा। उन्होंने कहा, 'चयनकर्ताओं के लिए ये काफी कठिन फैसला होगा। मुझे लगता है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से केवल एक ही जगह बना पाएगा।


**टी20 विश्व कप के लिए जहीर खान की पसंदीदा भारतीय टीम इस प्रकार है:**

**बल्लेबाज:** रोहित शर्मा, शुभमन गिल या यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह

**ऑलराउंडर** : शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जड़ेजा , विकेटकीपर : ऋषभ पंत, गेंदबाज : जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, यश दयाल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल।

## सहायक कोच आमरे ने फ्रेंसर की जमकर प्रशंसा की

### डेब्यू के बाद से ही शानदार प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शनकर रहे ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगर्क की जमकर प्रशंसा की है। आमरे ने कहा कि मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में जीत के दौरान फ्रेसर शानदार पारी खेली थी। साथ ही कहा कि इस बल्लेबाज ने डेब्यू के बाद से ही बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब तक तीन अर्धशतक लगाये हैं। मुम्बई के खिलाफ मैच में फ्रेसर ने केवल 15 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया था। मुम्बई के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 27 गेंदों पर ही 84 रन बना दिये। इस मैच में दिल्ली को 10 रन से जीत मिली। इससे टीम की प्लेऑफ की संभावनाएं बढ़ी हैं। दिल्ली ने इस बल्लेबाज को लुंगी एंगिडि के विकल्प के रूप में 50 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा था। वह टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। इस खिलाड़ी ने टीम में शामिल उन खिलाड़ियों से भी बेहतर प्रदर्शन किया है जिन्हें करोड़ों की राशि देकर खरीदा गया था। आमरे ने कहा ,'जैक ने अभी तक तीन ही मैच खेले हैं पर हमें नेट्स पर ही पता चल गया था कि वह टीम के लिये अंतर पैदा कर सकता है। उसके कारण ही हमें मुम्बई के खिलाफ अच्छी शुरुआत मिली है और हम जीत पाये।' इसके अलावा उन्होंने एक ही ओवर में दो विकेट लेने वाले इंपैक्ट खिलाड़ी रसिख सलाम की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि उसके पास गेंदबाजी में अच्छी विविधता है।

---

**संक्षिप्त समाचार**

## पीसीबी ने कर्स्टन को सीमित ओवरों और गिलेस्पी को टेस्ट प्रारुप के लिए कोच बनाया

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन को सीमित ओवरों (टी20 और एकदिवसीय) प्रारुप के लिए टीम का नया कोच बनाया है जबकि जेसन गिलेस्पी को टेस्ट टीम के कोच की जिम्मेदारी दी गयी है। पीसीबी ने कहा कि उसने टीम हित का देखते हुए दोनो ही प्रारुपों में अलग-अलग कोच रखे हैं। वहीं पूर्व आल राउंडर अजहर महमूद को सभी प्रारूपों के लिए टीम का सहायक कोच बनाया गया है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, '' कर्स्टन और गिलेस्पी की नियुक्ति से खिलाड़ियों को समझाना चाहिये कि देश की क्रिकेट टीम को कितना महत्व दिया गया है। इसी कारण विदेशी कोच रखे गये हैं। '' उन्होंने कहा, ''हम टीम को सर्वश्रेष्ठ सुविधायें देना चाहते हैं, इसलिये ही हमने कर्स्टन और गिलेस्पी जेसे विश्व स्तर के कोच नियुक्त किये हैं। '' कर्स्टन 22 मई से इंग्लैंड के पाक दौरे के समय कोच पद की कमान संभालेंगे। इस सीरीज में चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जायेंगे। इसके बाद टीम जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रवाना होगी। गौरतलब है कि पीसीबी गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्वकप के बाद से ही टीम के लिए पूर्णकालिक मुख्य कोच की तलाश कर रहा था। एकदिवसीय विश्वकप में पाक टीम नॉकआउट चरण में पहुंचने में असफल रही थी। उसके बाद से ही टीम के लिए नये कोच की मांग की जा रही थी। अब पीसीबी को उम्मीद है कि कर्स्टन और गिलेस्पी के मार्गदर्शन में उनकी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी।

## इशांत और वॉर्नर फिट नहीं होने के कारण अभी बाहर ही रहेंगे : आमरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा है कि टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। इसलिए इन दोनो को ही अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं किया जाएगा। आमरे ने कहा कि इन दोनो को ही अपनी चोट से उबरने में अभी करीब एक सप्ताह का समया लगेगा। आमरे कहा, ' मेरा अंदाजा है कि वॉर्नर को पूरी तरह फिट होने में एक सप्ताह का समय और लगेगा। इशांत की पीठ में जकड़न अभी तक गयी नहीं है। इसके अलावा वॉर्नर भी अभी तक अपने हाथ में लगी चोट से नहीं उबर पाये हैं। इन दोनो का ही एमआरआई कराया गया है और रिपोर्ट में पता चला है कि इन दोनो को ही अभी दो से तीन सप्ताह तक आराम करना होगा। मुझे लगता है कि दिल्ली में सात मई को होने वाले अगले मुकाबले तक ये दोनो ही चयन के लिए उपलब्धि होंगे। वहीं पृथ्वी शॉ को लेकर उन्होंने कहा, 'जब हम मैदान में पहुंचे तो पृथ्वी कुछ असहज नजर आये। इसी कारण हमने तय किया कि यदि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं तो हम अभिषेक पोरेल के साथ उतरेंगे। दिल्ली कैपिटल्स का अगला मुकाबला अब 29 अप्रैल को कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। इसके बाद ये दोनो ही सात मई को वापस आकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में खेलेंगे।



## पंड्या ने हार पर निराशा जताते हुए कहा, हम अवसरों का लाभ नहीं उठा पाये

**नई दिल्ली ।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में मिली हार पर निराशा जतायी है। पंड्या ने माना कि इससे उनके लिए प्लेऑफ की राह कठिन हो गयी है। उन्होंने कहा कि हमें बीच के ओवरों में जोखिम लेने चाहिये थे पर ऐसा हो नहीं पाया। हमारे बल्लेबाज दिल्ली के स्पिनर अक्षर पटेल को निशाना बना सकते थे पर इसमें हमें सफलता नहीं मिली। पंड्या ने कहा कि हर मैच के साथ ही हमारी हार का अंतर कम हुआ है। शुरुआती मैचों में यह अंतर कुछ ओवरों का होता था जो अब कुछ गेंदों का होता जा रहा है। आज हमें बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करनी थी पर बाएं हाथ के खिलाड़ी अक्षर पर दबाव नहीं बना पाये। वहीं दिल्ली के बल्लेबाज फ्रेजर मैकगर्क ने स्पिनरों के खिलाफ अवसर लेते हुए पूरा लाभ उठाया। जिसका लाभ दिल्ली को मिला। इस मैच की शुरुआत में ही मैकगर्क ने 27 गेंदों पर 84 रन बनाये थी। उनके अलावा अभिषेक पोरेल ने 3 चौके और 1 छक्के के साथ 27 गेंदों पर 36 रन बनाये व शाइ होप ने 17 गेंदों पर 5 छक्कों के साथ 41 रन वहीं मुम्बई की ओर से तिलक वर्मा के 63, हार्दिक पांड्या के 46, टिम डेविड के 37 रनों के बाद भी टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पायी। इस मैच में हार से अब मुम्बई की टीम 9 में से 6 मुकाबले हार गयी है। ऐसे में अब उसे प्लेऑफ की संभावनाएं बनाने बचे हुए सभी पांच मैच जीतने होंगे।

## बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के तरीके खोजें गेंदबाज : कोच



**कोलकाता ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहायक कोच रेयान टेन डोशचेट ने कहा है कि इस आईपीएल सत्र में अब तक बल्लेबाज हावी रहे हैं। ऐसे में बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए गेंदबाजों को अब नये तरीके अपनाने होंगे। आईपीएल में इस बार जहां सनराइजर्स हैदराबाद ने तीन बार 250 से ज्यादा रन बनाये हैं। वहीं पंजाब किंग्स ने 262 रनों का सबसे बड़ लक्ष्य भी हासिल किया है। इससे साफ है कि अब गेंदबाज बल्लेबाजों को रोक नहीं पा रहे हैं। रेयान ने कहा, 'एक दशक पहले की तुलना में अब खेल पूरी तरह से बदल गया है। तब आप 160 रन बनाकर ही जीत तय मान लेते थे पर आज 250 रन भी सुरक्षित नहीं माने जा सकते हैं। अब बड़ा स्कोर बनाने के लिए आपको 13वें ओवर से पहले ही 160 रन बनाने होते हैं। साथ ही कहा कि पिछले मैच में पंजाब के 'इम्पैक्ट खिलाड़ी प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंदों में ही 54 रन जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 48 गेंद में नाबाद 108 रन बना दिये थे। इसके अलावा शशांक सिंह ने 28 गेंद में नाबाद 68 रन बनाये। इससे साफ है कि अब गेंदबाजों को आक्रामक बल्लेबाजी रणनीतियों का मुकाबला करने के लिए अपनी परंपरागत रणनीति में बदलाव करना होगा। इसके तहत गेंदबाजी में विविधता लाते हुए हर गेंद अलग तरीके की फैंकनी होगी।




## निरसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लगभग छ टन कोयला जप्त किया

**एग्यारकुंड ।** निरसा के कंचनडीह बस्ती में निरसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लगभग 6 टन कोयला जप्त किया। छापेमारी का नेतृत्व निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार दलबल के साथ कर रहे थे। छापेमारी के बाद पुलिस ने बरामद कोयला को सीआईएसएफ के सहयोग से ईसीएल के कोल डिपो में जमा करवा दिया। इस संबंध में निरसा पुलिस कोयला चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया चल रही है।

## भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**हजारीबाग** - हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा स्तरीय कार्यालय में हमारे समक्ष कांग्रेस के सैकड़ों सक्रियें कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़ बीजेपी का दामन थाम लिया है। सभी को भगवा अंगवस्त्र व माला पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया गया। इस मौके पर राजन पाण्डेय, पवन जयसवाल , लखन राम , बबलू चन्द्रवंशी , राजू गिरि , बबलू कुमार , गणेश गोप , गबर चन्द्रवंशी , लविश कुमार, आदित्य कुमार, संतोष कुमार सहित सैकड़ों के संख्या में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुवें । सभी ने एक स्वर में कहा कि हजारीबाग में कमल खिलेगा।

# बेकाबू एसयूवी कार ने टोटो को मारी जोरदार टक्कर

### चालक समेत दो की मौत, तीन घायल

**हज़ारीबाग़/इचाक** - थाना क्षेत्र के बोंगा एनएच 33 बोंगा पेट्रोल पंप के पास एक बेकाबू एसयूवी कार ने एक टोटो को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में एक युवती प्रिया कुमारी 16 वर्ष और टोटो चालक की जान चली गई है। जबकि घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक ही परिवार के दो भाई बहन शामिल है। इलाज के लिए रिम्स और सदर अस्पताल भेजा गया है। घायलों में बादरून निशा 45 वर्ष को रिम्स भेजा गया है। घटना रविवार तीन बजे की है। घटना के बाद एनएच 33 पर अफरा - तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना मिलते ही इचाक थानेदार संतोष कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर एसयूवी कार संख्या जेएच 02 बीसी 0660 पर सवार एक युवक और एक युवती को जो नशे की हालत में थे , उसे कब्जे में लिया है। पुलिस ने दोनो को कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा लिया है। साथ ही क्षतिग्रस्त टोटो और कार को जब्त कर लिया है। घायलों में गदोखर निवासी प्रिया कुमारी 18 वर्ष, राहुल कुमार सोनी कुमारी 20 वर्ष, भाई - बहन अपने नाना किशोरी साव 60 वर्ष पुराना इचाक गंभीर रूप से घायल हो गये।जबकि प्रिया कुमारी 16 वर्ष की मौत इलाज के क्रम में हो गया। राहुल प्रिया सोनी की मां की मौत पहले हो चुका है। तीनो भाई बहन अनाथ है। तीनो भाई बहन शादी समारोह में पुराना इचाक नाना






के घर आए थे।जिसे किशोरी साव गदोखर पहुंचने जा रहे थे। इधर घायलों में बदरून निशा का इलाज सदर में चल रहा है। बदरून के भतीजा साहिल ने बताया कि फूआ बीमार दादा से मिलकर अपना घर मसरतु जाने के लिए टोटो में बैठी ही थी की बेकाबू कर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना में टोटो के परखच्चे उड़ गए। कार में शराब, बीयर की बोतल, रजनीगंधा ,गुटका, पान का पुड़िया, माचिस और सिगरेट के डब्बा मिला है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में तीन युवक और एक युवती सवार थे। जो की पदमा से हजारीबाग की ओर जा रहा था। लोगो ने बताया की कार का रफ्तार इतना तेज था कि टोटो को घसीटते हुए 100 मीटर तक घसीट कर ले गया। मृत टोटो चालक की पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों की माने तो घटना के बाद दो युवक भाग गए। जबकि एक युवक जो खुद को को लॉयर और जेएमएम के केंद्रीय सदस्य बता रहा है। उसके कार में जेएमएम केंद्रीय सदस्य का बोर्ड लगा हुआ है। कार पर सवार सुमित चंद्र वंशी, राधव सिंह, घटना के बाद भाग निकले।जबकि सावन कुमार और एक युवती पुलिस कस्टडी में रखा गया है। टोटो चालक पदमा, रोमी का बताया जा रहा है। ख़बर लिखे जाने तक इचाक थाना गाड़ी को कब्ज़े में ले लिया है , आगे का मामले का छानबीन शुरू है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नामांकन को लेकर किया मॉक ड्रिल

धनबाद /लोकसभा सीट के लिए 29 अप्रैल से होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार समाहरणालय में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक एच.पी.जनार्दनन मौजूद रहें।मॉक ड्रिल के दौरान 100 मीटर की परिधि से लेकर नामांकन दाखिल तक की सभी गतिविधियों का सुचारू अभ्यास किया गया। डमी कैंडिडेट के रूप में नामांकन की प्रक्रिया भी कराई गई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रत्याशी के नाम निर्देशन पत्र हेतु एक प्रस्तावक होना चाहिए, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के लिए 10 प्रस्तावक होने चाहिए। आरओ कक्ष में केवल पांच लोग ही प्रवेश कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि सामान्य के लिए 25 हजार रुपये जमानत राशि चुनाव लड़ने के लिए सामान्य जाति के प्रत्याशियों को 25 हजार रुपये जमानत राशि तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12 हजार 500 रुपये निर्धारित की गई है। एक प्रत्याशी अधिकतम चार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे लेकिन जमानत राशि प्रथम नामांकन पत्र के साथ ही जमा करनी होगी।इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फ़ोर्स को ब्रीफ करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ड्रॉप गेट पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं धनबाद अंचलाधिकारी मजिस्ट्रेट पुलिस फ़ोर्स के साथ तैनात रहेंगे। नामांकन के दौरान उम्मीदवारों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में समर्थकों के आने पर रोक रहेगी। प्रत्याशी को लेकर कुल केवल पांच लोग ही अंदर जा सकेंगे।



आरओ कक्ष के बाहर तोपचांची अंचलाधिकारी एवं एग्यारकुण्ड बीडीओ मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहेंगे।

साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन, अस्थाई शौचालय, पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग, बैरिकेटिंग,यातायात की समुचित व्यवस्था समेत आदर्श आचार संहिता को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।वरीय पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों के साथ आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने एवं यातायात की समुचित व्यवस्था के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद जिला, आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, एनडीसी दीपक दुबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## ट्रैक्टर के धक्के से एक बृद्ध की मौत




**मांडर** - रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ में मुड़मा चौक के निकट रविवार को अहले सुबह एक ट्रैक्टर के धक्के से शौकत अंसारी 75 वर्ष की मौत हो गयी. वह मेशाल के रहने वाले थे. और मुड़मा चौक के निकट ही स्थित मस्जिद में मोअज्जिन का काम करते थे. घटना सुबह करीब सवा चार बजे की है. बताया जा रहा है कि वह चौक में सड़क किनारे स्थित मस्जिद में फज्र की नमाज के लिए अजान देने जा रहे थे. इसी क्रम में रांची की ओर जा रहे एक ट्रैक्टर ने उन्हें धक्का मार दिया. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये. बाद में घायलावस्था में उन्हें मांडर स्थित रेफ़रल अस्पताल ले जाया गया जहां से रेफर किये जाने के बाद उन्हें रिम्स ले जाया जा रहा था. लेकिन इससे पहले रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार हादसे के बाद चौक में स्थित हाइवे पेट्रोलिंग के पुलिसकर्मियों ने ट्रैक्टर को पकड़ने के लिए उसका पीछा भी किया. लेकिन ट्रैक्टर फरार होने में सफल रहा!

# युवकों की टोली के साथ ग्राहक पंचायत के सदस्यों ने गौशाला में की साफ सफाई

### माह के दूसरे और चौथे रविवार को सफाई अभियान में सहयोग देने का लिया संकल्प

**हजारीबाग** - हजारीबाग गौशाला के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ रहा है। छुट्टी के दिनों में युवा समय निकालकर सिर्फ गौशाला हीं नहीं जा रहे बल्कि सेवा का कार्य कर सहयोग भी प्रदान कर रहे है। रविवार को कुछ ऐसा हीं नजारा गौशाला में देखने को मिला, जहां आरसएस और छठ पूजा फल वितरण समिति से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता गौशाला की साफ सफाई और हरा चारा कंटिग में सहयोग करते दिखाई दिए। युवाओं की टोली सामाजिक कार्यकर्ता जागो यादव के नेतृत्व में गौशाला पहुंची थी। इस दौरान करीब दो घंटे तक युवा गौशाला में रहे। जानकारी देते हुए सेना से सेवानिवृत और आरएसएस के सदस्य देवेंद्र यादव ने बताया कि सेना और संघ दोनों स्थान पर राष्ट्र प्रथम का नारा देते हुए सेवा कार्य को धर्म माना जाता है। इसी उद्देश्य से गौ सेवा का कार्य किया जा रहा है। बताया कि आने वाले दिनों में हर माह के दूसरे तथा चौथे रविवार को युवाओं की टोली गौशाला में सफाई अभियान चलाएंगी और सेवा कार्य किया जाएंगा। मौके पर मौजूद अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत सह सचिव अरविंद राणा ने बताया कि गो सेवा से बड़ा



कोई धर्म नहीं है। गौशाला पर्यटन केंद्र और सेवा केंद्र दोनों है। यहां परिवार के साथ आकर गो सेवा की जा सकती है और गौशाला से जुड़कर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है। जैविक खाद निर्माण, जैविक खेती का गुर भी सीखा जा सकता है।

### रामगढ़ से मंगाया जा रहा हरा चारा

गौशाला के मवेशियों के लिए रामगढ़ से हरा चारा मंगाया जा रहा है। जानकारी देते हुए मैनेजर योगेंद्र मिश्रा ने बताया कि गौशाला में रामगढ़ के पेटरवार से हरा चारा मंगाया जा रहा है। गो वंशीय पशुओं को गौशाला की ओर से हर संभव बेहतर बनाने की कवायद की जा रही है। हरा चारा गर्मी के मौसम में इनके लिए अमृत समान है। बताया कि गौशाला में भी हरा चारा का उत्पादन किया जा रहा है।



JHARKHAND MILK PRODUCTS PVT. LTD.
Vill - Tirla, Palu, Ormanjhi, Ranchi, Jharkhand - 835219

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63